खण्ड-07 सत्र-02 (भाग-02) / अंक-14

बृहस्पतिवार 29 जुलाई, 2021 / 07 श्रावण, 1943 (शक)

दिल्ली विधान सभा

की

कार्यवाही

सत्यमेव जयते

सातवीं विधान सभा

दूसरा सत्र

अधिकृत विवरण

(खण्ड-07 सत्र-02 (भाग-02) में अंक 14 से अंक 15 तक सम्मिलित हैं)

दिल्ली विधान सभा सचिवालय

पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

सम्पादक वर्ग

EDITORIAL BOARD

राज कुमार

सचिव

RAJ KUMAR

Secretary

महेन्द्र गुप्ता

उप-सचिव (सम्पादन)

MAHENDRA GUPTA

Deputy Secretary (Editing)

विषय सूची

सत्र-02 (भाग-02) बृहस्पतिवार, 29 जुलाई, 2021/07 श्रावण, 1943 (शक) अंक-14

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
1.	सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची	1-2
2.	माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को शालीनता पूर्वक चलाने में सहयोग करने हेतू आह्वान	7-8
3.	निधन संबंधी उल्लेख	9-12
4.	सदन में अव्यवस्था	13-22
5.	माननीय अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था	23
6.	सदन में अव्यवस्था	24-36
7.	केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली विधान सभा की समितियों के अधिकार छीने जाने के संबध में माननीय अध्यक्ष महोदय का वक्तव्य	37
8.	तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर	38-51
9.	तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	52-150
10.	अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	151-345
11.	विशेष उल्लेख (नियम-280)	346-365

12.	सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात	366–367
13.	अल्पकालिक चर्चा (नियम–55)	368–400
14.	नियम–114 के अन्तर्गत बधाई प्रस्ताव	401–409
15.	अल्पकालिक चर्चा (नियम–55)	410–456
16.	नियम–107 के अन्तर्गत प्रस्ताव	457–477

दिल्ली विधान सभा

की

कार्यवाही

सत्र-02 (भाग-02) बृहस्पतिवार, 29 जुलाई, 2021/07 श्रावण, 1943 (शक) अंक-14

दिल्ली विधान सभा

सदन पूर्वाह्न 11.04 बजे समवेत हुआ।

निम्नलिखित सदस्य सदन में उपस्थित हुए :

1. श्री अजेश यादव
2. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
3. श्रीमती ए धनवती चंदीला ए
4. श्री अजय दत्त
5. श्री अमानतुल्ला खान
6. श्री अब्दुल रहमान
7. सुश्री भावना गौड़
8. श्री बी.एस. जून
9. श्री गिरीश सोनी
10. श्री गुलाब सिंह
11. श्री हाजी युनूस
12. श्री जय भगवान
13. श्री जरनैल सिंह
14. श्री कुलदीप कुमार
15. श्री महेंद्र गोयल
16. श्री मुकेश अहलावत
17. श्री नरेश बाल्यान
18. श्री नरेश यादव
19. श्रीमती प्रीति जितेंद्र तोमर
20. श्री प्रलाद सिंह साहनी

21. श्री प्रवीण कुमार
22. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस
23. श्री प्रकाश जारवाल
24. श्री ऋतुराज गोविंद
25. श्री रघुविंदर शौकीन
26. श्री राजेश गुप्ता
27. श्री राज कुमार आनंद
28. श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों
29. श्री राजेश ऋषि
30. श्री राघव चड्ढा
31. श्री रोहित कुमार
32. श्री शरद कुमार चौहान
33. श्री संजीव झा
34. श्री सोम दत्त
35. श्री शिव चरण गोयल
36. श्री सौरभ भारद्वाज
37. श्री सही राम
38. श्री एस. के. बग्गा
39. श्री सुरेन्द्र कुमार
40. श्री विनय मिश्रा
41. श्री वीरेन्द्र सिंह कादियान
42. श्री अभय वर्मा
43. श्री अनिल कुमार बाजपेयी
44. श्री अजय कुमार महावर
45. श्री जितेंद्र महाजन
46. श्री महेन्द्र यादव
47. श्री मदन लाल
48. श्री मोहन सिंह बिष्ट
49. श्री ओमप्रकाश शर्मा
50. श्री पवन शर्मा
51. श्री शोएब इकबाल
52. श्री सोमनाथ भारती
53. श्री विजेंद्र गुप्ता
54. श्री विशेष रवि

दिल्ली विधान सभा

की

कार्यवाही

सत्र-02 (भाग-02) बृहस्पतिवार, 29 जुलाई, 2021/07 श्रावण, 1943 (शक) अंक-14

दिल्ली विधान सभा

सदन पूर्वाह्न 11.04 बजे समवेत हुआ।

माननीय अध्यक्ष महोदय (श्री रामनिवास गोयल) पीठासीन हुए।

(राष्ट्रीय गीत-वन्दे मातरम्)

श्री अभय वर्मा: अध्यक्ष जी, अधिकारी दीर्घा में वो सारे लोग बैठे रहे हैं। राष्ट्रगान में ये शोभा देता है क्या?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: कौन बैठे रहे?

श्री अभय वर्मा: ये जो ...व्यवधान...

श्री अनिल कुमार बाजपेयी: दर्शक दीर्घा में कोई खड़ा नहीं हुआ है।

श्री अभय वर्मा: कोई खड़ा नहीं हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: दर्शक दीर्घा, ऑफिसर्स दीर्घा में।

श्री अभय वर्माः हां, ये ऑफिसर्स दीर्घा में।

श्री अनिल कुमार बाजपेयीः कोई नहीं खड़ा हुआ है इसमें।

माननीय अध्यक्षः देखा है मैंने, नोट किया।

श्री ओमप्रकाश शर्माः अध्यक्ष जी,

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई ओमप्रकाश जी, 2 मिनट बैठिये प्लीज।

श्री ओमप्रकाश शर्माः सर ये B.A.C. की मीटिंग के बगैर आप सदन चला रहे हैं, यह असंवैधानिक है।

माननीय अध्यक्षः कोई बात नहीं। चला रहे हैं न सदन।

श्री ओमप्रकाश शर्माः क्यों चला रहे हैं जी? ये democratic set-up, प्रजातंत्र में विश्वास नहीं करते क्या?

माननीय अध्यक्षः चलिए।

...व्यवधान...

श्री ओमप्रकाश शर्माः नहीं-नहीं, आपने जब एजेण्डा ही तय नहीं किया तो मिटिंग जो चला रहे हैं असंवैधानिक है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः सातवीं विधान सभा के दूसरे सत्र के दूसरे भाग में आप सबका हार्दिक स्वागत है। मेरा सभी माननीय सदस्यों से.....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः एक सेकंड, बिधूड़ी जी,.....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बिधूड़ी जी,....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः या तो बिधूड़ी जी को बोल लेने दीजिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नेता (विपक्ष) बोल रहे हैं और आप फिर बीच में डिस्टर्ब कर रहे हैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः तो या तो तय कर लीजिये न कौन बोलेगा, आप बोलेंगे या वो बोलेंगे। आप तय कर लीजिये कौन बोलेगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं, तय कर लीजिये कौन बोलेगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः समय खराब करना आपका....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ठीक है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अध्यक्ष अपने अधिकार से विधान सभा चलायेगा। आपकी डायरेक्शन से विधान सभा नहीं चलेगी।

...व्यवधान...

श्री मोहन सिंह बिष्टः अध्यक्ष जी, मर्यादा हैं ।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आपकी डायरेक्शन से विधान सभा नहीं चलेगी। अध्यक्ष अपनी डायरेक्शन से चलायेगा विधान सभा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बैठ जाइये, नीचे बैठ जाइये।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नीचे बैठ जाइये।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः सातवीं विधान सभा के दूसरे सत्र के दूसरे भाग में आप सबका हार्दिक स्वागत है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे शालीनता से और कम से कम समय में अपनी बात कहें और सदन का समय खराब

न होने दें। सदन के समय का सदुपयोग करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। अतः आप सबसे मेरा देबारा अनुरोध है कि सदन की कार्यवाही में नियमित रूप से तथा शालीनतापूर्वक भाग लें और कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने में सहयोग दें। इसके अलावा....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप इस बात का ध्यान रखें कि सदन की प्रत्येक बैठक पूर्वाह्न 11.00 बजे से शुरू होगी, अतः सदस्य इसका ध्यान रखें और निर्धारित समय पर सदन में पहुंचें।

श्री ओम प्रकाश शर्माः अध्यक्ष जी, हां या ना तो बोलिये। कोई रूलिंग तो दीजिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यगण....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आपको जानकर अत्यधिक दुःख होगा कि....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं दिवंगत आत्माओं को....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः सुन लीजिये एक बार। मैं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दे रहा हूं।....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं दिवंगत आत्माओं को, आप बैठ जाइये।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं प्रार्थना कर रहा हूं माननीय सदस्य, दिवंगत आत्माओं को मैं श्रद्धांजलि दे रहा हूं....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः शांति से बैठें। दिवंगत आत्माओं को मैं श्रद्धांजलि दे रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं बैठना चाहते, ठीक है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आपको ये जानकर अत्यधिक दु:ख होगा....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मीडिया नोट कर ले श्रद्धांजलि के लिए भी विपक्ष शांति से नहीं बैठ रहा। ये बड़ी गम्भीर बात है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः इसी सदन के सदस्यों को....

...व्यवधान...

निधन संबंधी उल्लेख

माननीय अध्यक्षः आपको ये जानकर अत्यधिक दु:ख होगा कि दिनांक 22 अप्रैल, 2021 को दिल्ली विधान सभा के पूर्व सदस्य डॉक्टर अशोक कुमार वालिया का कोरोना महामारी के कारण देहांत हो गया। उनका जन्म 08 दिसम्बर, 1948 को हुआ था। उन्होंने अपना कैरियर एक चिकित्सक के रूप में प्रारम्भ किया तथा बाद में वे राजनीति में आ गये। वे सामाजिक आंदोलन में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। वे पहली बार वर्ष 1993 में दिल्ली विधान सभा के सदस्य चुने गये। इसके बाद वर्ष 1998 में दूसरी बार, वर्ष 2003 में तीसरी बार तथा वर्ष 2008 में चौथी बार दिल्ली विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री तथा वित्त मंत्री रहे। वे लक्ष्मी नगर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने विधायक तथा मंत्री के रूप में सक्रियतापूर्वक कार्य किया और दिल्ली के विकास में अपना योगदान दिया। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से डॉक्टर अशोक कुमार वालिया के निधन पर हार्दिक शोक संवदेना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार वालों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

माननीय सदस्यगण, आपको यह जानकर अत्यधिक दु:ख होगा कि दिनांक 14 मई, 2021 को दिल्ली विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री जरनैल सिंह जी का कोरोना महामारी के कारण देहांत हो गया। उनका जन्म 16 फरवरी, 1973 को हुआ था। वे पहली बार वर्ष 2013 में पांचवी विधान सभा के सदस्य चुने गये और दूसरी बार वर्ष 2015 में छठी विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे राजौरी गार्डन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने अपना कैरियर एक पत्रकार के रूप में आरम्भ किया था तथा बाद में वे राजनीति में आ गये। वे सक्रिय

सामाजिक कार्यकर्ता थे। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से श्री जरनैल सिंह जी के निधन पर हार्दिक शोक संवदेना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार वालों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

माननीय सदस्यगण, आपको यह जानकर अत्यधिक दु:ख होगा कि दिनांक 19 मई, 2021 को दिल्ली महानगर परिषद के पूर्व सदस्य श्री कल्याण सिंह का देहांत हो गया। उनका जन्म 05 जनवरी, 1945 को हुआ था। वे घोंडा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। वे पहली बार वर्ष 1972 में महानगर परिषद के सदस्य मनोनीत हुए थे। उसके बाद वर्ष 1979 में महानगर परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए। वे वर्ष 1983 में फिर महानगर परिषद के सदस्य चुने गये। वे दिल्ली विकास प्राधिकरण के सदस्य भी रहे। उन्होंने ग्रामीण विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से श्री कल्याण सिंह जी के निधन पर हार्दिक शोक संवदेना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार वालों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

आपको जानकर अत्यंत, माननीय सदस्यगण, आपको यह जानकर अत्यंत दु:ख होगा कि दिल्ली महानगर परिषद के पूर्व सदस्य श्री अमरनाथ कुमार 22 अप्रैल, 2021 को, उनका देहांत हो गया। वे सक्रिय राजनीतिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता थे। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से श्री अमरनाथ जी के निधन पर हार्दिक शोक संवदेना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार वालों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

माननीय सदस्यगण, आप सबको विदित है कि दिनांक 03 अप्रैल, 2021 को छतीसगढ़ और सुकमा जिले की सीमा पर नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 22 जवान शहीद हो गये और 31 जवान घायल हो गये। सुरक्षा बलों पर घात लगाकर किये गये इस हमले में जवानों ने बहादुरी से मुकाबला करते हुए 12 नक्सलियों को मार गिराया। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले इन जवानों की शहादत अनमोल है। सुरक्षा बलों के साहस और बलिदान से ही हमारा देश सुरक्षित है। मैं इन शहीद जवानों को अपनी ओर तथा पूरे सदन की ओर से श्रद्धांजलि देता हूं तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

माननीय सदस्यगण, जैसा आप सब जानते हैं कि कोरोना वायरस की महामारी के कारण पूरी दुनिया संकट से जूझ रही है। पिछले दिनों दूसरी लहर के दौरान हमें आपातकालीन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। यह अत्यधिक दु:ख की बात है कि इस लहर में मरने वालों की तादाद बहुत ज्यादा रही और हम सब में से प्रत्येक व्यक्ति ने अपने किसी न किसी परिचित को इस बीमारी के कारण खोया है। माननीय उप मुख्यमंत्री जी श्री मनीष सिसोदिया जी के भाई, श्री सही राम जी की पत्नी, श्रीमती प्रीति जितेंद्र तोमर के भाई, पूर्व विधायक श्री जगदीश प्रधान के भाई कोरोना के कारण चल बसे। इस बीमारी के कारण दिल्ली के तथा पूरे देश के जिन लोगों का निधन हुआ हैं, उन सबको मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से श्रद्धांजलि देता हूं और उनके परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। हालांकि अब जनता के सहयोग और सरकार के प्रयासों से इस लहर पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है लेकिन

हमें सावधानी रखनी है और टीकाकरण को बढ़ावा देना है। इस महामारी की रोकथाम के लिए भारत सरकार तथा दिल्ली सरकार द्वारा उठाये गये कदम सराहनीय हैं। डॉक्टरों, नर्सों, पैरा मैडिकल स्टाफ तथा अन्य विभागों ने इस महामारी से निपटने के लिए दिन-रात एक करके मेहनत की है। जनता के सहयोग के बिना इस महामारी से नहीं निपटा जा सकता था। सावधानी बरतना ही इसका एकमात्र इलाज है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि हमें इस संकट से निपटने की शक्ति प्रदान करे।

माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सब जानते हैं कि कृषि कानूनों के विरोध में किसान संगठन लम्बे समय से दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान कई किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं उन सभी किसानों को श्रद्धांजलि देता हूं अपनी ओर से और इस सदन की ओर से और उनके परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। इसके अलावा मैं आशा करता हूं कि शीघ्रातिशीघ्र इस मुद्दे का कोई समाधान निकलेगा।

अब दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सदन द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया जायेगा। आप सभी से प्रार्थना है कृपया खड़े हों।

(सदन में दो मिनट का मौन रखा गया।)

माननीय अध्यक्ष: ओम शांति शांति शांति। माननीय सदस्यगण आप जानते हैं कि टोक्यो में चल रहे ओलम्पिक खेलों में भारतीय वेट लिफ्टर मीराबाई चानू ने 49 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीत कर देश को गौरव प्रदान किया है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से उनको हार्दिक बधाई देता

हूं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि हमारे अन्य खिलाड़ी भी मेडल जीत कर भारत का गौरव बढ़ाये।

अभी ऑफिसर्स गैलरी में बैठे ऑफिसर्स उठे नहीं, ये बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं इतनी बात कह रहा हूं कि सी.एस. को, चीफ सेक्रेटरी को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः Starred Questions

...व्यवधान...

श्री अनिल कुमार बाजपेयीः ये माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले तो ये है कि

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मेरे पास....

...व्यवधान...

श्री अनिल कुमार बाजपेयीः नियम 55 के अंतर्गत हमारा क्वेश्चन लगा हुआ था education पर और उसके बाद 40 मिनट बाद ये काट दिया गया।

माननीय अध्यक्षः जो मेरे पास समय था....

...व्यवधान...

श्री अनिल कुमार बाजपेयी: बीजेपी के विधायक हैं इसलिए हमारे साथ

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: जो, जो मेरे....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: कोई बात नहीं। कोई दिक्कत नहीं।....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: ऐसा है....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: कोई दिक्कत नहीं, कोई परेशानी नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: कोई परेशानी नहीं। कोई दिक्कत नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: विजेन्द्र जी,.....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: यहां की कमेटियों के ही अधिकार छीने जाएंगे....

...व्यवधान...

श्री विजेंद्र गुप्ताः कमेटियों के

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः कमेटियों के अधिकार ही छीन लिये गये सारे।....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हां, मैं बोल रहा हूं।....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं सब बात कर रहा हूं। कमेटियों के अधिकार ही छीन लिये गये सारे।

...व्यवधान...

श्री विजेंद्र गुप्ताः स्कूलों की चर्चा से भाग रही है सरकार।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः केंद्र सरकार भाग रही है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मुझे बड़ी पीड़ा है इस बात की। मुझे बहुत पीड़ा है अध्यक्ष होने के नाते कि मेरी अध्यक्षता के दौरान किसी भी सदन की कमेटियों के अधिकार छीन लिये जाएं, ये बड़े शर्म की बात है।

...व्यवधान...

श्री विजेंद्र गुप्ताः सरकार जवाब दें न, आप....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः केंद्र सरकार भाग रही है, वो देगी जवाब।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः Starred Questions

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यों से प्रार्थना है ये एक घंटे का समय starred question का है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ठीक है, छोड़िये।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं जिनके,...

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जिनके balloting में नाम आये हैं, मैं बोल रहा हूं, वो सदस्य नहीं बोलेंगे,...

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं बोलेंगे तो उनका नाम drop हो जाएगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः Star Question No. 01 श्री अनिल कुमार बाजपेयी जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अनिल कुमार बाजपेयी जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं तीसरी बार नाम बोल रहा हूं, श्री अनिल कुमार बाजपेयी जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैंने तीन बार रिक्वेस्ट की है ।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप Starred Question का जवाब नहीं लेना चाहते?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः Starrred Question का जवाब नहीं लेना चाहते?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मुझे 'यस' और 'ना' बोलिए आप। नहीं लेना चाहते। छोड़ दीजिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः श्रीमती बंदना कुमारी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः श्रीमती बंदना कुमारी।

...व्यवधान...

श्री विजेंद्र गुप्ताः चर्चा होगी स्कूलों पर।

...व्यवधान...

माननीय नेता प्रतिपक्ष (श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी): स्कूल कॉलेजों पर चर्चा होगी और

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः धर्मपाल लाकड़ा जी।

...व्यवधान...

सुश्री भावना गौड़ः अध्यक्ष महोदय, एक तरफ तो कहते हैं हाउस का टाइम बढ़ाओ,

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भावना जी, आप बैठिये।

...व्यवधान...

सुश्री भावना गौड़ः दो दिन के हाउस को कहते है दस दिन का हाउस होना चाहिए

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप बैठिये, बैठिये।

...व्यवधान...

सुश्री भावना गौड़ः और हाउस चलने नहीं दे रहे ये लोग।

माननीय अध्यक्षः आप बैठिये।

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः जो अनिल बाजपेयी जी ने जो नोटिस आपको दिया, Short Duration Discussion आपने एक्सेप्ट किया

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः देखिए शॉर्ट....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जब शॉर्ट....

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः नहीं, अध्यक्ष जी,

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जब शॉर्ट नोटिस के....

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः आजादी के बाद विधान सभा के इतिहास में,

Metropoliton Council के इतिहास में ऐसे कभी भी अपोजिशन का गला नहीं घोटा गया अध्यक्ष जी। आप इसका जवाब दो।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं विपक्ष के सदस्यों से प्रार्थना कर रहा हूं....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हिंदुस्तान के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ कि किसी भी सदन की कमेटियों के अधिकार छीने गये हों।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः किसी भी समितियों....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हिंदुस्तान के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ। मैं विपक्ष से जवाब मांग रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं विपक्ष से, केन्द्रीय सरकार से जवाब मांग रहा हूं। मेरे लिए सबसे बड़ा शर्म का दिन है। मेरे लिए सबसे बड़ा शर्म का दिन है। कभी नेता-विपक्ष नहीं आये कि अधिकार छीने गये हैं, कमेटियों के अधिकार छीने गये हैं, हम चलते हैं। डूब मरना चाहिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः डूब मरना चाहिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मुझे बड़ी पीड़ा है कि मेरी अध्यक्षता में, मेरे कार्यकाल में ये काम केन्द्र सरकार ने किया है और मैं ये कहता हूं उसमें....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः उसमें दिल्ली विधान सभा के विपक्ष के सदस्यों का हाथ है, विपक्ष के सदस्यों का हाथ है, मैं कहना चाहता हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः इतना अंधेर, इतनी अंधेरगर्दी है। लोकतंत्र की....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः लोकतंत्र का कोई लिहाज ही नहीं है, विधान सभा की कमेटियों के अधिकार छीनें आप....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः और बिल्कुल शांत रहें, बोले नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हां, जैसा हमारे साथ होगा, मुझे विचार करना पड़ेगा।

मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना कर रहा हूं, मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना कर रहा हूं कि आप बैठ सकते हैं, बैठिए। आप बैठना चाहते हैं, बैठिए। नहीं

तो मैं स्टार्ड क्वेश्चन सबसे पहले लूंगा, मैं स्टार्ड क्वेश्चन सबसे पहले लूंगा और आप स्टार्ड क्वेश्चन का घंटा खराब कर रहे हैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मार्शल्स, बाजपेयी जी को बाहर करें, अनिल बाजपेयी जी को बाहर करें। न, मैं कोई मौका नहीं दूंगा। मैं कोई मौका नहीं दूंगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः न, मैं कोई मौका नहीं दूंगा। हां, बिल्कुल ठीक है। मुझे सदन चलाना है। चलिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हां चलिए, बाहर ले जाइए, बाहर ले जाइए। ले जाइए बाहर। हां मैं कर रहा हूं जो मुझे करना है, मैं कर रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जो केन्द्रीय सरकार हमारे साथ कर रही है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं कोई सुनाने का विषय ही नहीं रह गया।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (माननीय नेता, प्रतिपक्ष): बात तो सुन लीजिए न कम से कम। आप सुनने के लिए तैयार नहीं है, पहली बार ऐसा हो रहा है।

माननीय अध्यक्षः मैं एक रूलिंग दे रहा हूं। एक रूलिंग दे रहा हूं उसको एक बार सुन लीजिए। मैं प्रार्थना कर रहा हूं, एक रूलिंग दे रहा हूं, सुन लीजिए।

पिछले छह साल में मैंने कई बार सोचा, लेकिन मैं बड़ा पीड़ित रहा हूं, बार बार मीडिया में समय नहीं मिलता, आज से मैं इस सदन का समय डिवाईड कर रहा हूं in the ratio of the members, 11 से 5 बजे तक सदन रहता है जिसमें दो घंटे का कार्यकाल स्टार्ड क्वेश्चंस का है और 280 का है। उसमें 3 घंटे हमारे पास लंच का छोड़कर 3 घंटे बचते हैं 180 मिनट। 20 मिनट विपक्ष के लिए रहेंगे और 160 मिनट।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हां बिल्कुल ठीक है। जो लोक सभा की व्यवस्था है वो करो। हां गला घोट रहे हैं। आप चिल्लाईए मत। चिल्लाईए मत अध्यक्ष पर। हां मैं कर रहा हूं। छह साल सदन का समय आप लोगों ने खराब किया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप सदन के अपने 20 मिनट खराब कर चुके हैं। हां, बिल्कुल ठीक है गलत कर रहा हूं। बिल्कुल, जो संविधान में दिया है, जो लोक सभा के नियम हैं, उसके अनुसार मैं ये डिवीजन कर रहा हूं। जिस हिसाब से लोक सभा डिवीजन करती है, मैं उसी हिसाब से डिवीजन कर रहा हूं। जो लोक सभा करती है वो मैं कर रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जो लोक सभा कर रही है, वो मैं कर रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः विजेंद्र जी, अब छोड़िए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जो लोक सभा करती है वो मैं कर रहा हूं। जो लोक सभा का नियम है, वो मैं लागू कर रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः लोक सभा हमारे अधिकार छीनती जाए, हम चुप बैठे रहें, हम कुछ न करें। मैं वही कर रहा हूं जो लोक सभा करती है और वही करूंगा। आगे से वही करूंगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जो लोक सभा का नियम है वो मैं कर रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः न, बिल्कुल ठीक है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जो लोक सभा का नियम है, आपने अपने 20 मिनट ऐसे ही खराब करने हैं तो कर लीजिए, 20 मिनट डिस्कशन में भाग लेना है तो बैठिए शांति से।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः कुछ नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः देखिए मैं, आपसे प्रार्थना कर रहा हूं कि मैंने कई बार रूलिंग दी है कि मैं स्टार्ड क्वेश्चंस में कोई डिस्टरबेंस नहीं चाहता, 280 में कोई डिस्टरबेंस नहीं चाहता, मेंबर्स बहुत शालीनता से क्वेश्चन लगाते हैं, उनके समय को आप विपक्ष हमेशा, जब भी सदन होता है, आप।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं वो दे दीजिएगा। डिसाईड कर लूंगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ये मैं भेज देता हूं। विचार के लिए भेज देता हूं।

...व्यवधान...

श्री सोमनाथ भारतीः अध्यक्ष जी क्या भाषा है इनकी! सदन के अंदर ये इस तरह की भाषा बोलेंगे?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः वो मुझे जैसे करना होगा मैं करूंगा। जिस ढंग से।

श्री सोमनाथ भारतीः आप यह देखें, इनकी क्या भाषा है?

माननीय अध्यक्षः क्या कर सकता हूं?

श्री सोमनाथ भारतीः नहीं नहीं, अध्यक्ष महोदय, इनको बाहर किया जाए। इनको बाहर करिए।

...व्यवधान...

(पक्ष और प्रतिपक्ष के कुछ सदस्य वेल में आ गए)

माननीय अध्यक्षः वेल में मत आइए, आप वेल में मत आइए। बाहर चलिए, वेल में मत आइए। अब मैं कर रहा हूं। आप वेल से बाहर।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप पहले अपनी सीट पर तो चलिए। आप पहले अपनी सीट पर तो चलिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप अपनी सीट पर तो चलिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जरनैल जी, आप जाइए। आप अपनी सीट पर जाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः रूक तो जाओ न आप। आप बैठिए मैं बात करूंगा। आप अपनी सीट पर तो जाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप अपनी सीट पर जाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राजेश जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं सत्ता पक्ष के साथियों से प्रार्थना कर रहा हूं, आप मुझे बात तो करने दो? सत्ता पक्ष के सदस्य अपनी सीट पर जाएं, प्लीज।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अपनी सीट पर जाएं, पाण्डेय जी। बैठाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अभी कुछ नहीं। मैं बात कर रहा हूं। मुझे बात तो करने का मौका दो।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं ले रहा हूं न।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई उनको बैठाओ तो सही, तभी तो बात करूंगा मैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः चलिए, माननीय सदस्य बैठें। मैं निर्णय देता हूं अभी। मैं अभी निर्णय देता हूं बैठिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः दिलीप जी, बुलाइए प्लीज।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः चलिए, चलिए, बैठिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना कर रहा हूं वो आ जाएं। अब मैं बात करता हूं न, आप बैठेंगे तभी तो बात करूंगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जरनैल जी, आप बैठ जाइए प्लीज। चलिए आइए। आइए, दोनों माननीय सदस्य आ जाएं। चलिए, सीट पर चलिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अभी बैठ जाइए, नहीं कुछ नहीं हुआ अभी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः फाड़कर फेंक दीजिए, फाड़कर फेंक दीजिए। मैं बोल रहा हूं। मैं बोल रहा हूं फाड़कर फेंक दीजिए। अब मैं बोल रहा हूं, मैं बोल रहा हूं। मुझे करना पड़ेगा यही चीज। फाड़कर फेंक दीजिए। बोल रहा हूं।

श्री विजेंद्र गुप्ताः Breach of Privilege, फाड़कर फेंक दें?

माननीय अध्यक्षः हां, फाड़कर फेंक दीजिए। कोई बात नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बैठिए, अभी मुझे ओम प्रकाश जी का विषय लेने दीजिए। ओम प्रकाश जी, एक सेकेंड रूक जाइए आप, आप मत बोलिए। आप जब चाहे इस सदन के सदस्यों का अपमान कर लेते हैं। और अभी या तो सदन से माफी मांगिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई मुझे बात करने दीजिए। बात तो करने दीजिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आप बैठिए, बैठिए। राखी भई मुझे बात करने दो न, कमाल है। मुझे बात नहीं करने दोगे।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं बात तो कर लूं न? मैं बोल रहा हूं, भई ये बात ठीक नहीं है। अगर सत्ता पक्ष का ये व्यवहार रहेगा, ठीक नहीं है। मुझे बात तो करने दो।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अरे मुझे बात तो करने दो न।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई आप वहां अपनी कुर्सी पर चलिए। मैं बात करता हूं, प्रार्थना कर रहा हूं। नहीं ऐसे नहीं चलेगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मुझे बोलने तो दो न। ऐसे नहीं होता। मैं राखी जी, मैं माननीय सदस्यों से। मैं खड़ा हूं। राखी जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः पाण्डेय जी, बुलाइए जरा प्लीज, करिए। भई मुझे समय दोगे तभी तो कुछ करूंगा। मुझे समय तो दो कुछ। मुझे आप समय नहीं देंगे बात करने का तो मैं क्या करूंगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः न मैं कोई समय नहीं दूंगा, मैं माफी चाहता हूं। बस, आपकी इज्जत करता हूं लेकिन मैं माफी चाहता हूं। बैठिए, बैठिए। आप बैठिए अपनी सीट पर प्लीज। अभी मैंने बाहर किया। और जब मैंने बुलाना होगा, बुलाउंगा अपने आप।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ओम प्रकाश जी, एक सेकेंड मेरी बात सुनें। राखी जी, मुझे बात तो करने दो भाई।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं ओम प्रकाश जी, आपका इस सदन में व्यवहार कभी माईक तोड़ना, कभी अन्य सदस्यों के विरुद्ध, वो देखिए वो बोल रहे हैं। मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं ये आपने जो 'अपनी औकात में रहें', यह शब्द बोला है, माननीय सदस्य, सुन लीजिए बात को। अभी माईक नहीं खोलने दे रहा हूं मैं। कोई माईक नहीं खुलेगा। कोई माईक नहीं खुलेगा। आपने सदन में माईक भी तोड़ा, आपने अलका लाम्बा का भी अपमान किया, अनेक सदस्यों का किया और आज मर्डर से भी बुरा है ये। ये मर्डर से भी बुरा है। किसी सदस्य को बोलना 'अपनी औकात में रहिए', मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं आप या तो माफी मांगें, नहीं मैं दो मिनट के लिए बोल रहा हूं या तो सदन से माफी मांगें,

या तो सदन से इस बात के लिए माननीय सदस्य माफी मांगें, आपने बोला 'अपनी औकात में रहें', आपने क्लियरली इन शब्दों का इस्तेमाल किया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ओम प्रकाश जी को मैं आज पूरे दिन के लिए निष्कासित करता हूं।

...व्यवधान...

सुश्री राखी बिरलाः आर.एस.एस. का आफिस नहीं है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी अब बैठ जाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी अब बैठ जाइए। प्लीज बैठ जाइए। अब सदन तो चलाने दो।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी बैठिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ठीक है। मैंने जो निर्णय लेना था, ले लिया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः महाजन जी, बैठ जाइए आप अपनी कुर्सी पर। बैठिए आप अपनी कुर्सी पर। आप अपनी कुर्सी पर बैठिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मार्शल्स, मार्शल्स, महाजन जी को बाहर करिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः महाजन जी को बाहर करिए। मैं बहुत पीड़ित हूं। मैं इतना पीड़ित हूं, मैं इतना पीड़ित हूं मैं कह नहीं सकता। मैं बहुत पीड़ित हूं। हां ले जाने दीजिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः आपने भी बाहर जाना है? आपने भी बाहर जाना है?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः एक दिन के लिए निलंबित किया है। एक दिन के लिए मैंने निलंबित किया है ओमप्रकाश जी को ।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैंने कहा महाजन जी को मार्शल्स बाहर निकालें।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बोल दिया।

...व्यवधान...

सुश्री राखी बिरला: इनको भी बाहर भेजो अध्यक्ष जी।

माननीय अध्यक्ष: स्टार्ड क्वेश्चंस धर्मपाल लाकड़ा जी आए हैं क्या? धर्मपाल लाकड़ा जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: क्या? रूलिंग एक है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: कोई हूटिंग नहीं हुई, कोई हूटिंग नहीं हुई। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: आप सुनेंगे मेरी बात। मैं सदन चला रहा हूं। बात सुनेंगे? आप बात सुनेंगे?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: आप बात सुनेंगे, बात सुनेंगे?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: मैंने जवाब दे दिया है। जवाब दे दिया। मैंने बोल दिया इसको फाड़कर रद्दी की टोकरी में डाल दीजिए ।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः श्री जरनैल सिंह जी। चौथा प्रश्न। श्री जरनैल सिंह जी, आप खड़े रहने दीजिए उनको, आप रखिए।

श्री जरनैल सिंहः धन्यवाद अध्यक्ष जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः किसमें, मैंने कह दिया फाड़कर फेंक दीजिए, फाड़कर फेंक दीजिए रद्दी की टोकरी में।

...व्यवधान...

श्री जरनैल सिंहः मैं माननीय **शिक्षा मंत्री** जी से निवेदन करता हूं कि प्रश्न संख्या चार का उत्तर दें?

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ये कौन सा तरीका है? ये कौन सा तरीका है कि कमेटियों के अधिकारों को छीन लिया जाए?

...व्यवधान...

श्री अभय वर्माः एक मंत्री लगातार सदन को झूठ बोला, सदस्यों को गुमराह किया ।

सुश्री राखी बिरलाः वो प्रधानमंत्री झूठ बोल रहा है सात साल से

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मेरी बात सुन लीजिए। दो मिनट बैठ जाइए। राखी बैठिए। राखी बैठिए। मैं बड़ा भावुक हो कर, मैं बड़ा भावुक होकर स्टेटमेंट दे रहा हूं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बैठ जाइए आप त्रिपाठी जी एक सेकिंड। मैं खड़ा हूं। मैं खड़ा हूं आप शोर मचा रहे हैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी, शांत नहीं होते।

श्री अभय वर्माः इसका मतलब कि मंत्री जी भी झूठ बोलेंगे न?

सुश्री राखी बिरलाः मैंने ऐसा नहीं बोला था।

श्री अभय वर्माः यही कहना चाह रहे हो ना आप।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी, मैं खड़ा हुआ हूं, आप बोल रहे हैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः कुछ तो मर्यादाओं का ख्याल रखिए राखी जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः राखी जी, राखी जी। ये गलत बात है। मैं बड़ा भावुक हो कर।

श्री विजेंद्र गुप्ताः ये गंभीर मामला है।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं यहां खड़ा हूं। मैं, विजेंद्र जी खड़ा हूं। विजेंद्र जी को बाहर करिए, मार्शल्स।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मैं खड़ा हूं तो बैठिए। मैं खड़ा हूं तो बैठ जाइए शांति से।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः हां जाइए, जाइए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बिल्कुल जाइए, जाइए। आप जाइए, आप बिल्कुल जाइए। मार्शल्स बाहर करिए, बाहर करिए। कोई बात नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बाहर करिए कोई सुनवाई करने की जरूरत नहीं। कुछ नहीं सुनना, बाहर करिए। एकदम बाहर करिए। मार्शल्स बाहर करिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ऋतुराज जी बैठ जाइए प्लीज। अरे बैठिए अब नीचे। मैं खड़ा हूं आप बोले जा रहे हैं। बोलने दीजिए उनको। आप बैठ जाइए अब।

शांति से बैठिए। माननीय सदस्यगण जब से केन्द्र सरकार ने दिल्ली विधान सभा के अधिकार छीने हैं उसके बाद आज सैशन हो रहा है। मैं तब से इतना प्रताड़ित हूं, रातों को नींद नहीं आती। जिस दिन ये आर्डर आया देश में अनेक सरकारें आई, चली गई। वर्तमान केन्द्रीय सरकार संविधान का मर्डर करने पर तुली हुई है और मुझे लगता है कि मैं अध्यक्ष हूं, मेरे कार्यकाल में ये हुआ है कि समितियों के अधिकार छीन लिए गए। उस दिन मुझे लगा मैं वास्तविकता में बहुत प्रताड़ित होकर ही बोल रहा हूं, मुझे लगा कि सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दूं, लेकिन बातचीत की कि इसका विरोध करो, जितना विरोध हो सकता है, करो और मुझे इसलिए, आज एक बार भी विपक्ष ने आकर बात नहीं की कि अध्यक्ष जी, ये बहुत गलत हुआ है, आप हमारे साथ चलिए, हम चलेंगे, बात करेंगे। आज ये अधिकारों की बात कर रहे हैं और तब से मैंने सदन को बहुत बैलेंस करके चलाया है लेकिन आज मैंने निर्णय कर लिया और मैं निर्णय करके आया। मैनें विपक्ष को दिया हुआ समय जो अब शैड्यूल में लिया है, मैं बीस मिनट से ज्यादा कभी समय नहीं दूंगा, एक सेकिंड के लिए भी। वो यहां बैठें, शालीनता से बैठें, शोर- शराबे में अपने बीस मिनट समाप्त कर लें या डिस्कशन में कर लें, ये उनकी इच्छा पर है। मैं इतना प्रताड़ित हूं जो संविधान ने हमको अधिकार दिये हैं आज तक और सरकारें आई, यहीं अनोखी केन्द्रीय सरकार आई है, इसी के पास ज्यादा दम है, इसी को गला घोंटना आता है और सदनों का भी गला घोंटना आता है और ये निर्णय लेते हुए मुझे पीड़ा हो रही है, निश्चित रूप से पीड़ा हो रही है लेकिन हमारे अधिकारों को बिल्कुल आप लोग इस ढंग से कुचलने पर लगे हैं कि सदन की समितियों का मर्डर कर रहे हैं, सदन की समितियों को बेकार कर रहे हैं, पूरे सदन के अधिकारों

को बेकार कर रहे हैं। अगर वास्तविकता में विपक्ष की नीयत ठीक है तो जाकर गृहमंत्री से बात करनी चाहिए, ये दिल्ली की जनता के अधिकारों को छीना है । सत्ता आयेंगी- जायेंगी। आज हम लोग हैं, कल आप भी आ सकते हैं। उस वक्त क्या करेंगे, कहां जाएंगे, उस वक्त कभी सोचा है ये, सदन का बिल्कुल, बिल्कुल सदन का मर्डर किया जा रहा है और बहुत प्रताड़ित होकर मैं बोल रहा हूं। धन्यवाद।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः जरनैल सिंह जी। नहीं मैं कुछ नहीं बोलने का, मैं कोई बोलने का मौका नहीं दूंगा। मुझे स्टार्ड क्वेश्चन चला लेने दीजिए, फिर मैं बोलने का मौका दूंगा। स्टार्ड और 280 चलने दीजिए। मैंने पहले भी निर्णय दिया है मैं स्टार्ड में कोई डिस्टरबेंस नहीं चाहता। माननीय सदस्यगण बड़ी मुश्किल से अपने क्वेश्चन तैयार करके लाते हैं, मंत्री उत्तर देते हैं। आप लोग स्टार्ड क्वेश्चंस को डिस्टर्ब करके अधिकारियों को बचाना चाहते हैं। जरनैल सिंह जी बोलिए।

तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर

श्री जरनैल सिंहः माननीय **शिक्षा मंत्री** जी से निवेदन करता हूं कि प्रश्न संख्या चार का उत्तर देने की कृपा करें?

प्रश्न संख्या चारः क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) एसएमसी के कार्य और शक्तियाँ;

(ग) तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में एसएमसी द्वारा बुलाई गई बैठकों का विवरण; और

(घ) तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में एसएमसी द्वारा स्कूलों के विकास के लिए किए गए खर्चों और खरीद का विवरण?

माननीय उप मुख्य मंत्री: अध्यक्ष महोदय, प्रश्न संख्या चार के संदर्भ में ये जवाब देना है कि

प्रश्न संख्या चार का उत्तर:

(क) व (ख) आर.टी.ई एक्ट 2009 के अनुच्छेद 21(संलग्नक 1)[1] के तहत स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एस.एम.सी.) का गठन किया जाता है। एस.एम.सी. के गठन कार्य, शक्तियों के सबंध में शिक्षा निदेशालय द्वारा परिपत्र संख्या 520-533 दिनांक 25.03.2013 व परिपत्र संख्या डी.ई 23(6)/आरटीई/2012-13/847-854 दिनांक 01.8.2016 जारी किये गये है, जिन्हें संलग्नक 'क'[2] के रूप में संलग्न किया है।

इस सबंध में दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट एण्ड रूल्स, 1973 में वर्णित अनुच्छेद 05 और नियम 59 का अवलोकन किया जा सकता है। जो कि संलग्नक 'ख'[3] के रूप में संलग्न किया गया है।

---

1. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।
2. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।
3. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

(ग) व (घ) तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में एस.एम.सी. द्वारा बुलाई गई बैठकों व स्कूलों के विकास के लिए किये गये खर्चो और खरीद का विवरण संलग्नक 'ग' व 'घ'[4] में संलग्न किया गया है।

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः सप्लीमैंट्री।

श्री जरनैल सिंहः अध्यक्ष जी, वैसे तो एसएमसी अपने आप में सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों के लेवल पर लाकर खड़ा करने के लिए बहुत कामयाब और शानदार कदम है। पिछले डेढ साल में अध्यक्ष जी, कोविड के चलते लगातार मीटिंग्स नहीं हो पाई तो मैं सिर्फ निवेदन ही करना चाहता हूं कि उसके पहले जो मीटिंग्स होती थीं एसएमसी के अंदर स्कूल के स्टाफ की तरफ से रेगुलर मीटिंग दर्ज करने का निवेदन करने पर भी नहीं दर्ज किए जाते थे तो डिपार्टमेंट की तरफ से सिर्फ ऐसी डायरेक्शन चली जाए कि हर मीटिंग के मिनट्स जो रजिस्टर तो होते हैं उसकी कापी जरूर एसएमसी मेम्बर्स को दे दी जाए ताकि जिस उद्देश्य से एसएमसी का गठन किया गया।

माननीय अध्यक्षः जरनैल जी क्वेश्चन लीजिए सप्लीमैंट्री प्लीज।

श्री जरनैल सिंहः अध्यक्ष जी, सिर्फ यही निवेदन करना चाहता हूं कि एसएमसी के मिनट्स सारे मेम्बर्स को अगली मीटिंग से पहले पहुंचा दिए जाएं और एक्शन टेकन रिपोर्ट दे दी जाए। धन्यवाद।

---

4. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

माननीय उप-मुख्य मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है। मैं इसको डिपार्टमेंट को दे दूंगा। थैंक्यू।

माननीय अध्यक्षः एनी मैम्बर। थैंक्यू। क्वेश्चन पांच, श्री सुरेंद्र कुमार जी।

श्री सुरेंद्र कुमारः माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग से निवेदन करना चाहता हूं कि प्रश्न संख्या 5 का उत्तर दें?

क्वेश्चन नंबर पांचः

क्या **माननीय विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गोकलपुरी नाले को साफ न करने और कीचड़ न निकालने के क्या कारण हैं;

(ख) इस कार्य के लिए इस वित्त वर्ष आवंटित धनराशि कितनी है; और

(ग) इस उद्देश्य से प्रदान किए गए ठेके का विवरण क्या है?

माननीय विकास मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, प्रश्न संख्या पांच - उत्तर निम्न प्रकार हैः

(क) गोकुलपुरी नाला सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। गोकलपुरी नाला पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आता है।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने यह जानकारी दी है कि गोकलपुरी नाले की सफाई कराई जा चुकी है। प्रतिदिन नाले के बहाव को बनाए रखने के लिए तैरती सामग्रियों को हटाया जाता है।

यद्यपि सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग के अधिकार क्षेत्र में 57 नाले आते हैं जिसकी सूची अनुलग्नक 'ए'[5] के रूप में संलग्न है। सभी 57 नालों की सफाई का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है।

(ख) पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने जानकारी दी है कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान रू0 116.53 लाख की राशि व्यय की गई है।

(ग) पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि सफाई कार्य के लिए बैकहो लोडर, हाइड्रोलिक ट्रैक्टर, ट्राली, टिप्परट्रक, ट्रैक्ड एस्कलेटर, ट्रक (सूची अनुलग्नक बी और सी)[6] को किराए पर इस्तेमाल किया गया है।

माननीय अध्यक्षः सप्लीमैंट्री।

श्री सुरेन्द्र कुमारः अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि ये जो सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के नियंत्रण में जो आता है नाला उसके लिए मैंने पूछा है ये क्वेश्चन में।

माननीय विकास मंत्रीः अध्यक्ष जी मैं दोबारा बता देता हूं जो इस नाले का पता किया था जो क्वेश्चन लगाया गया था ये नाला पूर्वी दिल्ली नगर निगम के क्षेत्र में आता है।

माननीय अध्यक्षः एनी मैम्बर, हां बोलिए।

श्री राजेश गुप्ताः अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से ये जानना चाहता हूं कि जो नजफगढ़ नाला जो त्रिनगर, वजीरपुर विधानसभा को होते हुए निकलता

---

5. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

6. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

है उसमें एक STP Plant लग रहा था तो क्या सर वो कोविड के दौरान वो काम बंद है? अगर चल रहा है तो उसका विवरण अगर कल या परसों में मिल जाए और अगर बंद है तो कब तक चालू हो जाएगा और क्या उसकी सफाई भी बंद कर दी गई है कोविड के दौरान, धन्यवाद अध्यक्ष जी।

माननीय विकास मंत्रीः दिल्ली के सभी नालों की कोविड के दौरान भी सफाई की गई थी, डिस्लिटिंग की गई थी और जो एसटीपी लगाने का है ये मेरे अभी जानकारी में नहीं है। मुझे लगता है क्वेश्चन में कुछ कनफ्यूजन है।

माननीय अध्यक्षः प्रश्न संख्या-06 श्री महेंद्र गोयल जी।

श्री महेंद्र गोयलः अध्यक्ष जी प्रश्न संख्या 06 प्रस्तुत हैः

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को 10 लाख रुपए का विद्यार्थी ऋण प्रदान किए जाने का विवरण;

(ख) अब तक प्रदान किए गए ऐसे ऋणों का विवरण;

(ग) क्या यह सत्य है कि जो विद्यार्थी यह ऋण लेते हैं, दिल्ली सरकार उनकी गारंटी लेती है;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि जिन विद्यार्थियों के माता-पिता बैंक द्वारा डिफॉल्टर घोषित किए जा चुके हैं, उन्हें यह ऋण नहीं मिलता;

(ङ) क्या सरकार इन विद्यार्थियों की सहायता के लिए कोई कदम उठाने जा रही है; और

(च) यदि हाँ, तो उनका विवरण?

श्री मनीष सिसोदिया (शिक्षा मंत्री): अध्यक्ष महोदय प्रश्न संख्या-06 का उत्तर प्रस्तुत है:-

(क) दिल्ली हॉयर एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट गारंटी स्कीम के अंतर्गत 10 लाख रुपये तक के ऋण आबंटन का विवरण अनुलग्नक-1[7] पर संलग्न है।

(ख) दिल्ली हॉयर एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट गारंटी स्कीम के अंतर्गत अब तक आबंटित किए गए ऋण का विवरण अनुलग्नक-2[8] पर संलग्न है।

(ग) जी, हाँ।

(घ) जी, नहीं। स्कीम के अन्तर्गत ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

(ङ) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

(च) उपरोक्तानुसार लागू नहीं होता।

माननीय अध्यक्ष: सप्लीमैंट्री

श्री महेन्द्र गोयल: वैसे तो।

माननीय अध्यक्ष: उचित है ना, सप्लीमैंट्री उनको।

श्री महेंद्र गोयल: सर 'घ' का मैं 'जी नहीं' का आपका जो ये है स्कीम के अंतर्गत लेकिन जिस समय ये क्वेश्चन आया था उसके बाद ये क्लीयर हो गई और मैं धन्यवाद भी करना चाहूँगा आपका कि उस बच्चे का वो लोन

7. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

8. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

भी मंजूर हो गया है जिसके लिए मैंने ये क्वेश्चन लगाया था तो आपका और पूरी सरकार का मैं धन्यवाद भी करता हूँ।

माननीय अध्यक्षः हाँ, राखी बिरला जी। माइक खोलिए भई।

सुश्री राखी बिरलाः माननीय शिक्षा मंत्री जी से मेरा ये सवाल है कि जो अम्बेडर यूनिवर्सिटी के तहत एक कॉलेज कैम्पस, सैक्टर-03, रोहिणी, एम. टू.के. के पास बनने के लिए प्रारम्भ हुआ था क्या कोविड की वजह से अभी वो शुरू नहीं हो पाया है या काम रूका हुआ है, अगर शुरू होना है तो कब तक शुरू होगा कोई संभावना इस साल के अन्दर, धन्यवाद।

माननीय शिक्षा मंत्री (श्री मनीष सिसोदिया): राखी ये इससे संबंधित सप्लीमैंट्री नहीं है पर माननीय विधायक सदस्य को इसकी जानकारी अलग से उपलब्ध करा दी जायेगी ।

माननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी, सोमनाथ भारती जी। इसी से रिलेटिड कुछ क्वेश्चन हैं तो आप प्लीज।

श्री सोमनाथ भारतीः (अस्पष्ट)

माननीय शिक्षा मंत्री (श्री मनीष सिसोदिया): मैं माननीय सदस्य के सुझाव से सहमत हूँ अध्यक्ष महोदय इसमें मैं भी इसका समय-समय पर रिव्यू करता रहता हूँ। देखने में ये आया है कि दिल्ली सरकार की हॉयर एजुकेशन में बच्चों की मदद के लिए दो स्कीम्स हैं। एक लोन लेने की स्कीम है और एक उनको scholarship देने की स्कीम है क्योंकि मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई scholarship scheme बहुत ही progressive है और उसमें काफी जो

गरीब परिवारों के बच्चे हैं यहां तक की सात लाख रुपये तक की भी जिनके परिवारों की इन्कम है उस तरह के परिवारों के बच्चों को भी वो स्कीम के तहत उनकी फीस पूरी reimburse हो जाती है, काफी हद तक reimburse हो जाती है और उसमें मैंने देखा था कि उसमें हर साल तीस-तीस, चालीस-चालीस करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि दी जा रही है स्कीम के तहत, तो मैं समझता हूँ कि संभवत् उस वजह से भी लोन की एप्लीकेशन्स नहीं है। इसमें मैंने जो संलग्नक लगाया है इसमें भी सूचना है कि कितने एप्लीकेशन आए और कितने उसमें से स्वीकृत हुए, उसके बारे में भी मैंने पूरा जानकारी इकट्ठा की थी और ये पता चला कि बहुत सारे बच्चे एप्लाई करते हैं लेकिन उनके पास वो सर्टिफिकेट पूरे नहीं होते या वो आधा-अधुरा फॉर्म भरकर देते हैं और फिर बाद में pursue नहीं करते क्योंकि उनको scholarship में पैसा मिल जाता है तो संभवत् इसलिए ज्यादा लोग लोन में इच्छुक नहीं होंगे लेकिन फिर भी मैं इस बात से सहमत हूँ कि इसको आप प्रचार प्रसार करेंगे तो हो सकता है और बच्चे जो वांछित लोन लेना चाहते होंगे उन तक पहुंचेंगे।

माननीय अध्यक्षः क्वेश्चन 07 विजेन्द्र गुप्ता, क्वेश्चन 08 अजय महावर, क्वेश्चन 09 रामवीर सिंह विधुड़ी तीनों बाहर हैं। यह गंभीरता है विपक्ष की। पांच लोगों के बैलेटिंग में नम्बर आए थे स्टार क्वेश्चन चलने नहीं दिया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः श्री राजेश ऋषि जी प्रश्न संख्या-10।

श्री राजेश ऋषिः अध्यक्ष जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं मंत्री महोदय जी से अनुरोध करूंगा कि मेरे प्रश्न का उत्तर दें।

(क) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में उन भवनों का नाम व पते सहित विवरण, जिन्हें दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया है;

(ख) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में उन अस्पतालों का विवरण, जिन्हें दिल्ली अग्नि शमन सेवा द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया है;

(ग) उन भवनों/संस्थानों का विवरण जो वांछित अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना कार्य कर रहे हैं;

(घ) ऐसे भवनों/संस्थानों के विरुद्ध की गई या प्रस्तावित कार्रवाई का विवरण; और

(ङ) दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा दर्ज की गई जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों के दौरान आग लगने की घटनाओं का उनके स्थान, पते सहित पूर्ण विवरण?

माननीय गृह मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय प्रश्न संख्या 10 का उत्तर निम्न प्रकार है:-

(क) दिल्ली अग्नि शमन सेवा के दृष्टिकोण से राजधानी शहर को 03 जोनों, 06 मंडलों और 18 उपमडंलों में बांटा गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार के निश्चित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। जनकपुरी में जिन भवनों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र/एफएससी जारी किया गया है उनकी सूची अनुलग्नक-ए[9] रूप में संलग्न है। मैं बता देता हूँ कि assembly-wise नहीं किया गया है पूरी दिल्ली को

9. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

तीन जोन, छः मंडल और अठाराह उपमंडल में बांटा गया है फिर भी इनके विधानसभा का जितना डेटा मिल सकता था उसको इकट्ठा करके इसको एनेक्स्चर-'ए' में लगा दिया गया है;

(ख) चूंकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं फिर भी जनकपुरी में अस्पताल भवनों की सूची जिन्हें एनओसी/एफएससी जारी किया गया है, अनुलग्नक-'बी'[10] के रूप में संलग्न है।

(ग) दिल्ली अग्निशमन सेवा स्थानीय प्राधिकरण से संदर्भ प्राप्त करने के बाद कार्य आता है। संदर्भ मिलने पर दिल्ली अग्निशमन सेवा अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देश जारी करता है/अग्नि सुरक्षा उपायों के अनुपालन का सत्यापन करता है और फिर संबंधित स्थानीय प्राधिकरण को अनुमोदन या कमियों से अवगत कराता है। तद्नुसार, बिना अनापत्ति प्रमाण-पत्र के चल रहे भवनों की सूची दिल्ली अग्निशमन सेवा के पास उपलब्ध नहीं है।

(घ) स्थानीय प्राधिकरण से संदर्भ मिलने के बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा संबंधित प्राधिकरण को अनुमोदन या कमियों से अवगत कराता है। तद्नुसार, दिल्ली अग्निशमन सेवा संबंधित स्थानीय प्राधिकरण को सूचित करता है, ताकि वह लाईसेंस/अधिभोग प्रमाण-पत्र निरस्त करने की कार्यवाही कर सके जिसके लिए वे जिम्मेदार हैं। इसके अतिरिक्त यदि किसी भवन के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे भी संबंधित प्राधिकरण को उचित कार्रवाई के लिए अग्रेसित किया जाता है।

---

10. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

(ङ) हालांकि दिल्ली अग्निशमन सेवा का डेटा विधानसभा क्षेत्रवार नहीं है फिर भी अभिलेखों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में जनकपुरी फायर स्टेशन क्षेत्र में हुई आग की घटनाओं का विवरण अनुलग्नक-'सी'[11] के रूप में संलग्न है।

माननीय अध्यक्षः राजेश जी एनी सप्लीमैंट्री ।

श्री राजेश ऋषिः अध्यक्ष जी मैं यह जानना चाहता हूँ स्कूलों की जो मुझे जानकारी इसमें दी गई इसमें मैक्सिम्म स्कूल सरकारी हैं जिनको परमीशन मिली है, हॉस्पिटल सरकारी हैं जिनके पास परमीशन है लेकिन हमारे यहां पर बहुत सारे प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं जो बहुत छोटी-छोटी गलियों में चल रहे हैं उनके पास फायर की परमीशन क्यों नहीं हैं और उनको किस तरीके से अस्पताल चलाने का लाइसेंस मिला, मैं इसकी जानकारी चाहूंगा। दूसरा मैं चाहूंगा कि हमारे यहां पर पी.जी. बने हैं जिसमें पिछले दिनों एक एक्सीडेंट भी हुआ था, आग लग गई थी कुछ लड़कियां छत से कूदकर बचाई गई थीं तो आज तक उनके पास फायर का सर्टिफिकेट नहीं मिला यानि उनको लाइसेंस नहीं मिला। Oyo के बहुत सारे होटल्स बने हैं जिनके पास आज तक फायर की क्लीयरेंस नहीं है और वो होटल चल रहे हैं साथ ही हमारे यहां।

माननीय अध्यक्षः राजेश जी क्वेश्चन पूछिए प्लीज, क्वेश्चन पूछिए।

श्री राजेश ऋषिः सर मैं यही कहना चाहता हूँ कि इन्होंने परमीशन क्यों नहीं ली है या फायर वाले इनके पास क्यों नहीं जाते हैं कि बिना फायर की

---

11. http://delhiassembly.delhi.gov.in पर उपलब्ध।

परमीशन के आप कैसे चला रहे हैं? इसके साथ ही हमारी नई कमर्शियल बिल्डिंग बन रही है उनके नक्शे एम.सी.डी. कैसे पास कर देती है जबकि उनके पास फायर की कोई भी क्लीयरेंस नहीं होती। क्या बिल्डिंग के नक्शे पास कराने के लिए फायर क्लीयरेंस की जरूरत है या नहीं, मैं इसकी जानकारी चाहता हूँ कि अगर है तो बिना फायर क्लीयरेंस के उनके नक्शे क्यों पास कर दिए जाते हैं?

माननीय गृह मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, कोई भी नक्शा जो commercial है मतलब non-residential, residential के बारे में बता देता हूँ residential नक्शे जो भी 15 मीटर हाइट तक की बिल्डिंगें हैं और stilt मिलाकर साढ़े सत्रह मीटर है उनके नक्शे फायर के पास नहीं आते हैं बाकी जितनी भी commercial buildings हैं या कोई भी institutional buildings हैं अगर कोई भी MCD, तीनों एमसीडी, DDA, New Delhi Municipal Council पास करती है तो उससे पहले उसका नक्शे का रैफरेंस अग्निशमन सेवा को भेजा जाता है जिसके ऊपर वो अपनी observations भेजते हैं जिसको approval के बाद ही उसको पास करना चाहिए। जैसा कि विधायक महोदय ने बताया है कि अगर बिना फायर की एन.ओ.सी. के इस तरह का कोई नक्शा पास किया जाए तो क्या उसको संज्ञान में लिया जायेगा, कृपया बतायें।

श्री राजेश ऋषि: ऐसी कई..... हैं हमारे यहां पर है ही नहीं कोई एन. ओ.सी. और सर हम जब कोरोना के टाइम में हॉस्पिटल्स में गए थे।

माननीय अध्यक्ष: दूसरी चीज पर उत्तर दे दिया मंत्री जी ने।

श्री राजेश ऋषि: नहीं सर मैं यह जानना चाहता हूँ कि जिनके पास लाइसेंस नहीं होते हैं या परमीशन नहीं होती है, उन पर क्या कार्रवाई की जाती है क्योंकि उनके ऊपर आज तक कोई कार्रवाई दिखी नहीं।

माननीय गृह मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, जो मुझे लगता है कि ये जो छोटे नर्सिंग होम्स हैं जहां तक है ये उनकी बात कर रहे हैं। छोटे नर्सिंग होम्स में 09 मीटर हाइट तक फायर की एन.ओ.सी. की आवश्यकता नहीं होती है और दिल्ली सरकार ने कोरोना के मद्देनजर पिछले डेढ़ साल से उनको एक्सटेंशन दी हुई है जो कि फायर एन.ओ.सी. के बिना उनको चलाने की अनुमति दी हुई है थोड़े दिनों के लिए क्योंकि कोरोना काल में हमने सभी को काम करने के लिए कहा था, तो हो सकता है कि कुछ के पास उसका तमदमूंस ना हुआ हो तो तमदमूंस के बिना भी अभी शायद सितम्बर तक की उनकी डेट है।

तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

1. **श्री अनिल कुमार बाजपेयी :** क्या **लोक निर्माण विभाग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गांधी नगर पुश्ता रोड और गामड़ी मेन रोड को चौड़ा किए जाने की विभाग की कोई योजना है;

(ख) इसका विवरण क्या है;

(ग) दुकानदारों और आम जनता को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए क्या विभाग का गांधी नगर मार्केट क्षेत्र में पर्याप्त पार्किंग सुविधा प्रदान किए जाने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है; और

(ङ) इन प्रस्तावों को कब तक कार्यान्वित कर दिया जाएगा?

लोक निर्माण विभाग मंत्री :

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 6392 (अ) दिनांक 31.12.2018 के अनुसार गांधी नगर पुश्ता रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 709-बी घोषित किया गया है, इस रोड पर कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। मास्टर प्लान में गामड़ी मेन रोड चौड़ी दिखाई गई हैं। राजस्व विभाग द्वारा इस रोड के Alignment को मास्टर प्लान के अनुसार चिन्हित किया जाना है। राजस्व विभाग से मास्टर प्लान के अनुसार रोड को चिन्हित किए जाने की कार्यवाही अपेक्षित है।

(ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 6392 (अ) दिनांक 31.12.2018 (प्रति संलग्न)

(ग) पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा किया जाता है।

(घ) उपरोक्त (ग) अनुसार लागू नहीं है।

(ङ) उपरोक्त (ग) अनुसार लागू नहीं है।

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

EXTRAORDINARY
II— — III
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

PUBLISHED BY AUTHORITY

No. 5136] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 31, 2018/ PAUSHA 10, 1940

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 2018

का.आ. 6392(अ).—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की उप-धारा 2 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग- , खंड-3, उप-खंड ( ) में प्रकाशित अधिसूचना सं. का.आ. 689(अ), दिनांकित 4 अप्रैल, 2011 में एतद्वारा और निम्नलिखित संशोधन करती है, नामत:-

उक्त अनुसूची में, क्रम सं. 408 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के लिए निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत:-

तालिका

क्र. सं.	नई रारा सं.	राष्ट्रीय राजमार्ग का विवरण
(1)	(2)	(3)
408	709बी	संघ राज्य क्षेत्र एनसीटी दिल्ली में अक्षरधाम मेट्रो के निकट रारा-9 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर गीता कालोनी, शास्त्री पार्क, खजूरी खास, शरद सिटी, पुस्ता रोड मांडुला, बागपत, बड़ौत, शामली को जोड़ते हुए उत्तर प्रदेश राज्य में सहारनपुर के निकट रारा-344 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग।

[फा.सं. एनएच-14012/12/2016-पी एम]

राजेश गुप्ता, उप सचिव

7663 GI/2018

Project Director
National Highways Authority of India
PIU-Ghaziabad

श्री राजेश गुप्ताः अध्यक्ष जी आपने 280 में बोलने का मौका दिया आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अध्यक्ष जी, ये सर्वविदित है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार के केन्द्र बिन्दू में दिल्ली की आम गरीब जनता है। माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार न सिर्फ दिल्ली में नये-नये शौचालय बनाए गए बल्कि उनको पूर्णतः निशुल्क भी कर दिया गया परन्तु वजीरपुर में अगर मैं शौचालयों की बात करूँ तो इन शौचालयों में इस वक्त न तो कोई ढ़ंग से रख-रखाव हो रहा है, न साबुन मिलता न डब्बे मिल रहे और अगर कोई मरम्मत का काम होता है तो उसको तीन-तीन दिन टाल दिया जाता है जिससे वहां की गरीब जनता को उन शौचालयों के उपयोग करने में बहुत दिक्कत होती है। मोटर खराब हो जाती है तो मोटर तीन तीन दिन तक ठीक नहीं होती, सीवर भर जाते हैं और उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कभी कोरोना का रोना रो दिया जाता है जबकि इनको सबको ठेकेदारों को दिया हुआ है। तो मेरा ये रिक्वेस्ट है, माननीय मंत्रीजी यहां बैठे हुए हैं, कि जो ये ठेकेदार हैं इन पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो। वैसे मैंने मंत्री जी से बात की थी और उन्होंने बताया था कि इसके दोबारा से ठेके दिए जा रहे हैं और इस बार बहुत ध्यान रखा जा रहा है कि ये ऐसी गलती ना कर सकें लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि सदन में बात उठे। इसके साथ ही माननीय मंत्री जी से एक और रिक्वेस्ट है कि कुछ नालियां बननी हैं, जेलर वाला बाग मेरा एक क्षेत्र है वो रह गया है और वो भी DUSIB के अन्दर में ही आता है। उन बस्तियों में पानी लगातार भर रहा है लेकिन वो फाइल DUSIB के पास है वो कोरोना का नाम लेकर

उसे आगे नहीं बढ़ा रहे हैं, तो माननीय मंत्री जी से मेरी रिक्वेस्ट है कि हो सके तो उसको आज ही पास कर दें ताकि उस पर काम शुरू हो सके और पानी वहां से निकल सके क्योंकि बरसात का समय है। आपने बोलने का मौका दिया आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, अखिलेश पति त्रिपाठी जी।

श्री अखिलेश पति त्रिपाठीः धन्यवाद अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान एम. सी.डी. में जो विजिलेंस की गाइडलाइन है उसकी धज्जियां उड़ाने के संदर्भ में आकृष्ट करना चाहता हूँ कि एम.सी.डी. में भ्रष्टाचार को पराश्रय दिया जा रहा है, उसकी तरफ माननीय मंत्री जी को भी सूचना देना चाहता हूँ कि दिल्ली नगर निगम में ऐसे हालात हैं कि एक-एक पद पर एक-एक व्यक्ति चालीस-चालीस साल से बैठा हुआ है ये हालत है। जहां पर उसकी नियुक्ति होती है और जब तक रिटायर नहीं होता उसी पद पर बैठा रहता है। एक प्रमोशन होता है फिर उसी क्षेत्र में रहेगा। दूसरा प्रमोशन होगा फिर उसी क्षेत्र में बैठा रहेगा। तीसरा प्रमोशन होगा फिर उसी क्षेत्र में बैठा होगा और रिटायर हो जायेगा। भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार, गलतियों पर गलतियाँ करते जायेंगे और उसकी जांच न हो इसलिए वो व्यक्ति उसी स्थान पर बैठा रहता है जबकि अध्यक्ष महोदय Vigilance Commission of India की सिफारिश है कि किसी को तीन साल से ज्यादा अगर उसी पद पर पुनः नियुक्ति दी जा रही है तो उसका युक्तियुक्त कारण होना चाहिए और प्रमोशन के बाद वो व्यक्ति उसी क्षेत्र में प्रमोट नहीं हो सकता दूसरे किसी क्षेत्र में उसको जाना पड़ेगा ताकि उसने जो कार्य अपने कार्यकाल में किया है उसको कोई अतिरिक्त अधिकारी आकर देख पाए, अगर कोई गलतियां हैं तो उसको जनता और अधिकारी जान पायें और उस पर कार्रवाई

हो पाये। मेरे क्षेत्र में भी ऐसी हालत है। एक व्यक्ति सफाई कर्मचारी नियुक्त होता है वो वहीं पर एस.आई. बन जाता है, वहीं पर एस.एस. बन जाता है और वहां से उसको हटाया नहीं जाता ये हालत है।

एक और नई चीज सुनने में आई है, मैंने पता किया कि भई बिल्डिंग विभाग में मेट कौन होता है, बोले जी ये तो कोई पद नहीं है, बोले जी ऐसे लोग तमाम घूम रहे है। इनका नाम वसूली भाई है जैसा हमारे साथी कह रहे है। जब हमने पता किया तो वो व्यक्ति कहीं किसी दूसरे जोन में नौकरी करता है, सरकारी कर्मचारी है और किसी दूसरे जोन में, दूसरे वार्ड में जाकर वसूली करता है। ऐसे लोगों की सीबीआई जांच की फाइल भी बनी है केशव पुरम जोन में। लेकिन क्या मजबूरी है कि एमसीडी के अफसर ऐसे वसूली भाइयों पर कोई कार्रवाई नहीं करते। मैं नाम लेकर बताना चाहता हूं, जोगिंद्र नाम का एक व्यक्ति है, वो नरेला जोन में मैंटिनेंस में नियुक्त है और हमारे मॉडल टाउन विधान सभा के तमाम जगहों पर वसूली भाई के रूप में मशूहर है, वो कब जाता है ड्यूटी करने पता नहीं है।

माननीय अध्यक्षः अखिलेश जी कन्कलूड करिए।

श्री अखिलेश पति त्रिपाठीः तो अध्यक्ष जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऐसे कितने मामले है दिल्ली नगर निगम में जो अपने पदों पर 5 साल से ज्यादा समय से बैठे हुए हैं उनकी जानकारी अगर सदस्यों को दें, तो इससे एमसीडी में जो भ्रष्टाचार है उसका खुलासा करने का भरपूर अवसर मिलेगा। कौन से ऐसे व्यक्ति हैं जो पिछले 10 सालों से उसी जगह पर बैठे हों, वहीं प्रमोट हो गए और फिर भी उनका ट्रांस्फर नहीं हुआ, ऐसे लोगों का डाटा मंगाया

जाए हाउस में, ताकि पता चले और ऐसे लोगों का डाटा मंगाया जाए जो कि 15 सालों से ज्यादा समय से अपने पदों पर बैठे हुए है और उनको वहां से हटाया क्यों नहीं गया, इसका कारण उत्तरी दिल्ली नगर निगम दे, ताकि नगर निगम में जो भ्रष्टाचार हो रहा है उसपर रोक लगायी जा सके।

माननीय अध्यक्षः नम्बर तीन अजय महावर, नम्बर चार ओम प्रकाश श, नम्बर पांच रोहित कुमार महरौलिया जी।

श्री रोहित कुमारः बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मुझे नियम-280 में बोलने का अवसर दिया है। माननीय अध्यक्ष जी मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर इस सदन का और आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं जोकि न केवल मेरे विधान सभा के हजारों-लाखों लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि दिल्ली के भी हजारों लोगों के रोजी-रोजगार और लाखों लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है और मुझे लगता है शायद ही कभी इस सदन में इस विषय पर कभी चर्चा हुई होगी। माननीय अध्यक्ष जी मैं ये बताना चाहता हूँ कि त्रिलोकपुरी, जो कॉलोनी बसाई गई थी 1975-76 के आसपास बसाई गई थी, उसी समय सरकार द्वारा त्रिलोकपुरी ब्लॉक नम्बर 8 और ब्लॉक नम्बर 30 के सामने दो सुअर पालन केंद्र बनाए गए थे। लेकिन इस दौरान लम्बी अवधि बीत जाने के बाद भी वहां पर कोई भी सरकार की तरफ से नगर निगम की तरफ से कोई भी व्यापक व्यवस्था सुअर पालन करने वाले लोगों के लिए नहीं की गई है, जिसकी वजह से वो लोग ना केवल सूअर पालन वहां पर करते हैं बल्कि वहीं पर उनकी slaughtering यानि की उनको काटने का काम भी करते हैं और जिस वजह से उसके सामने रहने वाले जितने निवासी हैं उनका जीवन बहुत नारकीय हो चुका है। बरसातों के दिनों में तो वहां पर इतनी बदबू

और इतनी गंदगी होती होती है कि वहां पर निकलना दूभर हो जाता है, कोई आदमी निकल नहीं सकता है। साथ ही साथ इस सूअर पालन केंद्र के साथ पीडब्ल्यूडी का नाला गुजरता है, उसमें जितने भी अपशिष्ट पदार्थ होते हैं उसमें रक्त भी होता है, अन्य चीजें भी होती हैं वो नाले में डाल दिया जाता है जिससे सं8मण व बीमारियाँ फैलने का भी खतरा रहता है। इसमें मेरा कहने का भाव यही है कि ना केवल ये लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है बल्कि लोगों के रोजगार का भी मुद्दा है। डीएमसी एक्ट–1957 की धारा 405 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अंदर slaughter house बनाने की जिम्मेदारी नगर निगम के ऊपर थी, अन्य सभी जो खाने में नॉनवेज में इस्तेमाल किए जाने वाले जो जानवर हैं उनके लिए slaughter house बनाए गए, अच्छे स्तर पर बनाए गए। चाहे वो भेड़ हो, बकरी हो, भैंस हो, मछली हो, मुर्गा हो। लेकिन सुअर के लिए कोई भी slaughter house की व्यवस्था सरकार की तरफ से नहीं की गई। माननीय अध्यक्ष जी थोड़ा पीछे भी मैं ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि अंग्रेजो के जमाने में 1914 में दिल्ली के अंधा मुगल इलाके के अंदर एक slaughter house की स्थापना की गई थी कि जो आजादी के समय तक चलता रहा, लेकिन पता नहीं क्यों बाद में आई सरकारों के उदासीन रवैये और ये खासतौर से एक जाति और वर्ग विशेष के कार्य के ऊपर उस मंशा को देखते हुए इस ओर बिल्कुल उदासीन रवैया सरकारों का रहा कि उन अंग्रेजों के जमाने में जो slaughter house था उसको भी बंद कर दिया गया, आगे उसको और।

माननीय अध्यक्षः रोहित जी कन्कलूड करिए प्लीज।

श्री रोहित कुमारः मैं कन्कलूड कर रहा हूं सर, बहुत महत्वपूर्ण विषय है लोगों की जिंदगी से जुड़ा मामला है। एमसीडी के मुताबिक ये Prevention

of Cruelty to Animals Slaughter House नियम 2001 की धारा-3 के खंड-2 के तहत किसी भी बीमार जानवर को काटने की मनाही है लेकिन एमसीडी की ये पूरी नाकामी है कि खुले में इस तरह से जानवरों को काटा जाता है जिसमें बहुत सारे बीमार जानवर भी होते हैं, उनकी कोई भी डॉक्टरी जांच नहीं की जाती। आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा कि बहुत सारे स्वंयसेवी संगठन और सूअर पालन करने वाले लोग, माननीय दिल्ली हाईकोर्ट में जब पहुंचे हैं तो वर्ष 2015 में दिल्ली के रानी खेड़ा के अंदर डीडीए ने उत्तरी नगर निगम को जगह आवंटित की, बावजूद उसके इतने साल बीत जाने के बाद भी माननीय अध्यक्ष जी अभी वहां पर एक ईंट नहीं लगी है, कोई व्यवस्था नहीं की गई। मेरा इस सदन से आग्रह है कि ये लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है कि जब लोगों को पूरा हक है कि उनका जो खाना वो खाना चाहते हैं तो उनको वो सही ढंग से मिले, उसकी डॉक्टरी जांच होकर मिले, साथ ही साथ वो लोग जो इस व्यवसाय में है उनको भी अच्छे अवसर मिलें, उनके लिये एक व्यापक व्यवस्था हो। ना केवल रानी खेड़ा के अंदर नगर निगम द्वारा वहां पर व्यवस्था की जाए, बल्कि गाजीपुर के अंदर जो slaughter house है उसके अंदर भी अलग से सुअरों के लिए slaughting house की व्यवस्था सरकार की तरफ से नगर निगम की तरफ से की जानी चाहिए, यही मेरा आग्रह है। एक उदाहरण बता दूं हिन्दुस्तान में केवल एक जगह शिमला के अंदर जो slaughter house है वहां पर सभी जानवरों के साथ-साथ वहां पर सूअर के, पिग के slaughter के लिए व्यवस्था की गई है, पोर्क के लिए। तो वैसी ही व्यवस्था जो अंग्रेजों ने वहां पर की थी, वहां पर तो बदस्तूर जारी है लेकिन दिल्ली के अंदर बंद कर दी गई थी। माननीय मंत्री जी से मैं आग्रह करना

चाहूंगा कि इस ओर ध्यान दें ताकि आने वाले समय के अंदर जो लोग सूअर पालन के व्यवसाय से जुड़े हैं उनको भी रोजगार के अच्छे अवसर मिलें, उनको अच्छा दाम मिले। साथ ही साथ एक्सपोर्ट के अंदर हर चीज में ये कृषि से जुड़ा मामला भी है, हमारा देश कृषि प्रधान देश है।

माननीय अध्यक्षः नहीं अब कन्कलूड करिए आपने जो लिखा था उससे ये बहुत ज्यादा है।

श्री रोहित कुमारः मैं खत्म कर रहा हूं दो मिनट में। उनको एक्सपोर्ट में भी अच्छा अवसर मिल सकता है, अगर सरकार इस ओर ध्यान दे। तो मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि सूअर पालन करने वाले लोगों के लिए व्यापक व्यवस्था की जाए और साथ ही साथ की जो लोग इसका, ना केवल बाल्मिकी समाज के लोग, अन्य समाज के लोग भी इसका उपभोग करते हैं उनके स्वास्थ्य से भी जुड़ा मुद्दा है। तो कृपा करके आप इस ओर ध्यान दें और माननीय मंत्री जी इसमें सरकार की ओर से लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में देखते हुए, लोगों के रोजगार को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्था बनाने का कष्ट करें। आपने मुझे इस अहम मुद्दे पर बोलने का मौका दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। राजकुमारी ढिल्लो जी।

श्रीमती राजकुमारी ढिल्लोंः अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं कि आपने आज मुझे नियम-280 के तहत बोलने का मौका दिया। लेकिन अध्यक्ष जी पिछले सत्र में भी नियम-280 के तहत मैं बोली थी विषय मेरा वही है कि 12 मार्च, 2021 को मैंने इस सदन के माध्यम से एक बहुत

ही गम्भीर विषय उठाया था और गरीब लोग जिनके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी खासतौर से पहचाने जाते है। तो मेरी विधान सभा में एक जेजे क्लस्टर है, झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर मायापुरी फेस-1, उसमें अध्यक्ष जी एक 700 से लेकर 800 मीटर लम्बाई का नाला है जो कि अध्यक्ष जी 6 मीटर चौड़ा है और वो झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर के बीच में से निकल रहा है। लेकिन अध्यक्ष जी मुझे लगातार 4 महीने हो गये डूसिब डिपार्टमेंट के इंजीनियर-इन-चीफ और चीफ इंजिनियर, एससी और एक्सईएन सभी से मैंने कोर्सपोंडेंस की लेकिन इनका कोई भी जवाब नहीं आया, बहुत ही दुख की बात है। माना कि मार्च और अप्रैल में पीक टाइम पर हमारा कोई कार्य नहीं हुआ लेकिन बरसात का मौसम चल रहा है और मैं लगातार उनसे सम्पर्क में हूं। आज ये स्थिति हो गई है कि वो जो नाला है उसका सारा पानी पूरी झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर में जहां कि तकरीबन 10 से 12 हजार गरीब लोग रहते है, उनकी झुग्गियों में दो-ढ़ाई फुट पानी डेली भर जाता है, क्योंकि दो भारी बरसात आ चुकी है और लगातार वो लोग त्राही-त्राही मचा रहे है, क्योंकि अध्यक्ष जी इस नाले की जो चौड़ाई है वो 4 फुट से ऊपर है, 4 फुट से नीचे नगर निगम का काम है, नगर निगम ने अपना पल्ला झाड़ दिया है। अब ये अध्यक्ष जी झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर का जो नाला है वो डूसिब डिपार्टमेंट का है और साथ-साथ हमारा पीडब्ल्यूडी, डीएसआईडीसी ने बहुत अच्छा काम किया है, मैं इसके लिए दिल्ली सरकार का धन्यवाद करूंगी। लेकिन डूसिब डिपार्टमेंट बिल्कुल भी काम करके राजी नहीं है। बहुत ही शर्म की बात है कि तीन दिन पहले मैंने उनको गुहार लगाई कि यहां पर पम्प से इस नाले का पानी निकाल दीजिए, लेकिन एक हॉर्स पावर की इन्होंने मोटर और 20 फुट का लम्बा पाइप जो कि सिर्फ पोना इंच चौड़ा

पाइप, उससे वो पानी निकाल रहे हैं बहुत ही शर्म की बात है। तो मैं ज्यादा ना कहते हुए, सिर्फ इतना ही कहूंगी कि तीसरी भारी बारिश आने से पहले इस नाले का जो पानी है फिलहाल उसको बड़े-बड़े पम्पों से निकलवाया जाए जिससे की गरीब लोगों के घरों में ये जो ऐसी एक दशा बन गई है, बहुत ही मुश्किल का समय आ जाएगा। साथ-साथ करोना और साथ में बरसात में भयंकर बीमारी हो सकती है उनको बचाने के लिए आप कोई ना कोई उसका उपाय ढूंढेघ। आपने मुझे इस अहम मुद्दे पर बोलने के लिए समय दिया बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, धन्यवाद। सात नम्बर अनिल बाजपेयी जी, आठ नम्बर गिरीश सोनी जी।

श्री गिरीश सोनीः धन्यवाद अध्यक्ष जी आपने नियम-280 के अंतर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र की समस्या को उठाने का मौका दिया। अध्यक्ष जी मैं बता दूं इस सवाल को मैं पहले भी नियम-280 के तहत उठा चुका हूं, लेकिन समस्या का कोई निवारण नहीं हुआ है। अध्यक्ष जी मेरी विधान सभा के अंदर 77 नम्बर रोड पंजाबी बाग वार्ड नम्बर-2 से वार्ड नम्बर-3 के अंदर जो एक पुल बनाया था फलड डिपार्टमेंट ने, लेकिन वो पुल एफए-33 नम्बर रोड मेहता चौक की तरफ जाना था तो उससे मिलना था वो रोड। लेकिन उसको वहां पुल बना कर वहीं छोड़ दिया गया और वो चालू नहीं हुआ। लेकिन 3लड डिपार्टमेंट ने टेढ़ा-मेढ़ा करके उसको किसी रोड में मिला दिया और वहां रास्ते में झुग्गियाँ आड़े आ रही हैं, क्योंकि वो झुग्गियाँ उठनी है। जिस तरह से मैट्रो पिलर अभी डल रहे थे मेरी विधान सभा में, तो वहां से भी उन्होंने करीब 70 झुग्गियाँ हर्टाइं थी और उनको मकान-वकान दिए थे और वो मैट्रो पिलर का काम चालू

हो गया, मैट्रो भी चालू हो गई। लेकिन वहां एक संकरा सा रोड चालू कर दिया गया है, लगभग-लगभग एक गाड़ी निकले उसमें से। तो वहां रोज, डेली शाम को जाम लग जाता है, झगड़े हो जाते हैं, लोगों ने गोलियाँ तक चला दी वहां रोड पर कि तू अपनी गाड़ी पीछे कर, मैं अपनी गाड़ी पीछे करूं। तो इस तरह की वहां जो व्यवस्था बनी हुई है। अब जबकि वहां सावदा घेवरा में इन झुग्गी वालों को मकान देने का प्रावधान है, तो जल्दी से जल्दी अगर उनमें से कुछ झुग्गियों को जैसे 50-100 जितनी भी उस पुल के आड़े आती है, उस काम को तेजी से किया जा सके जिससे की वहां जो डेली जाम लगता है और जो डेली के झगड़े होते है और डेली पुलिस थाना अक्सर वहां होता रहता है, इस समस्या का निवारण हो सके। तो जबकि मेरे पास एक लिस्ट भी आई है उसमें कुछ 900 झुग्गियाँ हैं जो आर ब्लॉक के अंदर है, उनको शि3ट करने के लिए सावदा घेवरा में मकान दिए जा सकते हैं, उन मकानों की लिस्ट भी आई है। तो मैं वहां देखकर आया था, लोगों को मैंने कहा भी है इस प्रक्रिया के लिए डिपार्टमेंट को आगे काम करना होगा। क्योंकि जो फलड डिपार्टमेंट है, पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट है वो इसको संज्ञान में लेकर उस पुल को चालू कर सके जिससे कि इस समस्या का निवारण हो सके, धन्यवाद अध्यक्ष जी अपने मुझे बोलने का मौका दिया।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, धन्यवाद। प्रमिला टोकस जी।

श्रीमती प्रमिला धीरज टोकसः धन्यवाद अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी मेरी आरकेपुरम विधान सभा में ज्यादातर जो जमीन है जहाँ कार्य कर सकते हैं वो सीपीडब्ल्यूडी की है केन्द्र सरकार के अधीन है आती है, जो हमारी भाजपा के साथी जो अभी अपने अधिकारों की बात कर रहे थे, ये तो जनता के अधि

कारों की बात है वो उनको छीनने पर आई है। अध्यक्ष जी मेरे आरकेपुरम सैक्टर-1 से लेकर 12 तक सीपीडब्ल्यूडी का काम है। वसंत विहार नानकपुरा ये सारा सीपीडब्ल्यूडी इसमें कार्य करती है। F/SS न तो वो खुद कार्य करती है और न हमें करने देती है। हमने कई बार उनसे एनओसी भी मांगी है लेकिन ना वो एनओसी देते हैं और वहां के जो आर.डब्ल्यू.ए. है या वहां के जो स्थानीय लोग हैं वो हमारे पास आते हैं अपने कार्यों को लेकर। बच्चों के लिए झूले लगवाने हैं या जिम लगवाने हैं या जहां पर अंधेरा है, जहां पर लाइट नहीं है, लाइट लगवाने के लिए लेकिन सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारी हमें एनओसी नहीं देते हैं। कई बार लैटर भी लिखे हैं उनको। मैं नौ लैटर लिख चुकी हूं लेकिन अभी तक उन्होंने एक भी लैटर का जवाब नहीं दिया है ना एनओसी दी है सर। मैने 2019 में पहली चिट्ठी लिखी मई में, दूसरी मैंने दिसम्बर में लिखी 19 में ही, तीसरी चिट्ठी मैंने 2020 में लिखी सितम्बर में। फिर मैने चौथी फिर सितम्बर में लिखी। पांचवी मैंने अक्तूबर में लिखी। छठी मैने 2021 जनवरी में लिखी। सातवीं फिर मैंने 2021 में ही जनवरी में लिखी। आठवीं चिट्ठी मैंने 2021 फरवरी में लिखी और नौवीं भी फरवरी में ही लिखी लेकिन अभी तक उन्होंने कोई जवाब नही दिया ना एनओसी दी है ना वो बात करके राजी है। अध्यक्ष जी, वहां की जनता बहुत दुखी है कि उनके वहां पर अंधेरा है और महिलाएं आती हैं हमारे पास। उनको डर लगता है चलने में, कहीं कुछ अनहोनी ना हो जाए। लेकिन केन्द्र में भाजपा की सरकार है और जो एरिया हमारा सीपीडब्ल्यूडी कालोनी का या तो एमसीडी का एरिया है या हमारा सीपीडब्ल्यूडी का एरिया है जो दोनों ही भाजपा शासित लोगों का है जो ना काम करने देती है, ना करने देंगे। उनका तो विकास अभी तक हुआ नहीं है सर। हम विकास करने

जा रहे है तो वो विकास होने नहीं देते.....। सर मेरी इतनी रिक्वेस्ट है कि वहां के जो लोगों की रिक्वेस्ट आई है झूलों की या वहां पर पार्कों में जिम लगने हैं, लाइटें लगनी है, वो हमें एनओसी दें ताकि हम वहां पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर पाए। धन्यवाद सर।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद-धन्यवाद। श्री विशेष रवि जी।

श्री विशेष रविः बहुत-बहुत शुक्रिया अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, मैं आज नियम 280 के तहत स्वास्थ्य विभाग के प्रिंसिपल सैक्रेट्री महोदय के द्वारा पत्रों के जवाब न देने और कार्यवाही न करने के संदर्भ में आपके सामने रिक्वेस्ट करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्षः ये विषय तो नहीं दिया है आपने।

श्री विशेष रविः जी सर।

माननीय अध्यक्षः जो मेरे पास है 280 में ये नहीं है। पढ़िए क्या है। पढ़िए।

श्री विशेष रविः सर, अलग डेट। कल का अलग है आज का अलग है।

माननीय अध्यक्षः आप क्वेश्चन पढ़ रहे हैं, ये 280 चल रहा है।

श्री विशेष रविः जी हाँ सर, 280 ही बोल रहा था सर।

माननीय अध्यक्षः 280 में आपने जो दिया है worst state does the government intend to take....

श्री विशेष रविः सर, ये भी दिया था ये शायद कल के लिए था ये आज आया है।

माननीय अध्यक्षः चलिए वो कल को देख लिजिएगा।

श्री विशेष रविः सर, सर ये स्वास्थ्य विभाग के प्रिंसिपल सैक्रेट्री महोदय को मैने लगभग 18 पत्र पिछले एक साल के अंदर लिखे है, अलग-अलग समस्याओं को लेकर। संवैधानिक व्यवस्था के अंदर एक निर्वाचित सदस्य के पास सबसे बड़ा हथियार जो होता है वो पत्र का ही होता है। लोग हमारे पास आते हैं समस्याओं को लेकर और अपनी चिट्ठी देते है तो हमारी इसमें डयूटी बनती है कि हम जो सम्बन्धित विभाग है उनको लिखें और उस पर कार्यवाही के लिए उनसे प्रार्थना करें। लेकिन बड़े दुख की बात है कि 18 चिट्ठियां एक साल में गई हैं। चिट्ठियों पर कार्यवाही तो बहुत दूर की बात है, चिट्ठी का acknowledgment तक भी आज तक नहीं आया। सर, मेरा ये निवेदन है कि नियम-280 में आज इसे उठाने के बाद आप जिस भी कमेटी के अंदर इसको आप ठीक समझें इसको आप रैफर कर दें ताकि.....

माननीय अध्यक्षः विशेष जी मेरे पास एक बार आपने जो भेजा हुआ है वो दूसरा है ये 29.07.21 की डेट है आपके साईन है। ये जो आप मांग कर रहे है इसको मुझे लिखकर दे दीजिए वो अलग।

श्री विशेष रविः ठीक है।

माननीय अध्यक्षः मैं बात कर लूंगा। ये जो आपने दिया हुआ है इसको आप पढ़ दीजिए।

श्री विशेष रविः ठीक है सर। तो जो आज दूसरा लाया हूं वो पढ़ देता हूं।

माननीय अध्यक्षः नहीं उसको नहीं टेकअप कर रहा हूं। नहीं चालाकी मत करिएगा।

श्री विशेष रविः सर, नहीं-नहीं-नहीं। सर, आपने अलाऊ किया है मैंने तभी पढ़ा है।

माननीय अध्यक्षः नहीं ये वाला लीजिए जो दिया हुआ है।

श्री विशेष रविः ठीक है सर। मैं ये वाला ही पढ़ देता हूं। ये जो ईश्यू है उसमें निवेदन ये है कि एससी, एसटी, ओबीसी जितने ये एससी, एसटी और ओबीसी सर्टिफिकेट जो एसडीएम ऑफिस से बनाए जाते हैं सर इसके अंदर जो 1996 से पहले का रिकार्ड या हो सकता है कि हर एसडीएम कार्यालय के अंदर अलग व्यवस्था हो। हमारे यहां करोल बाग के अंदर 1996 से पूर्व के जितने सर्टिफिकेट बने हुए हैं वो उनका रिकार्ड इनके ऑफिस में नहीं होता है। उसके लिए ये इनका हैड ऑफिस शाम नाथ मार्ग पर है वहां पर भेजते हैं, वहां से वैरिफिकेशन आने के बाद फिर वो किसी व्यक्ति का सर्टिफिकेट बनाते हैं। अगर कोई अपने बच्चे का या परिवार में किसी का बना रहे है। सर, इसमें समस्या ये है कि बहुत सारे लोग जो अब सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई करते हैं तो इनके परिवार के लोगों के सर्टिफिकेट पहले बने हुए हैं और जिनका रिकार्ड एसडीएम ऑफिस में नहीं है उनका रिकार्ड वहां हैड ऑफिस में भी नहीं मिलता है जिसकी वजह से एसडीएम ऑफिस की तरफ से जो सर्टिफिकेट्स हैं वो समय पर नही बनाए जाते। हमें personally intervene करना पड़ता है, उनको समझाना पड़ता है कि भई नियम में ये है, ग्राउंड वैरिफिकेशन कीजिए उसके बाद बन जाएगा। तब जाकर आदमी का बनता है तो सर मेरा ये निवेदन

है कि इन रिकार्डस को जो 1996 से पहले के हैं या दूसरे पूरी दिल्ली के जितने भी सर्टिफिकेट जो पुराने बने हुए हैं उनको डिजिटाइज किया जाए, उनको कम्प्यूटर सिस्टम में लाया जाए ताकि वहां पर कोई भी आदमी अगर सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई करता है चाहे वो एससी, एसटी, ओबीसी के लिए कभी भी अप्लाई करे तो सिस्टम में रिकार्ड में वहीं एसडीएम ऑफिस में हो, वहीं वैरिफिकेशन हो जाए और बिना समय खराब किये ये सर्टिफिकेट जो है applicant को मिल जाए। बहुत-बहुत शुक्रिया। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। श्री सोमदत्त जी।

श्री सोम दत्तः धन्यवाद अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान मेरी विधान सभा में विधायक कार्यालय से सम्बन्धित विषय पर दिलाना चाहता हूं। अध्यक्ष जी, पिछले वर्ष भी कोरोना का लॉकडाउन लगा और गाइडलाईन्स तमाम लागू रही। इस वर्ष भी लॉकडाउन रहा और तमाम लाइडलाईन्स लागू हैं। इस दौरान विधायक कार्यालय में रोजाना आज की डेट में भी एवरेज कम से कम सात सौ आठ सौ लोग रोजाना विजिट करने आते हैं अपनी समस्याओं को लेकर या अपनी क्वेरीज को लेकर। लेकिन कोविड की गाइडलाईन्स को लागू करने के लिए और इसके प्रोटोकोल पालन के लिए मेरा आपसे निवेदन है कि कम से कम चार सिविल डिफेंस के volunteers क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में लोग आते हैं और ये केवल मेरी समस्या नहीं है, मेरे ख्याल से हरेक विधायक साथी की है, तो मेरी रिक्वेस्ट है आपसे कि कम से कम चार सिविल डिफेंस के volunteer जिनमें दो पुरूष और दो महिला हों दिए जाएं ताकि वहां पर सही तरीके से कोविड गाइडलाईन्स का पालन कराया जा सके, क्राउड मैनेजमेंट की

जा सके। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि बहुत urgent है। हम सब के परिवारों से जुड़ा हुआ मसला है। इसके लिए प्लीज कोई व्यवस्था दी जाए। आपने मेरी बात को सुना इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी। एक सैकेंड। इस विषय पर मैने चर्चा की है और बहुत जल्दी ये करने वाले हैं।

श्री महेंद्र गोयलः धन्यवाद अध्यक्ष जी, जो साथ की साथ आप दे दोगे तो बहुत बढ़िया रहेगा। आज ही देकर भेज दो साथ की साथ।

माननीय अध्यक्षः भावना गौड जी।

सुश्री भावना गौडः सर मेरा 280 में इसमें नहीं है।

माननीय अध्यक्षः आपका है 280 में भई क्या बात कर रहे हो। 29.07.21 आप नहीं पढ़ना चाहती तो नैक्स्ट बोल दूं मैं।

सुश्री भावना गौडः माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे 280 में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान दिल्ली विकास प्राधिकरण यानि डीडीए के भ्रष्टाचार की ओर दिलाना चाहती हूं। एग्रीमेंट नं0 52 के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा एसडब्ल्यूडी-7 के तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता श्री आरके बावरिया की देखरेख में एसटीपी पाइप लाईन डाली गई थी। तब वर्ष 2016 में इस पर लगभग आठ करोड़ रूपये की लागत लगाई गई थी। अध्यक्ष महोदय, आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि डीडीए के द्वारा ड़ाली गई इस पाइप लाईन के केवल मरम्मत के कार्य में अब तक इस लाईन को बिछाने के बाद में लगभग

पांच करोड़ और खर्च हो गए हैं और ये पाइप लाईन जगह-जगह से फटने लगी है। इस गम्भीर मामले पर संज्ञान लेते हुए जब आईआईटी दिल्ली से जांच कराई गई तो रिपोर्ट में पाया गया कि ये पाइप लाईन एस्टीमेट के अनुसार जिस कम्पनी की ड़ाली जानी चाहिए थी उस कम्पनी की नहीं ड़ाली गई। अध्यक्ष महोदय, वास्तव में इस काम में अनियमितताएं बरतते हुए तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता श्री आरके बावरिया की देखरेख में जबरदस्त घोटाला हुआ जिसकी शिकायत दिल्ली के माननीय उप-राज्यपाल, भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय और प्रधान मंत्री जी को भी जो पीएम का सेल है शिकायत सेल है उसको भी इसकी शिकायत की गई, परन्तु सम्बन्धित दोषी एवं भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्यवाही करना तो बहुत दूर की बात है उस अधिकारी को प्रमोशन दिया गया। सेवानिवृत होने के बाद में आज भी consultant के रूप में वो डीडीए के अंदर कार्यरत हैं। अध्यक्ष महोदय, इस घोटाले की प्रधान मंत्री कार्यालय को जब शिकायत की गई तो दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्रवाही न करके उन्हें पदोन्नति दिया जाना यह दर्शाता है कि डीडीए के भ्रष्ट अधिकारियों को भारत सरकार का संरक्षण प्राप्त है। अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से दिल्ली विकास प्राधिकरण के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा दिल्ली की आम जनता के हितों की सुरक्षा हेतु यथेष्ठ कार्रवाई की जाने की मांग करती हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। धन्यवाद। जितेंद्र महाजन जी तेरहवां, चौदहवां है मोहन सिंह बिष्ट और अन्तिम मैं ले रहा हूं पन्द्रहवां जय भगवान उपकार जी।

श्री जय भगवानः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपने 280 में मुझे बोलने का मौका दिया। उसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महेदय, मैं आपका ध्यान बवाना विधान सभा के बवाना जेजे कालोनी के F,G,H,I,J,K,L,M ब्लॉक की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह ब्लॉक दिल्ली विकास प्राधिकरण डीडीए द्वारा वर्ष 2006 में इनका आवंटन किया गया था। यहां पर पश्चिम विहार, विकास पुरी, केला गोदाम, अशोक विहार, प्रगति मार्केट मुण्डका मैट्रो की जगह से झुग्गियों को हटाकर उन्हें डीडीए द्वारा यह प्लाट दिये गए। पिछले सात वर्षो में डीडीए द्वारा विकास के नाम पर यहां किसी भी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं किया गया। वहां की सड़कें, गलियां टूटी हुई हैं। बारह शौचालयों में से दस बंद पड़े हैं। शादी विवाह करने के लिए कोई भी सामुदायिक भवन नहीं है। बच्चों को पढ़ने के लिए आसपास कोई विद्यालय नहीं है। बच्चों के खेलने के लिए कोई भी पार्क विकसित नहीं है। पार्को की चारदीवारी टूटी फूटी पड़ी है। कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। कूड़ा ढ़लाव घर नहीं है और तो और पीने के पानी की जो सप्लाई है वो भी ठीक नहीं है। इनके सभी पम्पिंग हाउस खराब पड़े हैं। इन ब्लॉकों में आने जाने के लिए कोई भी परिवहन की व्यवस्था नहीं है। बिजली के खम्बों पर लाइट की व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से वहां अंधेरा रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से यह लोग अपने आप को ऐसा महसूस करते हैं क्योंकि यहां चोरी, लड़ाई झगड़ा या अन्य कोई वारदात होने पर पुलिस द्वारा इनकी कोई मदद नहीं जाती। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से भी गुजारिश करूंगा कि डीडीए को आदेश करके इन दस हजार झुग्गी वासियों के साथ न्याय करे और उनके यहां पर विकास जल्दी से जल्दी शुरू कराए जाएं। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपसे निवेदन करना

चाहता हूं कि बवाना जेजे कालोनी F,G,H,I,J,K,L,M ब्लॉक के दस हजार झुग्गीवासी आप की और दिल्ली विधान सभा की तरफ बड़ी आशा की दृष्टि से देख रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि उनके विकास का मुद्दा दिल्ली विधान सभा में उठाने के बाद उनका विकास कार्य डीडीए द्वारा जल्दी से जल्दी चालू कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, बवाना के झुग्गीवासियों के लिए आज जब मैं सदन में बोल रहा हूं तो यह सोच कर मेरे मन को बड़ी पीड़ा हो रही है, दुख हो रहा है कि आजादी के 75 साल पूरे होने को हैं और आज बारिश होने की वजह से उनके घरों में, गलियों में, रोडों पर, पार्कों में पानी भरा हुआ है। उनकी स्थिति बदहाल हो गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा उनकी कोई मदद नहीं की गई। अध्यक्ष महोदय, जब इन झुग्गीवासियों के यहां सम्पूर्ण विकास होगा तो मुझे लगता है कि उनका भी कोई बेटा डा0 भीमराव अम्बेडकर डा0 अब्दुल कलाम, डा0 अब्राहम लिंकन और कोई भी बेटी एम सी मैरीकोम, कल्पना चावला और करणम मल्लेश्वरी बन सकती है। अंत में अध्यक्ष महोदय, जब तक पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति के यहां पर विकास नहीं पहुंचेगा तब तक इस देश का विकास नहीं हो सकता। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। नरेश यादव जी।

श्री नरेश यादवः धन्यवाद अध्यक्ष जी, जो आपने मेरी महरौली विधान सभा की समस्या को उठाने का मौका दिया। अध्यक्ष जी, मेरे क्षेत्र में एक जे.जे. क्लस्टर है बहुत बड़ा कुसुम पुर पहाड़ी नाम से लगभग 50 हजार से ज्यादा की आबादी का क्षेत्र है अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, वहां पर पानी की विकट समस्या है कहीं से भी कोई फिल्टर पानी की लाइन नहीं है वहां पर और लगातार 2015 से पहली बार जब मैं विधायक था तब भी ये डिमांड वहां के

लोगों की है कि वहां पर पाइप लाइन से फिल्टर पानी दिया जाए। अध्यक्ष जी, वहां पर अभी जो पानी का सोर्स है वो केवल टेंकर्स के द्वारा दिया जाता है या वहां पर कुछ ट्यूबवेल बनवाए गए हैं क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र है ट्यूबवेल में भी ज्यादा पानी नहीं आता अध्यक्ष जी। तो मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि कुसुम पुर पहाड़ी की ये काफी पुरानी डिमांड है कि वहां पर पाइप लाइन से पानी देने की व्यवस्था की जाए। अध्यक्ष जी, इसके अलावा वहां पर डूसिब के बहुत सारे टॉयलेट्स बनाए गए थे और वो टॉयलेट्स काफी संख्या में थे मैं उसके लिए धन्यवाद करता हूं मंत्री जी का। लेकिन अध्यक्ष जी वहां पर उनके रखरखाव में आज बहुत बुरी हालत है। जैसे ही वो भर जाते हैं तो उनको सफाई नहीं की जाती, वहां के जो ठेकेदार हैं वो भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। ईवन जो कंस्ट्रक्शन वर्क किया गया था अध्यक्ष जी वो भी अब काफी खराब होने लग गया है, शीट्स वगैरह टूट गई हैं, उसकी छत टूट रही है। तो आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि कुसुम पुर पहाड़ी में जितने भी टॉयलेट्स बने हैं और अभी हाल ही में बने हैं उसपर एक जांच भी की जाए ताकि वहां पर क्वालिटी चेक भी हो और उनका ठीक से रखरखाव कराया जाए। अध्यक्ष जी, बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्वाद। अब माननीय मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन जी कार्यसूची में दर्शाए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं अब नहीं सुन रहा जी प्लीज। दर्शाये गये अपने विभाग से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत करेंगे। माननीय मंत्री जी।

माननीय ऊर्जा मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से कार्यसूची के बिन्दु क्रमांक 4 के उप बिन्दु I में दर्शाये गये दस्तावेजों की अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत करता हूं:

1. दिल्ली पावर कम्पनी लिमिटेड (डीपीसीएल) का वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)[12]
2. दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय क्रय दायित्व एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र रूपरेखा को लागू करने विषय(क) विनियम, 2021 के संदर्भ में दिल्ली राजपत्र (असाधारण, भाग-3) में जारी अधिसूचना संख्या एफ. 3(600)/टैरिफ-वित्त/डीईआरसी/2019-20/6750/061 दिनांक 13 अप्रैल, 2021 (हिन्दी एवं अंगेजी प्रति)[13]
3. दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय योजना) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2021 के संदर्भ में दिल्ली राजपत्र (असाधारण, भाग-3) में जारी अधिसूचना संख्या एफ. 3(600)/टैरिफ-वित्त/डीईआरसी/2019-20/6705/063 दिनांक 13 अप्रैल, 2021 (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)[14]

माननीय अध्यक्ष: अब श्री कैलाश गहलौत जी माननीय परिवहन मंत्री कार्यसूची में दर्शाये गये अपने विभाग से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत करेंगे।

---

12. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20009 पर उपलब्ध।
13. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20007 पर उपलब्ध।
14. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20006 पर उपलब्ध।

माननीय परिवहन मंत्री (श्री कैलाश गहलौत): अध्यक्ष महोदय मैं आपकी अनुमति से कार्यसूची के बिन्दु क्रमांक 4 के उप बिन्दु II में दर्शाये गये दस्तावेजों की अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत करता हूं:

1. दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज के पूर्वावलोकन की प्रतियों सहित वर्ष 2016-17 हेतु वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)[15]

2. दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज के पूर्वावलोकन की प्रतियों सहित वर्ष 2017-18 हेतु वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट (हिन्दी एवं अंगेजी प्रति)[16]

3. दिल्ली परिवहन निगम भविष्य निधि न्यास का वर्ष 2017-18 हेतु वार्षिक लेखा एवं लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)[17]

4. परिवहन विभाग की मुख्य चांदनी चौक मार्ग पर लाल किले से फतेहपुरी मस्जिद और आसपास के क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के संदर्भ में दिल्ली राजपत्र (असाधारण, भाग-4) में जारी अधिसूचना संख्या फा. सं. 19(17)/सचि0/परिवहन/2020/49052 दिनांक 14 जून, 2021 (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)[18]

---

15. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20011 पर उपलब्ध।
16. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20010 पर उपलब्ध।
17. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20012 पर उपलब्ध।
18. दिल्ली विधान सभा पुस्तकालय के संदर्भ संख्या आर-20008 पर उपलब्ध।

माननीय अध्यक्षः श्री संजीव झा जी माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में चर्चा आरम्भ करेंगे। इस चर्चा में अन्य सदस्य भी भाग ले सकते हैं।

श्री संजीव झाः बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष महोदय की आपने इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया। जैसा कि अध्यक्ष महोदय आपने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त की नियुक्ति हुई है। 1984 बैच के गुजरात कैडर के आईपीएस अफसर हैं श्री राकेश अस्थाना जी जिनकी नियुक्ति दिल्ली पुलिस कमिश्नर के तौर पर हुई है और इसमें हैरतअंगेज बात ये है कि उनके रिटायर्मेंट के केवल 4 दिन रह रहे थे। तो 4 दिन पहले न केवल उनकी नियुक्ति की गई है बल्कि एक साल का एक्सटेंशन भी दिया गया। मुझे लगता है कि ये नियुक्ति न केवल असंवैधानिक है बल्कि ये माननीय उच्चतम न्यायालय की अवमानना भी है और जो एक established procedure है ये उसके भी खिलाफ है। चूंकि हम सबको बेहतर याद है कि 2019 में एक जजमेंट आया था माननीय सुप्रीम कोर्ट का, उस जजमेंट में ये कहा गया था कि अगर किसी पुलिस अधिकारी की नियुक्ति डीजीपी के लेवल पर होनी है तो कम-से-कम 6 महीने की अवधि होनी चाहिए। अगर 6 महीने की अवधि नहीं हो तो उनकी नियुक्ति नहीं हो सकती। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक निर्देश भी जारी किया गया है यूपीएससी को कि क्या क्राईटेरिया हो सकता है अगर आप डीजीपी की नियुक्ति करते हैं और माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यों के डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया में संघ लोक सेवा आयोग से सलाह लेने का निर्देश दिया गया। इस प्रक्रिया में संबंधित राज्य सरकारों को कार्यकारी डीजीपी के रिटायर्ड होने से 6 महीने

पहले यूपीएससी को इस पद के दावेदारों का नाम भेजना होगा। यूपीएससी डीजीपी के पद पर नियुक्त किए जाने के लिए उपयुक्त तीन अधिकारियों का एक पेनल तैयार करेगा और उसे वापस भेजेगा। यूपीएससी जहां तक व्यावहारिक हो, विचार क्षेत्र के ऐसे लोगों को चुनेगा जिनकी सेवानिवृत्त में कम-से-कम दो साल शेष हों और इसके अन्तर्गत योग्यता एवं वरिष्ठता को वरीयता दी जाएगी। तदोपरांत राज्य सरकारें यूपीएससी द्वारा चुने गए व्यक्तियों में से किसी एक को डीजीपी पद पर नियुक्त करेंगी। अब देखिए अध्यक्ष महोदय जैसा मैंने आपको पहले कहा कि इसमें से एक भी कोई ऐसा मानक नहीं है जिसका अस्थाना जी के नियुक्ति में अनुपालन किया गया हो। ये नियुक्ति रातों-रात की गई है। क्या वो तीनों अधिकारियों का पैनल बना, कौन-कौन से नाम भेजे गए और उस नाम पर इनकी अनुशंसा कैसे हुई? तो अध्यक्ष महोदय जैसा मैंने पहले आपको कहा था कि प्रकाश सिंह वर्सिस यूनियन ऑफ इंडिया का जजमेंट था जिस जजमेंट में ये categorically कहा गया था। अगर वो जजमेंट का मैं आपको केवल एक पैरा सुना देता हूं 'it has been brought to our notice that some of the states have adopted a practice to appoint DGPs on the last date of retirement as a consequence of which the person continues for two years after his date of retirement. Such a practice is not in conformity with the spirit of the direction' तो इसका मतलब है कि इनकी जो नियुक्ति है ये नियुक्ति ये दर्शाती है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का जो ये जजमेंट था उस जजमेंट की अवहेलना की गई है। अब राकेश अस्थाना जी दिल्ली के पुलिस कमिश्नर हैं, मैं कहता हूं ये हाईएस्ट पोस्ट है पुलिस का, अगर highest पोस्ट पर कोई आता है तो उनकी integrity उनकी commitment क्या है ये सबसे पहले जानना

बहुत जरूरी है। अब राकेश अस्थाना जी blue eyed guy रहे हैं हमेशा प्रधानमंत्री जी के चाहे वो जब गुजरात में रहे हो तब या अब जब केन्द्र में आए हैं तब। जब जब प्रधानमंत्री जी को जरूरत पड़ी है राकेश अस्थाना जी available मिले हैं उनको और ऐसे कई सारे instances हैं। अगर मैं 2002 से गिनने लगूं तो एक लम्बा सीरिज है बहुत वक्त जाएगा। आप सबको याद होगा 2011 में एक केस जिसमें राकेश अस्थाना जी पर लेन-देन का आरोप लगा था। 2017 में जो कुछ वाक्या हुआ एक लड़ाई सीबीआई वर्सिस सीबीआई हो चुका था अब जो व्यक्ति अपने ही institution को sabotage करे, जो व्यक्ति अपने institution को खत्म करने की कोशिश करे ऐसे व्यक्ति की integrity पर हम कैसे भरोसा कर सकते हैं और हैरत-अंगेज बात ये है कि इसी व्यक्ति को आज दिल्ली पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। उनको जब सीबीाई हैड की नियुक्ति की बात हुई थी तब भी माननीय सुप्रीम कोर्ट कहा कि ये संस्था कमजोर करने की कोशिश की जा रही है चूंकि उनके tenure के केवल 6 महीने बचे हुए थे। तो अगर वो सीबीई स्टेट हैड नहीं बन सकते, अगर वो वहां माननीय सुप्रीम कोर्ट का ये वर्जन था तो फिर ये आज पुलिस हैड दिल्ली में कैसे बन गए? आखिर ऐसी कौन-सी मजबूरी है? मैं वो नोटिफिकेशन देख रहा था तो नोटिफिकेशन में ये कह रहे हैं कि स्पेशल purpose से अब ये स्पेशल purpose किसका है ये दिल्ली की जनता का है या माननीय प्राइम मिनिस्टर, होम मिनिस्टर का है चूंकि ये जो ACC है उसको हैड प्राइम मिनिस्टर करते हैं। तो इसका मतलब है कि प्राइम मिनिस्टर को ना तो संविधान से मतलब है, ना माननीय उच्चतम न्यायालय से मतलब है, ना उनको प्रोसीजर से मतलब है। वो भूल गए हैं कि प्रधानमंत्री इस देश में demoractically elect होकर आए हैं और ये

देश लोगों की will से चलता है ये किसी "whims and fancy" से नहीं चल सकता। लेकिन जिस तरह से ये नियुक्ति की गई है वो दिखाता है उनकी "whims and fancies" है। तो ये स्पेशल केसिज नहीं है ये स्पेशल मिशन पर भेजा गया है इनको और मुझे ये लगता है कि जब-जब प्रधानमंत्री जी को ये आशंका हुई कि हम पर किसी तरह की गाज गिर सकती है तो राकेश अस्थाना की नियुक्ति हो जाती है, चाहे वो सीबीआई का मसला हो या गुजरात में एक series of stories उसका मसला हो। तो इसका मतलब है कि दिल्ली में एक स्पेशल मिशन पर भेजा गया है चूंकि आज गुजरात कैडर के व्यक्ति को, दिल्ली एक राजधानी है उसकी पुलिस का हैड बनाया जा रहा है, जिनको ना तो दिल्ली का अनुभव है, ना दिल्ली के क्राइम के बारे में जानकारी है या क्राइम के consequence उनके बारे में जानकारी है। इनका अनुभव भी अगर देखें तो सीबीआई में ज्यादा है। तो ये क्या बनाना चाहते हैं, क्या ये सीबीआई investigation wing बनाना चाहते हैं? तो इसका मतलब है कि इनको दिल्ली में हो रहे अपराध की चिंता नहीं है। दिल्ली में चाहे रोज मर्डर हो रहे हो या रेप की घटनाएं हों या molestation की घटनाएं हो रही हों या चोरी हो या डकैती हो रही हो, उसको रोकना इनकी मंशा नहीं है चूंकि अगर ये मंशा उनको रोकने की होती तो एक AGMUT जिस कैडर के जरिए दिल्ली में कौन पुलिस हैड होगा वो तय होता है उसी कैडर से आते हैं लोग। तो एक बात और प्रधानमंत्री जी को बतानी चाहिए कि क्या AGMUT Cadre में कोई ऐसा अनुभवी व्यक्ति नहीं है, किसी के पास दिल्ली में पुलिसिंग का अनुभव नहीं है। decades of experience वाले लोग पुलिस में हैं, क्या उनको उन पर विश्वास नहीं है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि बालाजी श्रीवास्तव जी को अतिरिक्त

भार देने के बाद फिर उनको वापस ले लिया गया? बालाजी श्रीवास्तव को दिल्ली में पुलिसिंग का अनुभव है। decades से वो दिल्ली में पुलिसिंग करते रहे हैं। तो इसका मतलब है कि जो AGMUT Cadre पुलिस है, जो AGMUT Cadre के लोग हैं उनकी भी अवमानना, उन आईपीएस की अवमानना है चूंकि आप उनपर भरोसा नहीं कर रहे या जैसा मैंने पहले कहा कि जो स्पेशल मिशन आप दिल्ली में चाहते थे आपको भरोसा नहीं था कि AGMUT Cadre पुलिस वो आपके लिए करेंगे इसलिए उस मिशन पर आपने इनको भेजा है। तो दिल्ली में आपका क्राइम नहीं रोकने का मकसद है, दिल्ली को destablise का मकसद है। आज ही मैंने अध्यक्ष महोदय आपकी पीड़ा सुनी कि किस तरह से सदन के अधिकार को छीना जा रहा है। आपकी पीड़ा से हम सब भी आहत हैं कि आज दिल्ली में एक इलेक्टिड गवर्नमेंट के ना केवल अधिकार को छीना जा रहा है बल्कि दिल्ली के सदन के अधिकार को भी कम किया जा रहा है। तो एक तरफ आप जितने भी प्रशासनिक राइट्स हैं वो भी ले रहे हैं और दिल्ली में एक ऐसे व्यक्ति को भेजकर डराने की कोशिश कर रहे हैं, पर आप भूल रहे हैं यहां पर बैठे जितने भी व्यक्ति हैं, मैं दावे से कह सकता हूं कि ऐसे 90 परसेंट लोग हैं जो पुलिस की इस atrocity का शिकार रहे हैं और कोर्ट में जब ये केसिज गए तो सब धराशायी हो गया। तो फिर आप अपना एक henchman भेज रहे हैं। एक तो इससे दिल्ली का कोई कोई भला नहीं होने वाला।

मैं एक कहानी कहीं पढ़ रहा था कि किसी एक मठ में कोई एक बदमाश, एक क्रिमिनल था। कुछ लोगों के सहयोग से वो मठाधीश बन गया। जब वो मठाधीश बन गया तो कहा गया कि जो मठ के महन्त हैं उनको प्रवचन भी

देना है। अब बेचारे को प्रवचन देना तो आता नहीं था। दिन-रात वो मारपीट करता था, गुण्डागर्दी करता था वो। तो जब बात होती थी राम कथा की तो उसमें घुसेड़ देते थे महाभारत। तो जब कहा कि भाई महन्त को प्रवचन देना आता नहीं है तो साथ में एक henchman को रख लो और अगर मान लीजिए वो लीक से बहक जाये तो वो टार्च दिखा दे। अब जिसको वो टार्च दिखायेगा वो गायब हो जायेगा। वैसे भी उस समय के लोगों ने कहा कि इस मठ के जो महन्त हैं इनके भी ट्रैक रिपोर्ट बहुत लोग जानते है। डर से ऐसे भी नहीं बोलेंगे। अगर दो-चार बोले तो टार्च दिखाओ। बाकी अपने आप डर जायेंगे। तो आज प्रधानमंत्री जी ने एक टार्च bearer बुलाया है कि अगर कोई उनके खिलाफ बोले तो उसको टार्च दिखाओ और वो गायब हो जाये। हो सकता है सदन में जो साथी बोल रहे हैं टार्च की रोशनी उन पर भी आये लेकिन इसके शिकार हम पहले भी हो चुके है। हम सब घबराने वाले नहीं हैं लेकिन चिन्ता हमे दिल्ली की है। चिन्ता हमारी ये है कि आज जो ये दिल्ली में अपराध रेट है, आज जो ये दिल्ली में तरह-तरह के क्राइम हो रहे हैं वो क्राइम कैसे रूकेगा। चूंकि कोई बाहर से आया हुआ व्यक्ति न तो दिल्ली की पुलिसिंग को समझ पायेगा, न दिल्ली पुलिस की कार्य प्रणाली को समझ पायेगा। तो ऐसे में मुझे ये लगता है कि एक बहुत बड़ा दुरूपयोग अपने अधिकार का न केवल प्रधानमंत्री या जो ये कैबिनेट कमेटी जो एप्वाइन्टमेन्ट करता है उसने अपने अधिकार का दुरूपयोग किया है बल्कि एक प्रोसीजर जो स्टेब्लिश किया हुआ है, आने वाले दिनों में इसका एक बहुत गलत मेसेज जायेगा। तो इसीलिए अध्यक्ष महोदय मैं आज इसका पुरजोर विरोध करता हूं और साथ में मैं आज इस हाउस में एक रिजोलूशन भी लाना चाहता हूं कि the Legislative Assembly for the

National Capital of Delhi in its sitting on 29th July 2021 adopted the following resolution:

'this House expresses strong disapproval over the Ministry of Home ffAairs, Govt. of India order dated 27th July 2021, Shri Rakesh Asthana to the post of Commisisoner of Police, Delhi for a period of one year or till further order. This MHA order is in complete violation of the Hon"ble Supreme Court of India judgment dated March 13, 2019 in the case listed: Prakash Singh Vs Union of India. The judgment clearly lays down that no individual who has less than six months of service left, can be considered for appointment as the head of a police force anywhere in the country. It is a widely known fact that Shri Asthana was to retire from service on 31st July - meaning barely two days later. Further, the post of Commissioner of Police, Delhi belong to AGMUT IPS Cader. This appointment of a conterversial Gujarat cadre officer, who has faced multiple inquiries on serious charges in the past, will only bring Delhi Police into controversies. Further, it is beyond any reasonable understanding as to why a controversial officer who was removed by the central government from the post of Special Director, CBI in October 2018 and was not considered fit for the post of CBI director only very recently, is being imposed on the Delhi Police. Given the past track record of this officer, there is a reasonable apprehension that the Central Government will use him for foisting false cases on political rivals, to create a reign of terror in the national capital. Such a conterversial individual should not be heading the Police force in the country capital. This House directs

the Govt. of NCT of Delhi to convey to MHA that the appointment order of Shri Rakesh Asthana be immediately withdrawn and fresh process for the appointment of Commissioner of Police, Delhi be initiated in accordance with the proper rules and regulation. Thank you.

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। श्री गुलाब सिंह जी।

श्री गुलाब सिंहः धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मुझे इस मुद्दे पर बात करके इसलिए और भी अच्छा लग रहा है क्योंकि गुजरात से मेरा पुराना नाता है और राकेश अस्थाना जो कि 1984 बैच के अधिकारी हैं पूर्व में ये बीएसएफ के डीजी रह चुके हैं लेकिन बड़े ताज्जुब की बात है कि ये बालाजी श्रीवास्तव का एक महीना भी पूरा नहीं हुआ, क्या जल्दबाजी पड़ी थी एकदम से कि राकेश अस्थाना की नियुक्ति दिल्ली पुलिस कमिश्नर के तौर पर की गयी। अगर आप राकेश अस्थाना के बारे में गुगल करेंगे। राकेश अस्थाना के बारे में कहीं पर भी आप चर्चा करेंगे तो विवादों से घिरा हुआ और ऐसे मुख्य विवाद जो देश में काफी चर्चित हुए। आप देखेंगे कि एक बार इनकी सीबीआई स्पेशल डायरेक्टर के तौर पर नियुक्ति हुई थी। तो उस समय के जो डायरेक्टर थे आलोक वर्मा जी, उनके साथ में करप्शन के एक मामले में इन दोनों के बीच में काफी फाइट हुई और वो जगजाहिर है, सबको पता है। सबको पता है कि हाँ दोनों के बीच में काफी विवाद हुआ। उसके बाद में अगर आप देखेंगे जो इशरत जहाँ एनकाउन्टर की बात है उस समय गुजरात कैडर के आईपीएस सतीश वर्मा ने गुजरात हाईकोर्ट के अन्दर एक याचिका दायर करके ये साफ-साफ कहा, राकेश अस्थाना के उपर आरोप लगाया कि इशरत जहाँ इनकाउन्टर के मामले में ये जो फॉरेंसिक अधिकारी है उसके उपर दबाव डालकर पूरी की पूरी जॉच

को भटकाने की कोशिश की गयी। इसके अन्दर राकेश अस्थाना का सीधा-सीधा नाम वहीं के एक अधिकारी ने हाईकोर्ट के अन्दर याचिका दायर करके सीधा इनका नाम लिया गया। ऐसे विवादित आदमी को दिल्ली के अन्दर कमिश्नर बनाया गया और इनकी नियुक्ति से एक बात बिल्कुल स्पष्ट नजर आ रही है कि लॉ एण्ड आर्डर से कोई लेना-देना है नहीं। आम आदमी पार्टी के विधायको को, आम आदमी पार्टी के मंत्रियों को किस तरह से इस सरकार को यहां पर दबोचा जाये। जिस तरह से आज आम आदमी पार्टी का संगठन गुजरात हो, पंजाब हो, उत्तराखण्ड हो, अन्य राज्य हो। हर राज्य के अन्दर जो संगठन का फैलाव पूरी ताकत के साथ आज आम आदमी पार्टी का हो रहा है, कहीं न कहीं उसको कुचलने का, उसको दबाने का एक प्रयास अस्थाना के माध्यम से किया जाये। मुझे याद है 2016 में एक ऐसी हाई प्रोफाइल शादी इनकी बेटी की हुई बड़ोदरा के अन्दर। बड़ोदरा में इतनी हाई प्रोफाइल शादी की, बड़ोदरा के जितने फाइव स्टार होटल थे सारे के सारे गेस्ट को उन होटल्स में ठहराया गया। ताज्जुब की बात, एक पैसे का बिल उन होटल्स वालों ने इनसे नहीं लिया। इनका अपना इतना बड़ा पोलिटिकल जाल है और मैं तो ये कहता हूं भारतीय जनता पार्टी के लिए चन्दा तक इकट्ठा किया इस अधिकारी ने और ऐसे अधिकारी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर बनाया गया। तमाम इतने ज्यादा इनके कांड हैं अगर मैं बात करूं तो शायद आधा-पौना घण्टा लगेगा लेकिन गुजरात के हर मोहल्ले में, गुजरात के हर शहर में इस व्यक्ति को अगर कोई जानते हैं तो एक ही बात के लिए जाना जाता है कि जितने कर्मकाण्ड, काले काण्ड मोदी और अमित शाह ने किये हैं उनको अगर कहीं दबाया गया तो इस व्यक्ति का सबसे बड़ा हाथ गुजरात के अन्दर उनको बचाने में रहा है अध्यक्ष महोदय। तो मैं इसकी घोर

निन्दा करता हूं और ये टोटल राजनीतिक फायदा लेने के लिए और आम आदमी पार्टी की सरकार को, हमारे विधायको को, मुख्यमंत्री और मत्रियों को किसी भी तरह से दबाने का प्रयास किया गया है। मैं इसकी घोर निन्दा करता हूं। आपने मुझे इस मौके पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः श्री सोमनाथ भारती जी। श्री अखिलेश पति त्रिपाठी जी।

श्री अखिलेश पति त्रिपाठीः अध्यक्ष महोदय, जिस तरीके से दिल्ली में पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति हुई है उस पर पूरे देश के लोग अचम्भित हैं। दिल्ली के लोग तो अचम्भित हैं ही। सबसे बड़ा प्रश्न राकेश अस्थाना जी के पुलिस कमिश्नर बनाये जाने पर यह है कि आखिर सरकार की क्या ऐसी मजबूरी थी कि AGMUT जो Cader है जिसको दिल्ली में काम करने का, दिल्ली के लाँ एण्ड आर्डर को समझने का बहुत लम्बा अनुभव है उनको डिमोरलाइज करते हुए कहीं अन्य प्रदेश से एक अन्जान व्यक्ति को लाने का कोशिश की गयी जिसका पूरा का पूरा चरित्र दागदार रहा है। जिसका पूरा का पूरा चरित्र राजनैतिक विद्वेषों से युक्त रहा है। जिसका पूरा राजनीतिक चरित्र, पूरा नौकरी का जीवन किसी पार्टी विशेष की सेवा के लिए समर्पित रहा है। एक ऐसा व्यक्ति जिसे दिल्ली की पुलिसिंग से कभी कोई लेना-देना नहीं रहा है। एक ऐसा व्यक्ति जिसे दिल्ली के ज्योग्राफी के बारे में कुछ पता नहीं है। कभी दिल्ली में पुलिसिंग के ए,बी,सी,डी को नहीं जाना। ऐसे व्यक्ति को सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए यहां नियुक्ति दी है। तब अध्यक्ष महोदय प्रश्न उठता है और संशय होता है जैसा अभी संजीव भाई भी कह रहे थे और गुलाब भाई कह रहे थे कि कब संशय होता है कि आप किस मिशन पर भेजे हैं। वही मिशन जो आपने गुजरात में चलाया था। मिशन मर्डर, मिशन दंगा।

वही मिशन इशरत जहां केस। फर्जी एनकाउन्टर। वही मिशन जिसमें सत्ता के द्वारा सत्ता का दुरूपयोग करके अपने राजनीतिक प्रतिद्वन्दियो को कुचलने की कोशिश की गयी जो गुजरात में होता रहा। वो मिशन दिल्ली में भेजा क्या आपने, ये प्रश्न उठता है। ये प्रश्न वाजिब है जो माननीय सदस्यों ने उठाया है। ऐसी क्या मजबूरी है कि सुप्रीम कोर्ट कहता है कि भाई ऐसा व्यक्ति हो सकता है डीजीपी या पुलिस कमिश्नर किसी प्रदेश का जिसकी सेवायें कम से कम दो साल की बची रह गयी हो। 6 महीने तो मिनिमम बची हो उसी व्यक्ति को इमपैनल्ड किया जायेगा एक। दूसरा कहा गया कि भई कम से कम 6 महीने पहले यूपीएससी एक पैनल बनायेगा तीन लोगों का और सजेशन दे देगा स्टेट को या नियुक्ति कमेटी को और उन्हीं व्यक्तियों में से एक व्यक्ति को डीजीपी या पुलिस कमिश्नर बनाया जायेगा। इसको भी आपने हटा दिया। ऐसे व्यक्ति को लाने की कोशिश की जिसका एक दिन रिटायरमेन्ट का रह गया हो। जिसकी एलिजिबिल्टी नहीं बनती है कि वह पैनल में भी आ पाये और साथ-साथ में अध्यक्ष जी कि जो सदस्य कह रहे हैं कि राजनीतिक एजेन्डा सेट करने के लिए यहां भेजा गया है राकेश अस्थाना जी को, तो ये सोच लें कि ये आम आदमी पार्टी के लोग हैं। गुजरात में कांग्रेस के लोग नहीं है। ये क्रान्ति की कोख से निकले हुए लोग हैं। यहां पर बहुत सारे साथी बैठे हुए हैं उनमें मैं भी हूं, जिन पर पुलिस ने विद्वेषपूर्ण तरीके से एफआईआर दर्ज करने का काम किया, केस चलाने का काम किया और जब कोर्ट में गये तो पुलिस को लगातार डांट और फटकार मिली है। अध्यक्ष महोदय, मैं प्रधानमंत्री जी द्वारा जो देश में चल रहा है उससे थोड़ा रिलेट करके इसको बताने के बाद मैं अपनी बातों को समाप्त करूंगा कि देश में जिस तरीके से लोकतंत्र की हत्या हो रही है।

लगातार जो संस्थायें हैं उनका दुरूपयोग किया जा रहा है। जिस तरीके से सीबीआई का दुरूपयोग किया जा रहा है, जिस तरीके से इडी का दुरूपयोग किया जा रहा है, जिस तरीके से देश में लोगों की प्राइवेसी को खत्म करने के लिए फोन की टेपिंग की जा रही है, तमाम प्रकार के पेगासस जैसे साफ्टवेयर मंगाकर लोगों की बातें सुनकर सरकारें गिराने का काम किया जा रहा है।

अब स्पेशल मिशन पर दिल्ली पुलिस का एक विशेष व्यक्ति बनाकर अपने एक विशेष नुमाइंदे को जिसके बारे में अभी और सदस्य भी बताएंगे कि क्या-क्या इतिहास रहा है उनका, मैं फिर याद दिलाना चाहता हूं इश्रत जहां केस, गुजरात दंगा, हरिश पाण्डया मर्डर केस गुजरात, वहां पर अपने राजनीतिक प्रतिद्धंद्धियों को कुचलने के लिए जिस तरीके से राकेश अस्थाना जी का प्रयोग मोदी जी ने मुख्यमंत्री रहते किया है, उसी तरीके का प्रयास दिल्ली में करने के लिए इनकी नियुक्ति हुई है। इस असंवैधानिक नियुक्ति और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए जो नियुक्ति की गयी है, उसकी मैं निन्दा करता हूं और माननीय सदस्य संजीव झा ने जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, मैं उसका पूरजोर समर्थन करता हूं कि ये तुरंत तत्काल प्रभाव से इनकी नियुक्ति को निरस्त किया जाए, यह असंवैधानिक है, नियमों और कानूनों के खिलाफ है। जय हिन्द, जय भारत।

माननीय अध्यक्षः श्री बीएस जून जी।

श्री बी.एस. जूनः धन्यवाद अध्यक्ष जी। सर लॉ में एक कहावत है quid pro quo जिसका मतलब होता है अगर किसी ने आप पर अहसान किया है तो आप उसका बदला चुकाएं। लगता है जो आज के पुलिस कमिश्नर हैं दिल्ली

के, उनके केस में भी ऐसा ही हुआ है। कुछ दिन पहले गजुरात में एक खबर आयी थी कि किसी लेडी की स्नूपिंग की। उन दिनों ये महाशय गुजरात में सूरत या अहमदाबाद के कमिश्नर थे। तब भी एलिगेशन्स आए थे। आज पेगासस के, स्नूपिंग के चर्चे चल रहे हैं, उनमें भी कहीं न कहीं इनकी इन्वॉल्वमेंट हो सकती है। हालांकि आज तक तो ये डीजी, बीएसएफ। सर he was DGP, BSF, Director General, Police. डायरेक्टर जनरल किसको लगाते हैं। एक three star ffoicial with senior most officer in States or UT Cadre जब एक बार इनको डीजी, बीएसएफ बना दिया और फिर इनको डीमोट करके दिल्ली का पुलिस कमिश्नर बना दिया। दूसरी तरफ से आर्गुमेंट हो सकती है कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर की पोस्ट डीजी के इकुवैलेंट नहीं है। अगर इकुवैलेंट नहीं हैं तो इनको डीमोट किया गया। इन्होंने Post एक्सेप्ट क्यों की, इसलिए कि सेंट्रल गवर्नमेंट नें इन पर अहसान किया, इनको रिवार्ड दिया पिछले किसी फेवर के लिए और अगर ये डीजी के इकुवैलेंट पोस्ट है दिल्ली की तो सर फिर सुप्रीम कोर्ट का प्रकाश सिंह का जजमेंट 2006 का आड़े आता है। छः मंथ से कम सर्विस और दो साल का टेन्योर आपने इसको टेन्योर कितना दिया, एक साल का एक्स्टेंशन, वहां पर वायलेशन हो गयी तो ये अप्वाइंटमेंट अपने आप में सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट हो या पुलिस कमिश्नर, दिल्ली की पोस्ट और डीजी की पोस्ट का कम्पेरिजन हो, एक इलिगल आर्बिटरी और एक against the interest of the UT Cadre officials के है। एक ऐसा आदमी जिसका पूरा कैरियर डाउट्स में रहा हो, ड्यूबियस रहा हो, कंट्रोवर्सियल रहा हो, उस आदमी को आप कैपीटल में कमिश्नर बना देते हैं। सर लॉ में फंडामेंटल राइट है हर आदमी का कि fair investigation and fair trial. जिस आदमी का कैरियर आज तक इतना

कंट्रोवर्सियल रहा हो being a Police Head of the State क्या उससे आप एक्सपेक्ट करेंगे कि एक फेयर इंवेस्टिगेशन होगी केसेस में। अभी कुछ मेम्बर्स ने कहा कि पिछले 2015 में एक पुलिस कमिश्नर आए थे बस्सी जी। उन्होंने कसम खा रखी थी कि अगर किसी के खिलाफ झूठी भी कंप्लेंट आयी है सबसे पहले एफआईआर करो। कम से कम 15 मुकदमों में सर मैं रिप्रजेंट कर चुका हूं अपने एमएलए भाई को और कोर्ट ने क्या किया, मोस्टलि में डिसचार्ज किया। सीएम साहब के सात-आठ केस थे, जिनमें उनको डिसचार्ज कर दिया। आज के दिन उनके खिलाफ कोई ऐसा केस पेंडिंग नहीं है। तो जिस तरीके से इनको लाया गया है, आगे क्या होगा। अगर किसी एमएलए ने किसी valid agitation में भी हिस्सा ले लिया तो अगले दिन उसके खिलाफ एफआईआर हो जाएगी। किसी ने किसी Protest को लीड किया तो फिर कहेंगे पब्लिक सर्वेंट के साथ ड्यूटीज में इंटरफेयर कर दिया, उनके खिलाफ फिर एफआईआर हो जाएगी। पर्पस है आम आदमी पार्टी की सरकार, मंत्रियों को हैरास करना ताकि जो डेवलपमेंट वर्क आज चल रहा है, किसी न किसी तरीके से एमसीडी एक्ट को अमेंड कर दो। दिल्ली पुलिस का कमिश्नर ऐसा ले आओ जो काम ही न होने दे, एमएलए को डराने की कोशिश करे, अधिकारियों को डराए, मिनिस्टर्स को दबाये। तो सारी बात वहीं पर आ जाती है कि जो हमारे दूसरी साइड में भाई लोग बैठे हुए हैं वो बताएंगे कि ये किस कैटेगरी में फॉल करते हैं। ये डीजी हैं या इनको डीमोट करके आईजी के पोस्ट पर ला दिया गया है पर्पसली। तो ये सीधा-सीधा एक quid pro quo का केस है, जिसमें साफ नजर आता है कि इनको रिवार्ड दिया गया है, इनको बैनीफिट दिया गया है, इनको गिफ्ट दिया गया है। इन्होने कुछ ऐसा काम किया है सेंट्रल गवर्नमेंट के

लिए कि आज इनको वो बैनीफिट देने के लिए ये सब किया जा रहा है। सर एक बात और कहूंगा। स्नूपिंग की मैंने बात की। छः महीने मिनिमम सर्विस होनी चाहिए और दो साल का कैरियर मिलेगा उस आदमी को कम से कम। इनकी अप्वाइंटमेंट एज सीबीआई डायरेक्टर इसलिए टर्न डाऊन हो गयी थी कि इनकी छः महीने से कम सर्विस बाकी थी। अगर वहां इनको टर्न डाऊन कर दिया सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के ओब्जेक्शन पर तो आज ये किस कैटेगरी में फॉल होकर इलिजिबल हो गये दिल्ली पुलिस कमिश्नर के लिए? अगर दिल्ली पुलिस की पोस्ट डीजी के बराबर है और अगर डीजी के बराबर नहीं है, तो क्या इनका इंटरेस्ट है कि आईजी लेवल की पोस्ट पर आ रहे हैं? तो ये सीधा-सीधा मामला बनता है कि कहीं न कहीं इंटरेस्ट इन्वॉल्व है इनको फेवर करने के लिए, रिवार्ड करने के लिए इनको गिफ्ट दिया गया है और पर्पस यही है कि आम आदमी पार्टी की सरकार को हैरास किया जाए, एमएलए को फॉल्स केसेस में इम्प्लीकेट किया जाए और मिनिस्टर्स जो हैं, उनके खिलाफ झूठे मुकदमें बनाएं जाएं। समय देने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद सर। जो संझीव भाई ने प्रस्ताव रखा, मैं उसका अनुमोदन करता हूं और ये जो इनकी अप्वाइंटमेंट हुई है टोटली इल्लिगल, आर्बिटेरी है और दूसरे जो हमारे यूटी कैडर के आफिसर्स हैं, वो डीमोरलाइज होंगे, उनके कैरियर में इफेक्ट पड़ेगा। तो सर जो भी सुप्रीम कोर्ट जजमेंट देती है, तीन बातें देखती है, एक Constitution of India क्या कहता है, दूसरा उनके अपने जजमेंट क्योंकि सुप्रीम कोर्ट source of law है वो अपने जजमेंट देखते हैं और तीसरा सबसे बड़ी बात होती है नेचुरल जस्टिस and equity। इस केस में Natural Justice and Equity पर ध्यान दिया ही नहीं गया। इसका मतलब हुआ कि दिल्ली पुलिस के आज के जो आफिसर्स हैं वो नालायक

हैं, इनकंपिटेंट हैं, इनकेपेबल हैं, वो इस पोस्ट को होल्ड नहीं कर सकते। इन्होंने ये रूल आउट कर दिया। तो बहुत गलत अप्वाइंटमेंट हुई है, हम इसकी भर्त्सना करते हैं और जो संजीव भाई जो प्रस्ताव लेकर आए हैं मैं उसका अनुमोदन करता हूं। धन्यवाद सर।

माननीय अध्यक्षः हां सोमनाथ भारती जी आपका नाम पहले बोला था मैंने। हां बोलिए।

श्री सोमनाथ भारतीः अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय के ऊपर अपना विचार रखने का मौका दिया। अध्यक्ष महोदय, जो साथियों ने बात रखी। जून साहब ने संविधान और कानून को भी रखा सदन के आगे लेकिन जो बात इसमें से निकलकर आ रही है कि पर्पस क्या है। भाई जब AGMUT कैडर के आईपीएस आफिसर्स उपलब्ध है, इन्फेक्ट तीन नाम चूंकि ये माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने जजमेंट के जरिये वो जो बात कही थी, उसका मैं एक पैराग्राफ पढ़ना चाहूंगा। जो प्रकाश सिंह वाला केस है, उसमें बस a small paragraph which says, 'Director General of Police of the State shall be selected by State Government from amongst the three senior most officers of the Department' और ऐसे दो नाम थे, जो मेरे संज्ञान में है, जो कंसिडरेशन में था। संजय बैनीवाल जी का नाम था, सतेन्द्र गर्ग जी का नाम था। तो ये जो AGMUT कैडर के आईपीएस आफिसर्स दिल्ली पुलिस के अंदर हैं, उनके ऊपर आज क्या बीत रही होगी कि आपने गुजरात काडर के व्यक्ति, जिसके खिलाफ 6 केसेस थे, उनके ऊपर misappropriation केस था, corruption का केस था, पूरे देश ने देखा किस प्रकार से सीबीआई के अंदर आलोक वर्मा जी और उनके बीच में जो मुसीबतें

क्रिएट हुई, उसके बाद आलोक वर्मा जी के साथ क्या किया इन लोंगों ने। दोनों को बुला तो लिया फिर तुरंत पोस्ट दिया बीएसएफ के अंदर और अब माननीय सुप्रीम कोर्ट चूंकि आर्टिकल 142 इस देश के अंदर संविधान का जो एक अनुच्छेद है, वो साफ-साफ सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट्स को एक दर्जा देता है लॉ का। कहता है 'enformecement of decrees and orders of Supreme Court and unless as to discovery etc., the Supreme Court, in exercise of its jurisdiction, may pass such decree or make such order as is necessary for doing complete justice in any cause or matter peding before it and any decree so passed or orders so made shall be enforceable, it is saying "shall be", it is not "may be", shall be enforceable throughout the country of India, throughout the territory of India in such manner as may be prescribed by or under any law made by the Parliament and until provision in that behalf is so made in such manner as the President may, by order, prescribe. अब इसमें कोई इधर-उधर नहीं है। इसके तहत् जो कुछ भी सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया वो कह दिया, वो कानून बन गया। अब इस कानून के वायलेशन के बारे में अभी पीछे जब सीबीआई डायरेक्टर की अप्वाइंटमेंट की बात चल रही थी, उस कमेटी के हिस्सा थे। मैं बड़ा शुक्रगुजार हूं उनका और उनका धन्यवाद करता हूं, यह सदन धन्यवाद करता है उनका। जस्टिस रमन्ना ने जिस प्रकार से ये बात कही जो हमने मीडिया में पढ़ा कि अस्थाना जी के पास छः महीने का वक्त नहीं है। कम से कम छः महीना होना चाहिए, अगर किसी व्यक्ति को आप सीबीआई डायरेक्टर बनाते हैं और ये उल्लेख दिया सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट का। तो मुझे यह समझ में

नहीं आ रहा है कि भई इस देश की न्यायालय व्यवस्था के सुप्रीम व्यक्ति ने कह दिया कि ये व्यक्ति सीबीआई डायरेक्टर नहीं बन सकता तो आपने किस प्रकार से रिटायरमेंट के तीन दिन पहले एक्सटेंशन देकर माननीय प्रधानमंत्री ने खुद, ये माननीय प्रधानमंत्री का फैसला है, ये मोदी जी ने फैसला लिया कि जी गुजरात कैडर का व्यक्ति चूंकि कैडर का ट्रांस्फर होना था और यूपीएससी के पास वो जारी होती है as per the law of the land यूपीएससी को स्टेट गवर्नमेंट और यहां पर केन्द्र सरकार को तीन महीने पहले वो नाम देने होते हैं और यूपीएससी उसमें पूरी जांच-परख करती है कि क्या क्वालिफिकेशन है, कोई केसेस तो नहीं है पीछे, सबकुछ होता है। जब तक यूपीएससी क्लीयरेंस नहीं देती तब तक उस व्यक्ति का कंसिडरेसन नहीं करेगा स्टेट गवर्नमेंट और यहां पर केन्द्र सरकार। तो न तो यहां पर यूपीएससी के पास कोई लिस्ट दी गयी और न यूपीएससी से कोई रिकॉमेंडेशन आया। तो होता ये है अध्यक्ष महोदय कि जो कुछ देश में चल रहा है। देखिये, अगर आपने मुखिया चौंज कर दिया, मुखिया का जो करेक्टर है, वही नीचे तक आएगा। अगर इस देश के मुखिया माननीय मोदी जी, गृह मंत्री, माननीय अमित शाह जी इनका पीछे कोई पास्ट देखें, इनका एटिंसिडेंट क्या रहा है, इनका पास्ट क्या रहा है। कहते हैं कि वो अमित शाह जी खुद ही तड़ीपार थे, तो तड़ीपार व्यक्ति किसका नाम रिकॉमेंड करेगा। इस देश का दुर्भाग्य है कि उन्होंने ऐसे व्यक्ति का नाम रिकॉमेंड किया, जिसका पूरा पास्ट रहा है। कहते हैं कि 20 करोड़ रुपया भाजपा को, मेरे पास अखबार की कटिंग है, 20 करोड़ रुपया एज ए सूरत कमिश्नर इस जेंटलमैन ने राकेश अस्थाना जी ने भाजपा को डोनेट किया। अब इससे बड़ी बात क्या हो सकती है एस्टिब्लिश करने के लिए कि भाई कहां biased होगा ये। किसके लिए काम करेगा ये। दिल्ली में क्या करने आया है यह व्यक्ति।

अध्यक्ष महोदय, जैन साहब ने गोवा में लास्ट जो काम किया है, वो उससे बहुत दुखी है। भाजपा के मंत्री ने गोवा में एक्सेप्ट कर लिया कि भाई आम आदमी पार्टी का जो पावर मॉडल है, वो हम इम्प्लीमेंट नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी की हर तरफ जो एक्सपेंशन हो रही है, जो acceptance हो रहा है, जैन साहब ने मुस्कराकर सारी बात कह दी गोवा में। अब गोवा के जरिए पूरे हिन्दुस्तान में ये बात पहुंच रही है कि भाई अगर पावर आपको सस्ता और मुफ्त का लेना है, अगर जनता का टैक्स का पैसा सही मायने में लगना है तो आम आदमी पार्टी के पास मॉडल है।

अब हो ये रहा है कि इस व्यक्ति को इसलिए लाया गया है अध्यक्ष महोदय कि ये व्यक्ति दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी के विधायकों को, पार्षदों को, नेताओं को, मंत्रियों को, मुख्यमंत्री को बहुत तंग करे। लेकिन बता दूं, मेरे ऊपर कई केस हुए। अभी एम्स वाले केस में इन्होंने जेल ही भेज दिया मुझे और शुक्र है इस देश के अंदर न्याय व्यवस्था है। तो भाजपा ये जान ले कि आम आदमी पार्टी का जो डीएनए जो है न वो केजरीवाल जी से आता है। आपका मुखिया मोदी, आपका मुखिया अमित शाह, हमारा मुखिया केजरीवाल। तो केजरीवाल जी का जो मॉडल हम पर आता है तो जैसे हमारे नेता हैं वैसे हम सारे हैं। आप कुछ भी कर लो हिन्दुस्तान की राजनीति के अंदर जो आगमन केजरीवाल जी का हुआ है, वही इस देश का उपकार और उद्धार कर सकता है अध्यक्ष महोदय और ये ही दर्द है इनको। चूंकि उत्तराखंड के अंदर देखिए जो एक्सेप्टेंस आई है हमारे साथी दिनेश मोहनिया वहां है और गजब का वहां हो रहा है। माननीय अरविंद जी गए, वो जो कर्नल साहब हैं हमारे मुख्यमंत्री

पद के दावेदार जो हैं, ऐसी वहां यूथ में लहर पैदा कर दी है। पंजाब चले जाइए, पंजाब में तो सिद्धू साहब खुद ही जो कवर करना है उसे कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी कंक्लूड करिए।

श्री सोमनाथ भारतीः मैं दो मिनट लूंगा बस। चाहे पंजाब हो, उत्तराखंड हो, गुजरात में सूरत के अंदर, गुजरात में घुसकर आम आदमी पार्टी ने जो अरविंद जी के नेतृत्व में इतना बड़ा बदलाव कर दिया, उसका बदला है ये। अच्छा, दाढ़ी भैया ऐसा है कि वो जब बढ़ गई तो वो मोदी जी से वो लुक लाइक हो रहा था। तो खतरा हो गया मुझे, मुझे खतरा हो गया कि मोदी जी बड़े अनपॉपुलर हो गए हैं इस देश में, उनके पास जैड प्लस सिक्योरिटी है, हमारे पास नहीं है। तो बोले थोड़ा सा हम उसको कटवा ले।

माननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी, अब कंक्लूड करिए प्लीज।

श्री सोमनाथ भारतीः अध्यक्ष महोदय, लेकिन ये लॉ से deviation हुआ है। मैं माननीय मोदी जी को कहना चाह रहा था आपके माध्यम से कि ये डेविएशन अच्छे के लिए होता तो अच्छा रहता दिल्ली के अंदर। लेकिन मैं देख रहा हूं जैसे आपने आज सवेरे, मेरा दिल रो पड़ा आपको देखकर जिस प्रकार से आपने अपनी बातें रखीं, आप दिल से बात कह रहे थे, आप बना नहीं रहे थे। इस प्रकार से इन्होंने सदन को कमजोर करने का काम किया है। नए आईटी रूल्स ले आए हैं ये। सोशल मीडिया कमजोर करने का काम कर रहे हैं। इस तरह का अपाइंटमेंट करके इन्होंने हिन्दुस्तान में हर तरफ संविधान का एक तरह से मजाक उड़ाया है, बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान किया है इन्होंने, कोर्ट का अपमान किया है इन्होंने, जनता का अपमान किया है इन्होंने, दिल्ली की

चुनी हुई सरकार का अपमान किया है इन्होंने। क्या कारण है, ऐसे कौन-से स्पेशल रीजन्स हैं मैं जानना चाहता हूं कि जिस व्यक्ति के खिलाफ सीबीआई ने खुद ही केस कर दिया हो ऐसा क्या खास है इस व्यक्ति में? एक ही चीज खास है, ये आम आदमी पार्टी के ग्रोथ रेट से बहुत ही दुखी है। इस प्रकार से दुखी है चूंकि हर तरफ, हर राज्य में अरविंद जी चले गए, 300 यूनिट मुफ्त, 300 यूनिट मुफ्त, वहां की सरकारों को समझ नहीं आ रहा है कि भई क्या करे इस बात का। शीला जी चली गई कहते-कहते कि भई केजरीवाल जी कैसे दे रहे हैं ये पावर मुफ्त में। तो मैं कह रहा हूं ये सिर्फ एक ही काम के लिए लाया गया है इनको कि केजरीवाल जी के अंतर्गत जो सरकार चल रही है उसको कैसे कमजोर करें। अध्यक्ष महोदय, मैं अटल जी का एक स्टेटमेंट देख रहा था।

माननीय अध्यक्षः अब कंक्लूड करिए प्लीज।

श्री सोमनाथ भारतीः बस कंक्लूड कर रहा हूं।

माननीय अध्यक्षः समय की सीमा।

श्री सोमनाथ भारतीः जैसा हमारे साथियों ने भी कहा आपने आज भी कहा, अपनी चेयर से कहा कि सरकारें आयेंगी-जायेंगी, पार्टियां बनेंगी-मिटेंगी लेकिन ये देश रहेगा अध्यक्ष महोदय, ये देश रहेगा और लोकतंत्र रहेगा। जो लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी का कमिटमेंट है, राकेश अस्थाना जी के अपाइंटमेंट से ये बढ़ेगा, ये घटेगा नहीं, भाजपा इस बात को जान ले अध्यक्ष महोदय। मैं, जो संजीव भाई ने रेजुलुशन मूव किया है, उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं और ये कहना चाहता हूं दो लाइन के माध्यम से

कि एक शेखचिल्ली नाम का हमारे यहां जोक्स में चलता है। तो एक व्यक्ति ने कहा कि भई बीवी मर गई, शेखचिल्ली तुम्हारी बीवी मर गई, वो रोने लगा। मतलब भई तुम क्यों रो रहे हो, तुम तो जिन्दा हो। बोला मेरे जिन्दा रहने से क्या होता है जब मेरी मां भी विधवा हुई थी तब भी मैं जिन्दा था। जब मेरी फुआ विधवा हो गई थी तब भी मैं जिन्दा था। अगर मेरी बीवी मरकर विधवा हो गई तो मेरे जिन्दा रहने से कुछ नहीं होता। इस प्रकार की हरकत भाजपा कर रही है। इनको कोई फर्क नही पड़ता, ऊल-जलूल बातें हो रही हैं इस देश में। कुछ भी कह दे पुलिस का डर, कुछ भी कह दे आपके राइट्स को हनन कर लेंगे ये। तो ये लोकतंत्र को कमजोर करने का जो काम किया है भाजपा ने।

माननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी धन्यवाद, सोमनाथ जी प्लीज धन्यवाद।

श्री सोमनाथ भारतीः उसके खिलाफ मैं खड़ा हूं और संजीव भाई का जो प्रपोजल है जो इन्होंने जो मूव किया है आज सदन के आगे उसके साथ खड़ा हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री बिधूड़ी जी।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी(माननीय नेता, प्रतिपक्ष): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, माननीय श्री संजीव झा जी ने दिल्ली पुलिस आयुक्त की नियुक्ति के बारे में चर्चा प्रारम्भ की है, दिल्ली के बहुत ही ईमानदार, शानदार पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना जी के बारे में।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बोलने दीजिए उनको, जो बोलना चाह रहे हैं बोलने दीजिए।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः जो कुछ भी रूलिंग पार्टी के ऑनरेबल मेंबर्स ने कहा है, मैं और भारतीय जनता पार्टी विधायक दल उससे सहमत नहीं है। आदरणीय अध्यक्ष जी, मुझे लगता है कि रूलिंग पार्टी के ऑनरेबल मेंबर्स के पास श्री राकेश अस्थाना जी के बारे में जानकारी का अभाव है। मैं इस ऑनरेबल हाउस को ये जानकारी देना चाहता हूं कि श्री राकेश अस्थाना जी को 2001 में उनकी शानदार सेवाओं के लिए पुलिस मैडल दिया गया और उसमें आज के जो हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी या हमारे जो माननीय गृहमंत्री जी है श्री अमित शाह जी का, उनका कोई योगदान नहीं था। 2009 में देश में कांग्रेस की सरकार थी, डाक्टर मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए श्री राकेश अस्थाना जी को प्रेजिडेंट पुलिस मैडल दिया गया। अब उनको देश के राष्ट्रपति सम्मानित कर रहे हैं तो मैं समझता हूं कि हम सभी को श्री राकेश अस्थाना जी की जो नियुक्ति हुई है उसका स्वागत करना चाहिए, अभिनंदन करना चाहिए और मैं इस हाउस में जरूर कहना चाहता हूं, हो सकता है किसी के मन में ये दर्द हो, 2002 में 59 कारसेवकों को जिन्दा जला दिया गया। उसकी जांच-पड़ताल भी श्री राकेश अस्थाना जी ने की, जो दोषी थे उनको जेल भेजा गया। जिन लोगों ने रामभक्तों की हत्या की और किसी के मन में ये दर्द है कि हत्यारों को सजा श्री राकेश अस्थाना जी के प्रयासों से क्यों मिली तो अध्यक्ष जी, उसका तो कोई जवाब नहीं हो सकता। आदरणीय अध्यक्ष जी, 1989 में श्री राकेश अस्थाना जी जब वहां के पुलिस के चीफ थे तो 4100 गोल्ड बिस्किट्स पकड़े गए। उस समय उसकी कीमत लगभग 15

करोड़ रुपये थी। एक बड़ी कामयाबी थी, पूरे देश में उसकी चर्चा हुई। इस सदन को प्रसन्नता व्यक्त करनी चाहिए कि 1994-95 में जब वो एसपी, सीबीआई, धनबाद रहे, श्री राकेश अस्थाना जी ने एक बहुत ही सीनियर आफिसर, डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन सेफ्टी, को 11 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा। पूरे देश में चर्चा हुई और देशभर से लोगों ने श्री राकेश अस्थाना जी को इस कार्य के लिए बधाईयां दी। आदरणीय अध्यक्ष जी, आपको मालूम है कि पुरूलिया आर्म्स जो बंगाल में जो हथियार गिराए गए उसकी जांच भी राकेश अस्थाना जी ने की थी और उसका पूरा राज उन्होंने ही खोला था। आदरणीय अध्यक्ष जी, श्री राकेश अस्थाना जी 1996-97 में जब संयुक्त बिहार था, चारा घोटाला हुआ, 900 करोड़ रुपये का घोटाला था। 200 करोड़ रुपये का तारकोल का घोटाला हुआ और मैं समझता हूं कि इस हाउस के सभी माननीय सदस्यों को इस बात को लेकर प्रसन्नता होनी चाहिए कि श्री राकेश अस्थाना जी ने उस समय के बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ चारा घोटाला में एफआईआर दर्ज की और उनको 1997 में गिरफ्तार किया। अनेकों सीनियर ब्यूरोक्रेट्स को उन्होंने अरेस्ट किया अध्यक्ष जी, इसलिए प्रेजिडेंट मैडल उनको दिया गया। अब आप मुझे ये बताइए क्या आज तक एक उदाहरण दे सकते हैं कि कोई इतना पावरफुल चीफ मिनिस्टर हो और उसके साथ बहुत सारे सीनियर ब्यूरोक्रेट्स थे और किस तरह के प्रेशर्स रहे होंगे। अरे इस हाउस को बधाई देनी चाहिए राकेश अस्थाना जी को कि एक नहीं दिल्ली पुलिस में या इंडियन पुलिस में, ऐसे हजारों राकेश अस्थाना जब तक पैदा नहीं होंगे भ्रष्टाचार और आतंकवाद के ऊपर काबू नहीं पाया जा सकता है। मैं भारत सरकार के गृह मंत्रालय को उनकी नियुक्ति के लिए बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: आदरणीय अध्यक्ष जी, अब देखिए मैंने डिस्टर्ब नहीं किया किसी को..

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य उनको बोलने दीजिए प्लीज। कोई बात नहीं मंत्री जी जवाब देंगे न बस।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: अध्यक्ष जी, उनके ऊपर आरोप लगा कि उनके खिलाफ कोई मामला भी दर्ज हुआ।

माननीय अध्यक्ष: अब आपके पास तीन मिनट का समय है कंक्लूड कर लीजिए।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: अध्यक्ष जी, सुप्रीम कोर्ट ने उनको क्लीन चिट दी, मैं ये इस रिकार्ड के ऊपर लाना चाहता हूं। आदरणीय अध्यक्ष जी, 2008 में अहमदाबाद में जो बम ब्लास्ट हुआ राकेश अस्थाना जी ने उसके दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनको जेल भेजा।

22 दिन के अंदर मामले को सुलझा लिया। इस सदन को राकेश अस्थाना जी को बधाई देनी चाहिए। आदरणीय अध्यक्ष जी, राकेश अस्थाना जी बीएसएफ के डीजी रहे और उनके पास एडिशनल चार्ज भी रहा। वो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजी थे। बगैर किसी के दबाव में आए हुए श्री सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जो लोग ड्रग्स केस में जुड़े हुए थे, उसमें बहुत ही पहुंच वाले लोग थे, लेकिन इस ईमानदार और शानदार अधिकारी ने इस बात की चिंता

नहीं की कि किसकी पहुंच कहां तक है, उन लोगों के खिलाफ एक्शन करके जो एक उदाहरण पेश किया, ये है उनकी ईमानदारी, ये है उनका इस देश के प्रति समर्पण भाव और मैं आज इस हाउस के अंदर कहना चाहता हूं कि किसी ने कहा न 'चोर की दाढ़ी में में तिनका', अरे राकेश अस्थाना जी से डरने की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली में यदि भ्रष्टाचार है, दिल्ली में यदि आतंकवाद है, ये राकेश अस्थाना जी उसको समाप्त करेंगे और दिल्ली में भ्रष्टाचार को समाप्त करने का जो बीड़ा उन्होंने जैसे ही ज्वाइन किया, उठा लिया है। दिल्ली में बेहतर कानून व्यवस्था हो उसके बारे में उन्होंने कह दिया है। ऐसे ईमानदार पुलिस अफसर को दिल्ली का पुलिस कमिश्नर बनाया गया है, जो ये बात कही गई है कि सुप्रीम कोर्ट ने ये कहा कि जिस अधिकारी के केवल 6 महीने रह गए हैं उनकी इस पोस्ट पर नियुक्ति नहीं हो सकती, ऑनरेबल मेंबर्स को जानकारी नहीं है, श्री अस्थाना जी के रिटायरमेंट में अभी एक साल है और उनके ऊपर जो ये गलत जानकारी हाउस को दी जा रही है, मैं इसको पूरी तरह से खारिज करता हूं और सुप्रीम कोर्ट का जो ऑर्डर है मैं।

...व्यवधान...

मननीय अध्यक्षः सोमनाथ जी ये शब्द नहीं प्लीज।

...व्यवधान...

मननीय अध्यक्षः अरे भई।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः देखिए।

मननीय अध्यक्षः मंत्री जी जवाब देंगे न सारा।

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: आदरणीय अध्यक्ष जी।

माननीय अध्यक्ष: आप कन्क्लूड करिए भाई साहब।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: तो मैं अपनी बात को।

माननीय अध्यक्ष: नहीं कन्क्लूड करिए समय आपका 10 मिनट हो गया प्लीज।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: देखिए 10 मिनट में अभी इन्होंने मुझे डिस्टर्ब किया 3 मिनट ....

माननीय अध्यक्ष: नहीं आप बोल रहे हैं कंटीन्यू।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: और अध्यक्ष जी हमें इस बात की खुशी है कि जब श्री राकेश अस्थाना जी 2017 से लेकर और 20 जनवरी, 2019 तक जब वो स्पेशल डायरेक्टर सीबीआई थे तो बहुत सारी जो जांचें हुई उस समय जिसको श्री राकेश अस्थाना जी हैड कर रहे थे उसमें मैं जरूर एक मिनट में चर्चा करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: बस ये लास्ट है इसके बाद नहीं प्लीज।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी: तीन-तीन लोगों के खिलाफ उन्होंने जांच की विजय माल्या, अगस्ता वेस्टलेंड केस, लैंड स्कैम केस जो एक पार्टी के अध्यक्ष के दामाद के खिलाफ जो जांच की है, ये है पेट में असली दर्द। जिन्होंने लैंड स्कैम किया उनको भी पकड़ने का काम श्री राकेश अस्थाना जी ने किया और इसके साथ-साथ।

मननीय अध्यक्षः हो गया बिधूड़ी जी, अब हो गया प्लीज।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः तो मैं अंत में अपनी बात को समाप्त कर रहा हूं कि राकेश अस्थाना जी को एक बार नहीं दो बार उनको पुलिस का जो सबसे बड़ा सम्मान है वो दो-दो बार दिया गया है। जो उनकी नियुक्ति हुई है वह बिल्कुल ठीक हुई है और अध्यक्ष जी मैं ऑनरेबल मेंबर से चाहूंगा, अरे भइया इस हाउस में क्यों अपना समय बर्बाद कर रहे हो आप, बिजली, पानी, सड़क, पीडब्लूडी, स्कूल, हॉस्पिटल, आज दिल्ली के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। आज पब्लिक ट्रांस्पोर्ट सिस्टम पूरी तरह से कोलेप्स हो गया है। आज पूरी दिल्ली में जलभराव है। पीडब्लूडी के नाले साफ नहीं हुए। आज दिल्ली के अंदर बिजली के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है। आज इन सारे मुद्दों पर इस हाउस में चर्चा कराइये जिससे कि दिल्ली के लोगों का कुछ भला हो सके और दिल्ली के लोग यही सुनना चाहते हैं। दिल्ली के गरीबों के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो राशन भेजा उस राशन को आपने सड़ा दिया।

मननीय अध्यक्षः बिधूड़ी जी अब हो गया।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः उसको ब्लैक मार्किट में बेचकर लोग खा गए आज इसके ऊपर चर्चा होनी चाहिए मैं ये कहना चाहता हूं, उसके ऊपर चर्चा कराइये और राकेश अस्थाना जी की नियुक्ति जो हुई है मैं एक बार फिर भारत सरकार के गृह मंत्रालय को इतना शानदार पुलिस कमिश्नर जो उन्होंने दिल्ली को दिया है, कानून व्यवस्था और बेहतर होगी, आतंकवादी जेल में होंगे और दिल्ली में जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं उनकी जगह दिल्ली में नहीं होगी तिहाड़ जेल में होगी बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष जी।

...व्यवधान...

मननीय अध्यक्षः सत्येन्द्र जैन जी इससे पहले उत्तर दें।

...व्यवधान...

मननीय अध्यक्षः नहीं अब बैठ जाइये प्लीज। लेकिन बिधूड़ी जी के अपने।

...व्यवधान...

मननीय अध्यक्षः भई अब बातचीत छोड़ दीजिए, ये तो गलत बात है। सदन का समय खराब हो रहा है प्लीज, प्लीज, प्लीज साहनी जी प्लीज। माननीय मंत्री जी श्रीमान सत्येन्द्र जैन जी।

माननीय गृह मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, नेता प्रतिपक्ष ने जो अभी पिक्चर सामने पेश की उन्होंने एक बात तो ये सिद्ध कर दी कि अभी तक दिल्ली पुलिस के अंदर जितने भी कमिश्नर लगाए इस सरकार ने सब नकारा थे, निकम्मे थे, नालायक थे और उन्होंने ये कहा कि पहली बारी, 7 साल से क्यों नालायकों को लगा रहे थे, क्यों भ्रष्ट को लगा रहे थे ये समझ नहीं आया, अभी खुद कहा है उन्होंने कि सारे नालायक थे। अब तक ये तो भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ कर ही नहीं रहे थे। आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे थे वो। तो अगर इनका बयान इस तरह का है तो मुझे तो लगता है शर्मनाक है और उनको सोचने की जरूरत है की भई ऐसे ही अगर काबिल अफसर इनके पास पहले से ही थे तो पहले लगा देते भई केन्द्र में सरकार बने हुए 7 साल हो गए, एक तो ढ़ंग का अफसर लगाया होता दिल्ली के अंदर। ये इनकी स्वीकारोक्ति है कि दिल्ली के अंदर जो पुलिस का निकम्मापन

है, नाकारापन है इन्होंने जानबूझकर किया हुआ है। अभी इन्होंने एक बात और कही कि जो अभी नियुक्त किए गए हैं कमिश्नर साहब उन्होंने एक पार्टी के दामाद के खिलाफ कार्रवाई की, भई वो कौन सी की पता तो चले। चलिए किसी को नहीं पता हुआ क्या, कब हुआ, भई वो पूछ रहे हैं क्या हुआ बता तो दो, कुछ नहीं पता क्या हुआ। गीत गा रहे हैं दामाद जी के खिलाफ हमने कार्रवाई की है, अरे दम हो न करके दिखाओ, वो दामाद जी उल्टा टांग देंगे तुम्हारे को। दामाद जी, दामाद जी, दामाद जी करते फिरते हैं, दामाद जी के खिलाफ जिस दिन कार्रवाई करेंगे वो बीजेपी को उल्टा टांग देंगे । बीजेपी और कांग्रेस ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, कोई फर्क नहीं है इनके अंदर। ये सिर्फ और सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाते हैं दोनों के दोनों मिलकर। अंदर ये शोर मचा रहे हैं, बाहर कांग्रेस वालों को खड़ा कर दिया। वहां पर वो शोर मचा रहे हैं कि दिल्ली विधानसभा के खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं और कहते हैं खूब उसको वॉटर कैनन में नहा रहे हैं। वॉटर कैनन से नहा रहे हैं, धो रहे हैं और कहते हैं जी पानी नहीं आया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः सौरभ जी माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं प्लीज।

माननीय गृह मंत्रीः वैसे देखिएगा, मुझे ऐसा लगता है कांग्रेस को अगर कुछ कहा जाए तो बीजेपी को बड़ा दर्द होता है और बीजेपी को कुछ कहा जाए तो कांग्रेस को बड़ा दर्द होता है। अभी जैसे हमारे माननीय सदस्यों ने कहा, मैं गोवा गया था वहां पर मैंने कुछ नहीं कहा। मैंने कहा भई कुछ विधायक बिक गए, तो बीजेपी के मंत्री जी को तकलीफ हो गई। मैंने कहा भई मैं बिकने

खरीदने की बात नहीं करूंगा, मैं आपका नाम नहीं लूंगा तो भी तकलीफ होगी। कहते हैं आप ऐसा जिक्र ही क्यों कर रहे हो। कहते हैं विधायकों को खरीदना और बेचना हमारा परम अधिकार है। कांग्रेस को अगर वोट दी या नहीं दी, वो तो बाद में खरीद-फरोख्त कर ही लेते है। इन्हें दर्द किस बात का है, मैं रिपीट करना चाहूंगा कहां पर दिक्कत आ रही है। इसी सदन के अंदर 14 फरवरी, 2014 को अरविंद केजरीवाल जी ने इस्तीफा दिया आम आदमी पार्टी के 28 विधायक थे और बीजेपी के 32 थे सिर्फ 4 विधायक चाहिए थे। गोवा का एक किस्सा बताता हूं गोवा में 17 विधायक थे कांग्रेस के इन्होंने 13 ले लिए 4 छोड़े। खरीद लिए, मतलब साफ-साफ है, ऐसे 0ी में कुछ नहीं मिलता सब खरीद कर होता है। अब दिल्ली में उल्टा काम था 28 में से 4। वहां 17 में से 13 ले लिए 4 छोड़े, यहां पर 28 में से 4 खरीद सकते थे, धमका कर अपनी तरफ कर सकते थे, कुछ भी कर सकते थे, पूरे एक साल लगे रहे, एक भी नहीं तोड़ पाए, एक साल तक कुछ नहीं कर पाए। अच्छा जिनसे बात करते थे, वो कहते थे भाई साहब अगले दिन जाकर केजरीवाल को दिखाते थे देखो जी ये बात हुई, ये स्टिंग है कि मेरे को ऐसे-ऐसे बात कर रहे थे। तो इनको तकलीफ ये है कि दामाद जी का नाम तो लेते हैं कि भई दामाद जी के खिलाफ अगर कार्रवाई की तो अगली बार वो अपने एमएलए क्यों बेचेंगे तुम्हारे को। मुझे क्या लगता है ये खरीदना बेचना असहमति से होता है, ऐसा नहीं है। देश के इतिहास में आज तक कभी हुआ ही नहीं है। दुनिया के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ होगा। जिस पार्टी की ज्यादा सीटें आई हों उसके सारे विधायक, 17 सीट आई और बीजेपी की 10-11 थीं, वो 13 खरीद लिए। आपस की सहमति से होता है इनका और ये दामाद जी दामाद जी चिल्लाते हैं। ये चिल्लाना

बंद करें। अगर दम है न कहो अपने आकाओं से दामाद जी के खिलाफ कार्रवाई करें। जिस दिन दामाद जी जेल जाएंगे, उससे पहले आपकी सरकार गिर जाएगी, देखते रहना। अभी हमारे माननीय सदस्य ने ये बताया कि देखो सिंपल सी बात है सुप्रीम कोर्ट ने ये रूलिंग दी कि डीजी लेवल, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के लेवल पर अगर नियुक्ति होगी तो उसका टेन्योर कम से कम 6 महीने बचा होना चाहिए। राकेश अस्थाना जी का जो टेन्योर था 4 दिन बचा हुआ था, एक्सटेंशन तो बाद में दी गई। अगर एक्सटेंशन देने से ही होता तो सीबीआई डायरेक्टर न बन जाते । अगर ये बात सत्य है कि उनका टेन्योर बढ़ा हुआ था, एक साल बच सकता था तो सीबीआई डायरेक्टर ही बना देते, वो तो और भी बड़ी पोस्ट थी। ये तो इन्होंने गड़बड़झाला करके बेईमानी कर ली है और मैं अपने सभी साथियों का धन्यवाद भी करूंगा कि वे बड़ी डिटेल में इसको ढूंढ़कर लाए कि भई ये गड़बड़झाला चलेगा नहीं क्योंकि पढ़े-लिखे लोग हैं न, सोमनाथ जी बैठे हैं, हमारे जून साहब बैठे हैं और अपने भाई संजीव झा जी ने जो ये प्रस्ताव रखा है मैं उसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं। ये सरकार को किसी भी तरीके का सुप्रीम कोर्ट के नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और उनकी बताई हुई बातों को मर्यादा के अंदर रहते हुए पालन करना चाहिए धन्यवाद, जय हिन्द, जय भारत।

माननीय अध्यक्ष: धन्यवाद, संकल्प स्वीकार करना। अब श्री संजीव झा माननीय सदस्य द्वारा अल्पकालिक चर्चा के विषय से संबंधित प्रस्तुत किया गया संकल्प सदन के सामने है

जो इसके पक्ष में है, वो हाँ कहें।

जो इसके विरोध में है, वो ना कहें।

(सदस्यों के हाँ कहने पर)

हाँ पक्ष जीता, हाँ पक्ष जीता।

प्रस्ताव पास हुआ।

संकल्प स्वीकार हुआ

अब ठीक एक घंटे के लिए लंच ब्रेक है। मेरे दांयी ओर भी व्यवस्था की गई है और बांयी ओर भी। पत्रकार बंधुओं के लिए लंच की व्यवस्था उन्हीं के रूम में की गई है। ठीक एक घंटे बाद दोबारा सदन आहूत होगा बहुत-बहुत धन्यवाद।

(सदन की कार्यवाही लंच हेतू एक धंटे के लिए स्थगित की गई)

.....

सदन अपराह्न 2.44 बजे पुनः समवेत हुआ।

माननीय अध्यक्ष महोदय (श्री रामनिवास गोयल) पीठासीन हुए।

श्री रोहित कुमारः माननीय अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से मैं नियम 114 में प्रस्ताव लगाना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्षः इजाजत है, बोलिए।

श्री रोहित कुमारः धन्यवाद माननीय अध्यक्ष जी। माननीय अध्यक्ष जी, हमारे अपने साथी माननीय चीफ व्हिप एवं तिमारपुर से हमारे विधायक साथी दिलीप पाण्डेय जी ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, और आई.एस.ओ प्रमाणपत्र के साथ तिमारपुर से विधायक हमारे दिलीप पाण्डेय जी ने जो विधायी में गुणवत्ता मानकीकरण के नये आयाम स्थापित किये हैं उसके लिए मैं इनको तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित कराना चाहता हूं। और साथ ही साथ एक बार इस बात को आपने फिर से चरितार्थ किया है कि माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी कहते थे कि हम राजनीति करने नहीं, बदलने आये हैं। तो आपका ये विधायक कार्यालय अपने आप में इस बदली हुई राजनीति का एक स्वरूप है, एक परिचायक है। तो इसके लिए पुनः आपको बधाई और जिस प्रकार से आपने सेवा भाव से और राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति के साथ में इस जज्बे को दिखाया है और वो करके दिखाया है कि आज पूरे देशभर के अंदर केवल एकमात्र हमारा प्रधानमंत्री कार्यालय ही आई.एस.ओ. प्रमाणित है और पहला देश का विधायक कार्यालय आपने ऐसा बनाया कि जिसमें, जो भी आपके क्षेत्र से समस्या लेकर लोग वहां पहुंचते हैं उनकी समस्याओं को न केवल सुना जाता है बल्कि उनको बहुत ही एक सुव्यवस्थित तरीके से एक ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि जिसके तहत वहां पर आने वाले व्यक्ति की समस्या को सुना जाता है, संबंधित अधिकारी उस बात को बड़े ध्यान से सुनते हैं, साथ ही साथ उनको एक शिकायत का नम्बर भी दिया जाता है, कम्पलेंट नम्बर दिया जाता है, साथ ही साथ समय-समय पर उनकी शिकायत का अपडेट उनके मोबाइल पर एस.एम.एस के द्वारा, व्हाट्सएप्प के द्वारा उनको मिलता है। तो ये अपने आप में बहुत बड़ा उदाहरण है और हमारे अन्य विधायक साथी भी जा-जाकर, उस विधायक कार्यालय से

बहुत कुछ सीख रहे हैं। न केवल हम सीख रहे हैं, बल्कि मैं अपने भारतीय जनता पार्टी के साथियों से भी बोलूंगा कि अच्छी बात सीखने में कोई गुरेज नहीं है, अब हालांकि यहां कोई मौजूद नहीं है लेकिन अगर मेरा संदेश उन तक पहुंचे तो मैं उनसे भी कहूंगा कि अच्छी बात कहीं से भी सीखने को मिले, अच्छी बात सीख लेनी चाहिए । तो मैं एक बार पुनः अपने साथी तिमारपुर से विधायक और चीफ व्हिफ भाई दिलीप पाण्डेय जी को अपनी बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद ज्ञापित कराता हूं कि आपने बहुत ही सराहनीय काम किया है, बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया है, मानवसेवा के लिए, अपने इलाके की सेवा के लिए और एक नया आयाम आपने स्थापित किया हैं, इसके लिए पुनः आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे इस प्रस्ताव के लिए समय देने के लिए भी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। बाकी भारतीय जनता पार्टी के साथी आ गये हैं तो मैं पुनः कह दूं कि भाई दिलीप पाण्डेय जी ने जो अपना....

माननीय अध्यक्षः हो गया, हो गया।

श्री रोहित कुमारः कार्यालय बनाया है तो उसको भी आप जरूर देखने आये।

माननीय अध्यक्षः चलिए हो गया।

श्री रोहित कुमारः धन्यवाद।

श्री विनय मिश्राः सर, मैं एक प्रस्ताव लाना चाह रहा था।

माननीय अध्यक्षः किस चीज पर?

श्री विनय मिश्राः बहुत धन्यवाद। जिस तरीके से दिल्ली सरकार का विजन रहा है उसके लिए मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री- श्री मनीष सिसोदिया जी को बहुत-बहुत बधाई दूंगा कि जिस तरीके से हमारी सरकार का विजन रहा है कि हमारे यहां के बच्चे नौकरी पाने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे तो उसके लिए जो दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन और एस.ओ.एस. ई, School of Specialised Excellence जिसके तहत साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स, humanities, vocational studies की जो शिक्षा दिल्ली में दी जाएगी उससे वाकई में, जो सोच दर्शाती है कि हमारी दिल्ली सरकार की सोच बच्चों के प्रति कितनी गम्भीर है। मैं माननीय उप-मुख्यमंत्री जी को और माननीय सत्येन्द्र जैन को भी बहुत-बहुत बधाई दूंगा। सीखने वाली चीज ये है कि सुबह 6 बजे, 7 बजे जब सारी दुनिया अपने घरों में सो रही होती है या कुछ morning walkers walk पर जाते हैं उस समय जो हमारे स्कूल बन रहे हैं, वहां पर स्कूल पर जाकर राउंड लेते हैं और वहां देखते हैं कि जो शिक्षा का मंदिर बन रहा है वो व्यवस्थित तरीके से बन रहा है कि नहीं बन रहा है तो उसके लिए जो ये राउंड लेते हैं, उसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

माननीय अध्यक्षः भई ये, ये विषय नहीं।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः नहीं-नहीं, उसको....

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः भई धन्यवाद में, धन्यवाद प्रस्ताव में ये....

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः बिल्कुल नहीं। बिल्कुल नहीं।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः मैं आग्रह कर रहा हूं माननीय सदस्यो से....

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः भई अब ये नहीं, ये विषय नहीं। ये धन्यवाद प्रस्ताव पर था....

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः उसके लिए मैंने समय दिया।....

श्री विनय मिश्राः अच्छा।

माननीय अध्यक्षः वो आपका कम्पलीट हो गया।

श्री विनय मिश्राः 12 हजार स्क्वायर मीटर की जगह कब्जा हो रखी थी। मैं एजुकेशन डिपार्टमेंट को बहुत -बहुत धन्यवाद करूंगा कि उस कब्जे को छुड़ाकर आज वहां पर स्कूल का उद्घाटन किया, उसके लिए मैं उप-मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं कि जो कब्जा 10 साल से हो रखा था, उस लैंड को खाली कराकर स्कूल बनवाया और वहां पर लगभग 4 से 5 हजार बच्चे अगले सेशन में पढ़ाई करेंगे। और हमारे पीडब्लूडी मिनिस्टर जिन्हें उस स्कूल का जो एक साल का जो समय था वो नौ महीने में करने की बात हुई, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं.....

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी, हो गया, मिश्रा जी। नहीं, अब नहीं, प्लीज।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बैठिये। आपसे पहले विशेष रवि जी का था।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः प्लीज ऋतुराज जी और नहीं। कल रखियेगा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः कल रखियेगा न। मैं....

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं, कल रखियेगा, प्लीज।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भैया आज जो चर्चा है, वो भी तो करनी हैं न।

श्री विनय मिश्राः ऋतुराज जी एक बात सुनिये।

माननीय अध्यक्षः ऋतुराज जी, प्लीज। कल रख लीजियेगा।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः भई अब मिश्रा जी, अब बैठिये प्लीज।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः नहीं, अब बैठिये।

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी।

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx [19]

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी, मैं आग्रह कर रहा हूं बैठ जाइये।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

...व्यवधान...

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी, ये मैं निकलवा रहा हूं, आपके धन्यवाद प्रस्ताव में ये नहीं आयेगा।

श्री विनय मिश्राः xxxxxxxxxxxx[19]

माननीय अध्यक्षः ये धन्यवाद प्रस्ताव में नहीं आयेगा।

श्री विनय मिश्राः मैं....

माननीय अध्यक्षः विशेष रवि जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं, अब हो गया।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः श्री विशेष रवि जी। प्लीज। मिश्रा जी बैठिये आप।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी, बैठ जाइये प्लीज। नियमों के अनुसार चलिए। धन्यवाद प्रस्ताव हो गया।

...व्यवधान...

---

19. xxxxxxxxxxx चिन्हित अंश अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार सदन की कार्यवाही से निकाले गए।

माननीय अध्यक्षः नहीं, हो गया बस, ठीक है, अब बैठिये प्लीज। विशेष रवि जी।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः विशेष रवि जी।

श्री विशेष रविः सर रोहित भाई की....

...व्यवधान...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (माननीय नेता, प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, आपने हमारे जो ऑनरेबल मेम्बर्स को आपने हाउस से निकाला है, कब तक के लिए निकाला है, क्या....

माननीय अध्यक्षः मैंने आपको रोका है, जो आकर बैठ जाएं-बैठ जाएं, एक को निकाला है आज पूरे सेशन के लिए, वो आएं बैठें।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः बाकी हम....

माननीय अध्यक्षः हां, आप आये, मैंने रोका थोड़ी।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः ओम प्रकाश जी....

माननीय अध्यक्षः नहीं, वो आ जाएं, आकर, नहीं भई ओम प्रकाश जी को नहीं, प्लीज। सदन को शांति से, उनके आते ही सदन में शोर शराबा होगा। विशेष जी।

श्री विशेष रविः सर, मैं रोहित जी ने जो दिलीप पाण्डेय जी के जो कार्यालय ऑफिस के लिए जो....

माननीय अध्यक्षः वो हो गया, वो हो गया।

श्री विशेष रविः सर उसी पर मैं बधाई दुबारा दे रहा हूं और ये मैं इसमें निवेदन करना चाहता हूं सर कि आपने हमें प्रेरणा दी है, क्योंकि हम भी तीन बार के विधायक है लेकिन हमारे दिमाग में कभी ये बात नहीं आई है।....

माननीय अध्यक्षः चलिए धन्यवाद।

श्री विशेष रविः आपने पहली बार में ये काम किया है....

...व्यवधान...

श्री विशेष रविःएक मिनट, एक मिनट रोहित भाई। सर एक निवेदन इसमें ये था कि विधान सभा की तरफ से प्रपोजल बनकर गया था विधायक के कार्यालय को लेकर और वो प्रपोजल अभी तक पेंडिंग है सर, जिसके अंदर वहां पर हर विधायक को कार्यालय मिलना था, वहां पर एलडीसी....

माननीय अध्यक्षः भई ये धन्यवाद में आयेगा क्या, मुझे बताइये विशेष रवि जी? धन्यवाद का मैंने आपको दिया है, उसका अनुचित लाभ मत उठाइये। प्लीज।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः नहीं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः बोलिए ऋतुराज जी। किस चीज पर है धन्यवाद?

श्री ऋतुराज गोविंदः मैं धन्यवाद प्रस्ताव ही दे रहा हूं, 10 सेकंड, केवल धन्यवाद ही करूंगा। माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बात कहना चाहता हूं बस

कि किराड़ी क्षेत्र जो दिल्ली विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली के अंदर में सबसे पिछड़े क्षेत्रों में आता है, माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के आशीर्वाद से, माननीय सत्येन्द्र जैन जी के सहयोग से 458 बेड का एक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के लिए कल टेंडर लग गया है, इसके लिए हम अपने 8 लाख लोगों की तरफ सरकार को तहे दिल से शुक्रियादा करते है। जैन साहब का बहुत सहयोग रहा है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए हम आपका भी धन्यवाद करते हैं। थैंक यू।

माननीय अध्यक्षः बहुत-बहुत धन्यवाद। नगर निगमों द्वारा जल भराव को रोकने तथा नालों के रख रखाव में असफल रहने के संबंध में चर्चा प्रारम्भ करेंगे श्री अखिलेश पति त्रिपाठी जी। अन्य सदस्य भी चर्चा में भाग ले सकेंगे।

श्री अखिलेश पति त्रिपाठीः धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने दिल्ली में विगत कुछ समय में जो बारिश हुई है उसमें जो जल भराव की समस्या हुई, उस पर चर्चा करने के लिए मौका दिया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आज सदन में बताना चाहता हूं कि दिल्ली में जो इंटर्नल रोड्स हैं, नालियां हैं, नाले हैं, रेनवाटर ड्रेन हैं, उनकी साफ-सफाई, उनका रख-रखाव, वो सभी कार्य नगर निगमों को दिये गये हैं और बरसात से पहले उसकी डिसिल्टिंग उनको करनी होती है अध्यक्ष महोदय। अध्यक्ष महोदय, एक डाटा जो मंगाया गया, साउथ दिल्ली नगर निगम ने बताया है कि इस वर्ष उन्होंने 33,705 मीट्रिक टन से ज्यादा सिल्ट अपने नालों से निकाला है, 33,705 मीट्रिक टन। अब मैं साउथ दिल्ली के लोगों से आज कहना चाहता हूं कि ये जो सिल्ट निकाला गया है, क्या आपने अपनी गलियों में, मोहल्ले में कभी ये सिल्ट निकालते हुए किसी को देखा? क्या कभी कोई ट्रक उस सिल्ट को ले जाते हुए आपने देखा? क्योंकि 33,700 मीट्रिक

टन, ये कोई छोटा मोटा अमाउंट नहीं है। और वो कहां फेंका? कौन-कौन से ट्रक से फेंका? कितने दिनों में इसकी सफाई कर ली? और इसके बावजूद इतना तो निकाल चुके हैं, इतना निकालने के बावजूद भी अभी जो उनका डाटा है कि इस बार चूंकि टेंडर लेट से हुआ था इसलिए सफाई लेट से शुरू हुई है और अभी पूरा काम नहीं कर पाये हैं। तब ये 33,705 उन्होंने निकाल दिया है यानी कि पूरा निकालेंगे तो अभी और निकलेगा।

अध्यक्ष महोदय, उत्तरी दिल्ली नगर निगम का आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने 9,883 मीट्रिक टन सिल्ट अभी तक बरसाती नालों से निकाला है । ऐसा उन्होंने अपने हाउस में जवाब दिया है। मैं उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत रहने वाले दिल्ली के नागरिकों से ये कहना चाहता हूं कि आपने अपने गली मोहल्ले में तो देखा होगा, कभी न कभी कोई तो आया होगा। किसी ने सफाई की? कोई ढक्कन उठाया? कोई सिल्ट निकाली? M/Vkt कोई ट्रक आया सिल्ट को उठाने के लिए? अध्यक्ष महोदय, नहीं आया। तो सवाल उठता है कि डाटा कहां से आया? इसी तरीके का डाटा पूर्वी दिल्ली नगर निगम से आया। उनका भी मानना है कि उन्होंने 12 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा सिल्ट अपने नालों से निकाल दिया। लेकिन पूर्वी दिल्ली के रहने वाले हमारे तमाम विधायक साथी बैठे हुए हैं। मैंने उनसे पता किया, मैंने कहा ऐसा हुआ क्या? उन्होंने कहा कि इस बार तो डिसिल्टिंग ही नहीं हुई। इस बार जब बारिश आई तब तक तो शुरूआत ही नहीं हो पाई थी डिसिल्टिंग की। तो ये मलबा कहां से निकला? मलबा निकला तो गया कहां? और इस पर मलबा निकालने के लिए जो पैसा आवंटित हुआ जिसका ठेकेदारों को पेमेंट किया जाना है या कर दिया गया है, वो पैसा कहां गया? तो अध्यक्ष

महोदय, आज एक प्रश्न यह है सदन के सामने कि न केवल तीनों नगर निगमों ने बरसात से पहले कोई भी डिसिल्टिंग नहीं की, दिल्ली के लोगों को जलभराव की समस्या से दो-चार होने के लिए छोड़ दिया, अपितु जो पैसा सफाई का था , उसमें भी भारी भ्रष्टाचार करने का काम किया। हालत यह हो गयी पिछली बारिश में, 10 दिन पहले जो पहली बारिश आई, कि लोगों के घरों में पानी भर गया। माडल टाउन जैसे पॉश कालोनिज में पानी भर गया लोगों के घरों में जहां कि सारी की सारी सड़कें उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत आती हैं, सारे नाले उनके अन्तर्गत आते हैं। महेन्द्रू एनक्लेव में पानी भर गया, डेरावाल-गुजरांवाल में पानी भर गया, एसबीआई कालोनी जैसी पॉश कालोनी में पानी भर गया। तो ये पानी क्यों भरा? और लोगों ने देखा कि कोई सफाई उत्तरी नगर निगम ने नहीं करवाई थी, इसलिए भर गया। अध्यक्ष महोदय, यहीं तक नहीं रूके। नाले का पानी झुग्गियों में घुसने के नाते तमाम झुग्गी में बहुत सारे मकान गिर गए । ये निगमों की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। एक जगह तो ऐसा हुआ अध्यक्ष महोदय, कि नगर निगम की सड़क पर गड्ढा था और उस गड्ढे में पानी भरा हुआ था। एक युवक गाड़ी चलाते हुए जा रहा था और उस गड्ढे में फंसने के कारण वो युवक गिरा और उसकी मौत हो गयी। भारतीय जनता पार्टी जो उत्तरी दिल्ली नगर निगम में सत्ता में है उन्होंने दिल्ली के लोगों के साथ जो धोखा देने का काम किया है, दिल्ली को जो बदनाम करने का काम किया है, दिल्ली को उन्होंने कूड़े का ढेर बनाने का काम किया और अब दिल्ली को स्विमिंग पूल बनाने का काम कर रहे हैं, ये भारतीय जनता पार्टी वालों को दिल्ली के लोग माफ नहीं करेंगे। आज मैं दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहता हूं कि नगर निगम के पार्षद, नगर

निगम के मेयर, नगर निगम के पदाधिकारी जहां भी आएं, आप लोग उनसे जरूर पूछिए कि मेरे मोहल्ले में जो पानी भरा, आप झूठ बोल रहे थे कि हमने सफाई कर दी है, इन नालों की, सफाई आपने कब की? हमने तो देखा ही नहीं। और इवन देन, मैं एक विधायक हूं, मैंने खुद नहीं देखा अपने एरिये में, मैं लगातार घूमता रहता हूं। जहां जहां भी जाते थे, कहीं पर 3-3 साल, 2-2 साल, 4-4 साल से ढक्कन तक नहीं खुले हैं। अध्यक्ष महोदय, इसी कड़ी में मैं सदन का ध्यान इन कुछ फोटो की तरफ भी दिलाना चाहता हूं जिनको मैं खींचकर लाया हूं। ये श्रीनिवासपुरी डिपो का एसडीएमसी का ड्रेन है अध्यक्ष महोदय। ये ड्रेन बता रहा है कि कितना साफ हुआ है। अध्यक्ष महोदय, ये त्रिलोकपुरी का एक ड्रेन है जहां पर ड्रेन नजर ही नहीं आ रहा। ये सारा, एक एक नाले का सब फोटो जो मैं लेकर आया हूं, मैं सदन के पटल पर रखूंगा। अध्यक्ष महोदय, चिराग दिल्ली का नाला जो साउथ दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत आता है, मैं उसकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ये हालत है इस नाले की। साथ में एक एक नाले पर जा करके ग्रेटर कैलाश ड्रेन, ये ग्रेटर कैलाश का एक ड्रेन है जो साउथ दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत आता है ये उसका फोटो आपके सामने है अध्यक्ष महोदय। इसमें कितना डिसिल्टिंग हुआ, आपके सामने है। मैं और आगे जाउंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं इसी के साथ अपने क्षेत्र की लाल बाग, कबीर नगर और तमाम झुग्गियों में जो एमसीडी के ड्रेन हैं, उनकी तरफ भी आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, देखिए क्या हालत बना हुआ है। एक भी नाले की सफाई नहीं हुई अध्यक्ष महोदय। तो अध्यक्ष महोदय, आज मैं सदन के सामने ये प्रस्ताव भी रखना चाहता हूं कि ये जो नालों की सफाई में लापरवाही नगर निगम द्वारा की गयी, जो जलभराव

की समस्या से दिल्ली के लोगों को जूझना पड़ा और एक चीज और दिखा दूं मैं अध्यक्ष महोदय कि।

माननीय अध्यक्षः अखिलेश जी, ये सदन पटल पर रख दीजिए न सारे?

श्री अखिलेश पति त्रिपाठीः नहीं मैं एक चीज और दिखा दूं जो न्यूज चला, ये न्यूज चला है टीवी पर। 'घंटे भर की बारिश, दिल्ली हुई पानी पानी। दिल्ली में सड़कें नहीं खुलती, खुलती है भाजपा की एमसीडी की पोल'। ये न्यूज का आर्टिकल है अध्यक्ष महोदय। एक और घंटेभर की बारिश के बाद दिल्ली में जलभराव, इसकी जिम्मेदारी, 98 परसेंट दिल्ली की जिम्मेदारी उत्तरी दिल्ली एमसीडी, पूर्वी दिल्ली एमसीडी और दक्षिणी दिल्ली एमसीडी की है। ये न्यूज का रिपोर्ट है अध्यक्ष महोदय। यानि कि 98 परसेंट नालों की, नालियों की, बरसाती ड्रेन की सफाई का जिम्मा नगर निगमों के पास था जिसको नहीं निभाने के कारण दिल्ली के लोगों को जलभराव की समस्या से दो-चार होना पड़ा। तो यह सदन इस जलभराव की समस्या को और जो भ्रष्टाचार हुआ है इसकी सफाई में, उसकी जांच इस सदन की लोक लेखा समिति को देने का कष्ट करे जिससे दूध का दूध और पानी का पानी दिल्ली के लोगों के सामने आ पाए, मैं ऐसा प्रस्ताव रखना चाहता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः विशेष रवि जी।

श्री विशेष रविः धन्यवाद अध्यक्ष जी। सर इसमें मेरा ये निवेदन बहुत कम शब्दों में ये है कि हम जानते हैं कि दिल्ली के अंदर ज्यादातर दिल्ली जो है वो बड़ा हिस्सा अन-प्लांड तरीके से बना हुआ है और अन-प्लांड होने की वजह से दिल्ली के अंदर जलभराव की समस्या जहां ज्यादा होती है वो इसी

वजह से होती है क्योंकि छोटे छोटे एरिये के अंदर लोग बसते चले गए और उसके बाद कालोनियां बनती चली गयी। लेकिन सर बड़ी समस्या जो है वो ये है कि दो एजेंसियां हैं दिल्ली के अंदर जो बड़ा काम करती हैं जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए या उसको रोकने के लिए, एक है पीडब्ल्यूडी और दूसरी है एमसीडी। दोनों में सर जो बड़ा फर्क है और जो एमसीडी की तरफ से जो बड़ी लापरवाही है वो ये है कि एमसीडी के जो नाले हैं या एमसीडी की जो सड़कें हैं अगर जब बारिश आने से पहले या बारिश हो रही होती है और पानी भर जाता है तो आप ये देखेंगे कि दिल्ली के अंदर जितनी भी पीडब्ल्यूडी की सड़कें हैं अगर बारिश वहां पर आ रही है और बारिश से पानी भर गया है तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, कर्मचारी वहां पर पंप ले कर नाले खोलते हुए, पानी को निकालते हुए, पानी को सरकाते हुए आपको दिल्ली की हर पीडब्ल्यूडी की सड़क पर दिख जाएंगे । और वहीं जब आप एमसीडी सड़कों की बात करेंगे और अगर वहां पानी भर रहा है तो वहां उनकी ये फिलॉसफी है कि अगर पानी भर गया तो 8 घंटे में अपने आप निकल जाएगा। अगर कहीं नाला भर गया तो 6 घंटे बाद जब आगे का नाला बैठेगा तो हमारा नाला अपने आप खाली हो जाएगा। तो ये बहुत बड़ा फर्क जो है काम करने के तरीके में है। दिल्ली की हमारी सरकार जिस तरह से, जितनी सिंसेयरली काम करती है, कर रही है इस समस्या को लेकर और मिंटो रोड का जो ब्रिज है वो अपने आप में एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि अगर हमारी नीयत है और काम करने की मंशा है तो हम समस्याओं का निवारण कर सकते हैं और वहीं उल्टा एमसीडी की जो नीयत है और जो मंशा है वो काम न करके बल्कि ये उस पुरानी फिलॉसफी पर चलने की है कि अगर पानी भर गया है तो अपने आप कुछ घंटों में निकल जाएगा, उसमें एफर्ट करने की या काम करने की

कोई जरूरत नहीं है। तो इसका बहुत बड़ा खामियाजा दिल्ली की जनता भुगत रही है और इसमें बस अब यही कुछ महीनों की और बात है, आगे चुनाव है तो दिल्ली की जनता से ये अपील है कि इतने साल आपने निगम में जिस पार्टी को वोट दिया है और उनका काम देखा है, उससे जितना लोग नाखुश हैं, तो उस सरकार को बदलें ताकि ये जो समस्या हम इतने सालों से झेल रहे हैं उसका हमें हल मिल सके। बहुत बहुत शुक्रिया।

माननीय अध्यक्षः रोहित महरोलिया जी।

श्री रोहित कुमारः धन्यवाद माननीय अध्यक्ष जी। माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बहुत गंभीर विषय पर अपनी बात कहने का समय दिया है। तो मैं अपने वक्तव्य की शुरूआत, अपने बचपन का बहुत ही भयानक अनुभव मैं आप लोगों के साथ साझा करना चाहूंगा। 80 के दशक की बात है, मेरी उम्र लगभग 6-7 साल रही होगी। मैं अपने पिताजी के साथ में नयी दिल्ली के लेडी हार्डिंग अस्पताल से आ रहा था। हम डीटीसी की बस में थे और डीटीसी की बस में जब हम सफर कर रहे थे तो बारिश बहुत जोरदार तरीके से जब शुरू हुई तो थोड़ी ही देर में जब हमारी बस मिंटो ब्रिज के नीचे से गुजरी तो माननीय अध्यक्ष जी, थोड़ा पानी भरा हुआ था और बस हमारी किस तरह फंसती हैं, मैं आपको बता दूं कि जिन लोगों ने पुरानी डीटीसी की बसों में सफर किया होगा तो पता होगा कि जो गियर लीवर के साथ में एक चौखंटा सा, गड्ढा सा हुआ करता था जहां से सड़क भी नीचे नजर आती थी, वहां से जैसे ही मिंटो ब्रिज के नीचे बस गुजरी तो तुरंत बस के अंदर उस मोटे छेद से पानी बस के अंदर भरना शुरू हो गया, मोटी धार उपर की ओर उठी, हम सभी लोग लोग डर गए। मेरे पिताजी और सभी लोग आनन फानन में अपनी जान

बचाने के लिए कमर से उपर पानी में मेरे पिताजी मुझे गोद में लेकर मुझे उस पानी से बाहर निकालकर लेकर आए। बस के तमाम यात्री सकुशल बस से निकल कर बाहर आ गए। लेकिन वो बचपन की जो छाप दिमाग पर पड़ी थी कि किस तरह की एक स्थिति जो बड़ा चेलेंजिंग रहता था, उसके बाद भी काफी सालों तक इस तरह के फोटोग्राफ्स हमने देखे हैं कि डीटीसी की बस फंस गयी है, तो एक पिक्चर मैं आप लोगों के सामने दिखाना चाहूंगा। ये पहले की पिक्चर है मिंटो रोड ब्रिज की, बहुत पुराना ब्रिज है, ऐतिहासिक दिल्ली की जगह है कि यहां पर जब भी बारिश होती थी, पानी भर जाया करता था। इसमें दो तस्वीरें हैं एक उपर है ब्लैक एंड व्हाइट, ये मुझे लगता है कि पुरानी डीटीसी की बस नजर आ रही है तो ये उसी जमाने की पिक्चर रही होगी। ये अभी कुछ वर्ष पहले की है क्योंकि सब कुछ रंगीन और साफसुथरा नजर आ रहा है। और अब जो दूसरी पिक्चर आपको दिखाने जा रहा हूं ये पिक्चर इस साल की है। इस साल दिल्ली के अंदर 17 साल का रिकार्ड बारिश ने तोड़ा है। 2003 में जो बारिश हुई थी उससे भी ज्यादा बारिश केवल मानसून के शुरूआती दौर के अंदर दिल्ली में हो चुकी है और उसके बावजूद छ 26-39/PB भी मिंटो ब्रिज के उपर कोई भी जलभराव की समस्या सामने निकल कर नहीं आई, इसके लिए मैं धन्यवाद देना चाहूंगा दिल्ली के मुख्यमंत्री माननीय अरविंद केजरीवाल जी को और दिल्ली की जनता को कि जिन्होंने एक ऐसे व्यक्ति को अपने मुख्य मंत्री के तौर पर चुना कि जो आईआईटी खड़गपुर से जिन्होंने इंजीनियरिंग की, पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं, सूझबूझ हैं और उन्होंने इसका समाधान निकाला, उसके लिए मैं उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज ये जो मिंटो ब्रिज जो कभी इस तरह की जो मेरे बचपन में छाप पड़ी

है बहुत सारे लोगों के साथ में ऐसे दुखद हादसे भी वहां पर हुए हैं, बहुत सारे लोगों ने अपनी जान भी उसा मिंटो ब्रिज पर गंवाई है तो आज ये असंभव काम भी संभव हो पाया, तो इसलिए क्योंकि एक साफ नीयत थी, ईमानदार सरकार है, ईमानदार मुख्य मंत्री है, साफ नीयत से, सही रास्ते पर चलकर और ईमानदारी से काम करने का नतीजा है कि आज इतना बड़ा बदलाव दिल्ली के अंदर देखने को मिला है। माननीय अध्यक्ष जी, मिंटो ब्रिज पर माननीय मुख्य मंत्री जी ने न्यू मॉनिटरिंग सिस्टम जो वहां पर लगवाया, वाईफाई सिस्टम लगवाए, सीसीटीवी कैमरे लगाए, वाटर सेंसर अलार्म लगाया और एडिशनल पंपस् के साथ साथ मोबाइल एप्लीकेशन स्टार्ट टू पंप्स् यानि कि पानी भरने की स्थिति में अपने आप जो पंप चालू हो जाएं, इस तरह की नयी आधुनिक तकनीक वहां पर लगाई गयी। तो दिल्ली के अंदर ये माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने कर के दिखाया है, तो भारतीय जनता पार्टी शासित एमसीडी के अंदर 15 साल से ऐसा काम क्यों नहीं हुआ, बहुत बड़ा सवालिया निशान बनता है। दूसरी तस्वीरें भी अब आप लोगों के सामने दिखाना चाहूंगा। इसके अलावा जैसे कि हमारे सम्मानित साथी भाई त्रिपाठी जी ने तस्वीरें दिखाईं, मैं भी कुछ तस्वीरें लेकर आया था। ये त्रिलोकपुरी मेरे इलाके के कुछ एमसीडी के नाले हैं कि जिनमें गाद, सिल्ट भरी पड़ी है, कोई सफाई नहीं हुई। उसके साथ साथ ये देख सकते हैं ब्लाक नंबर 2 का ये नाला है, ब्लाक नंबर 9 का संजय ड्रेन की हम बात करें। ये अशोक नगर का नाला है। ये गाजीपुर का नाला पटा रहता है, लोग जाम की समस्या में फंसे रहते हैं क्योंकि नालों की सफाई सही से हो नहीं पा रही है। लक्ष्मीनगर की मार्किट वाला ये रोड़ है, ये पूर्वी दिल्ली की मुख्य मार्किट है । यहां पर नाले गाद से लदे पड़े हैं। ये लोनी का रोड

है, ये गीता कालोनी का नाला है और सबसे बड़ी बात डीसी आफिस के बिल्कुल बाजू वाला नाला है ये बिल्कुल एमसीडी के बड़े अधिकारियों की नाक के नीचे, दिलशाद गार्डन के अंदर ये देख लीजिए कितनी गाद भरी हुई है। तो सवाल ये खड़ा होता है कि एमसीडी के अंदर जो 98 परसेंट नाले हैं दिल्ली के वो तीनों नगर निगमों के आधीन हैं, उनकी जिम्मेदारी है उनको बरसात से पहले साफ करने की, उनकी गाद साफ करने की तो क्यों नहीं वह अपना काम ईमानदारी से करते हैं? हर साल जोन के हिसाब से सैंकड़ों करोड़ रूप्ये का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है क्योंकि ईमानदारी से काम करने की आदत तो है नहीं भाजपाईयों को, तो उसी का नतीजा है कि आप देख लीजिए, जैसे अभी आंकड़े हमारे भाई ने बताए हैं कि सैंकड़ों, हजारों मीट्रिक टन गाद निकालने की बात की जा रही है। अगर इतने हजारों मीट्रिक टन गाद निकाली गयी तो ये अभी दो-तीन दिन पहले की पिक्चर्स हैं, तो ये गाद क्या आसमान में से टपकी है, सोचने वाली बात है। सबसे बड़ा दुखद पहलू यह है कि तीनों निगमों की मैं बात कर रहा हूं माननीय अध्यक्ष जी, कि हर साल नालों की सफाई को लेकर भाजपा के तमाम मेयर, उनके पार्षद, नेताओं और अधिकारियों के बीच में हजारों करोड़ रूपये की बंदरबांट होती है, इस हजारों करोड़ रूपये की जनता की गाढ़ी कमाई को, ये टैक्स के रूप में दिए गए पैसे को इस तरह बर्बाद करते हैं। इनके पास में जो प्राइवेट ठेकेदार हैं उनको देने के लिए तो पूरा बजट रहता है, पैसा रहता है लेकिन जो हमारे स्वच्छता के सैनिक, हमारे सफाई कर्मचारी भाई-बहन, उनको समय पर सेलेरी देने के लिए इनके पास पैसा नहीं रहता। ये अपने आप में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और अगर हम बात करें दिल्ली की जो देश की राजधानी है।

माननीय अध्यक्षः रोहित जी, कंक्ल्यूड करिए, प्लीज।

श्री रोहित कुमारः जो पूरे विश्व बिरादरी के अंदर पूरे देश को रिप्रजेंट करती है उसकी ये हालत है। आज प्रधानमंत्री जी जो स्वच्छता सर्वेक्षण पूरे देश में कराते हैं, छोटे छोटे जो शहर हैं वो उस श्रेणी के अंदर कहीं उपर हैं और हम टाप हंड्रेड्स में भी जगह नहीं बना पाए अध्यक्ष जी।

माननीय अध्यक्षः रोहित जी, प्लीज कंक्ल्यूड करिए। कंक्ल्यूड।

श्री रोहित कुमारः तो कंक्ल्यूड कर रहा हूं माननीय अध्यक्ष जी 10 सेकेंड के अंदर। ये बड़े शर्म की बात है देश की राजधानी, हमारी तीनों एमसीडी टाप हंड्रेड्स में भी जगह नहीं बना पाती है ये अपने आप में बहुत ही शर्मसार करने वाली बात है। छोटे छोटे इंदौर जैसे शहर, मंडी जैसे शहर जो छोटे छोटे शहर हैं वो दिल्ली से कहीं आगे निकल जाते हैं क्योंकि इनके पास में ठोस कूड़ा प्रबंधन के लिए, नालों की गाद निकालने के लिए कोई भी ठोस योजना नहीं है। योजना तो तब होगी जब इनकी नीयत सही होगी। जब इनकी नीयत ही सही नहीं है तो इनके द्वारा किए गए कोई भी काम से कोई भी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद करना पूरी तरीके से अपने आप में बहुत ही बेमानी साबित होगा और आज मैं आप से यही गुजारिश करना चाहूंगा कि जो एमसीडी को फंड दिया जाता है उस पर फिर से पुनर्विचार किया जाए क्योंकि ये हर साल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। आपने मुझे इतने गंभीर विषय पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं माननीय अध्यक्ष जी आपका बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, श्री अजय महावर जी।

श्री अजय कुमार महावरः धन्यवाद अध्यक्ष जी, अभी नगर निगम को टारगेट करते हुए नालों की सफाई की बात की जा रही है। मैं इससे बिल्कुल भी इतेफाक नहीं रखता और पूरी दिल्ली जानती है कि नगर निगम के पास 4 फुट, 6 फुट, 10 फुट की छोटी छोटी गलियां हैं। 60 फुट और उससे उपर बड़ी सड़कें सारी पीडब्ल्यूडी के पास हैं। अभी ये बात कर रहे थे कोई हमारे मेंबर कि बस गिर गयी, कार गिर गयी। पर उन्हें ये ठीक जानकारी होनी चाहिए कि मसौदा हम भी लेकर आए हैं तो जितनी सड़कें, पहली बात तो नगर निगम की छोटी सड़कों पर बस चल नहीं सकती। 4 फुट की सड़क पर आप कब बस चलाने लगे, 10 फुट की सड़क पर आप कब बस चलाने लगे?

...व्यवधान...

श्री अजय कुमार महावरः और भईया देखो हमने टोका नहीं आपको, सुन लो, इतनी पेशियंस रखो। तो ये जो गाड़ी, बस।

माननीय अध्यक्षः आप इनको बोलने दीजिए, 5 मिनट बोल रहे हैं। 5 मिनट उनका समय डिस्टर्ब मत करिए।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई मिश्रा जी, बैठ जाइए।

...व्यवधान...

श्री अजय कुमार महावरः वो सब सड़क पीडब्ल्यूडी की सड़क थीं, मैं ये कहना चाहता हूं। इसको समझ लीजिए ये पीडब्ल्यूडी की सड़कें हैं जिसके अंदर।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः ये बैठ जाइए आप बैठिये

श्री अजय कुमार महावरः वो सब पीडब्ल्यूडी की सड़कें थीं, आप सुनना नहीं चाहते। आप गला घोंटना चाहते हो।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः मिश्रा जी,

...व्यवधान...

श्री अजय कुमार महावरः अध्यक्ष जी ने मुझे बोलने दिया है तो मैं जरूर बोलूंगा। मैं एक उदाहरण देता हूं आपको, आपकी आदत हो गयी है। इस सरकार की।

माननीय अध्यक्षः एक सेकेंड अजय जी, एक सेकेंड। देखिए आप बैठ जाइए मिश्रा जी। बैठ जाइए आप छोड़िए। नहीं मैं कोई अलाउ नहीं कर रहा हूं बैठिए। आपके।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः अब आप बैठ जाइए, बैठिए। प्लीज। देखिए मैं सदस्यों से प्रार्थना कर रहा हूं बीच में डिस्टर्ब न करें, अपने माननीय सदस्य जिनका इनके बाद नंबर आएगा वो उत्तर दे सकते हैं, वो चीज को नोट करें, उत्तर दें। बाद में आप डिस्टर्ब करेंगे सब। ऐसे तो सदन नहीं चल सकता। आपका भी नंबर आएगा ऋतुराज जी। उस वक्त, आप नोट करिए न बिन्दु को, उसका

उत्तर दीजिएगा। आपकी बारी आएगी, तब उत्तर दीजिएगा। आपका नाम आया हुआ है मेरे पास।

श्री अजय कुमार महावरः धन्यवाद। इस सरकार की आदत हो गयी है अपनी नाकामी को दूसरे के सर मढ़ना। और मैंने यह देखा है कि जलभराव के संबंध में भी मैंने यही चीज देखी। चाहे कभी आक्सीजन का मामला हो, फूड सप्लाई का मामला हो, कोई भी अन्य मामले आते हैं, कभी किसी सरकार पर, कभी किसी सरकार पर, कभी किसी एजेंसी पर, अपने उपर कोई जिम्मेवारी नहीं लेते, ये इस सरकार की आदत बन गयी है। मैं ईडीएमसी का उदाहरण देता हूं डिसिल्टिंग का, अभी सिर्फ 46 हजार मीट्रिक टन डिसिल्टिंग की है ईडीएमसी ने और एचीवमेंट जो इनका टारगेट था 46 हजार का और उनका एचीवमेंट आफ डिसिल्टिंग है 55 हजार मीट्रिक टन। और पीडब्ल्यूडी जिनका अपना टारगेट था वो 35 हजार मीट्रिक टन ही अभी तक डिसिल्टिंग कर पाई है जो उनके टारगेट से बिलो टारगेट है, शर्म आनी चाहिए। आप बात कर रहे हैं एमसीडी की जिन्होंने टारगेट से ज्यादा अचीव किया डिसिल्टिंग के लिए। और इसी प्रकार से 460 किलोमीटर की सिर्फ 4 फुट की नालियां हैं जो नॉर्थ एमसीडी में आती हैं। वो सभी की सफाई हो चुकी है। मेरा ये मानना है अभी एक हमारे मेंबर कह रहे थे कि सेंसर लगाया है, नालों के लिए, पानी के लिए, हमने तो आज तक देखा नहीं?

...व्यवधान...

श्री अजय कुमार महावरः आप निकलोगे तब देखोगे न? आप निकलते नहीं घर से, कहां से देखोगे। वाटर हारवेस्टिंग की बात भी सरकार ने की थी

जिससे जलभराव के लिए मैं पूछना चाहता हूं मंत्री जी से भी कि वाटर हारवेस्टिंग के कितने प्लांट लगाए आपने, जलभराव के हर केन्द्र पर अगर वाटर हारवेस्टिंग लग जाए तो डबल फायदा होगा। जलभराव भी खत्म होगा और उससे वाटर लेवल भी उपर आएगा। मुझे इतना ही कहना था कि जेसीबी हो, ट्रक हो, सेंसर मशीन हो, जो भी एमसीडी के पास संसाधन हैं अपने तंगी के हालात में भी उन्होंने कोरोना काल में भी अपनी जान की परवाह न करते हुए सफाई कर्मचारियों ने जनता की सेवा की, अपने अपने परिवार की चिंता नहीं की। मैं एमसीडी को धन्यवाद देता हूं तीनों निगमों को जिन्होंने इस शुचिता के काम को जारी रखा लेकिन आप सिर्फ मदद करने के बजाए उनका पैसा रोकते हो, उनका दमन करते हो, उनके विचारों का दमन करते हो, उसके बावजूद आप उस पर टारगेट करते हो क्योंकि आपको एमसीडी की सत्ता लपकने के लिए मन लालायित है और आप बीजेपी की सत्ता को बदनाम करना चाहते हो। इतनी बात कह कर मैं अपनी बात को विराम देता हूं। अध्यक्ष जी ने आपने मुझे बोलने का मौका दिया आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः श्री सोमनाथ जी। ऋतुराज जी आप बैठ जाइए, बैठ जाइए, प्लीज।

श्री सोमनाथ भारतीः अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का मौका दिया। महावर जी कह रहे थे कि आम आदमी पार्टी के लोग एमसीडी के खिलाफ बोल रहे हैं। एमसीडी के खिलाफ नहीं बोल रहे हैं, भाजपा शासित एमसीडी के खिलाफ बोल रहे हैं। यही स्कूल, यही अस्पताल है कि नहीं, भाजपा 15 साल से एमसीडी में

है। मैं आपको उदाहरण देता हूं। 20 साल होने वाले हैं। किस प्रकार से यही स्कूल, यही अस्पताल जो अरविंद जी ने विश्वस्तरीय तरीके से निर्माण करके दिखाए, चला कर दिखाया, पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। इन्हीं स्कूलों में कोई जाना ही नहीं चाहता था पहले, इन्हीं अस्पतालों में कोई जाना ही नहीं चाहता था पहले। तो मुसीबत एमसीडी से नहीं है, मुसीबत भाजपा से है। यही एमसीडी के कर्मचारी, यही एमसीडी के सफाई कर्मचारी, यही एमसीडी as an Institution जब आम आदमी पार्टी के पास 6 महीने के बाद आएगी तो यही एमसीडी दिल्ली को विश्वस्तरीय नंबर एक शहर बना करके दिखाएगी। कारण क्या है नेतृत्व का।

...व्यवधान...

श्री सोमनाथ भारती: देखिए, अरे भईया अब ये हसीन सपने किसके हैं चूंकि।

माननीय अध्यक्ष: आप बोलते रहिए सोमनाथ जी। बोलिए आप प्लीज।

श्री सोमनाथ भारती: मैं पूरे क्षेत्र के अन्दर मैं दिल्ली के अन्दर खूब घूमता हूँ और मुझे बताया जाता है कि भाजपा वाले भी अब हार मान चुके हैं बोले कि भईया ठीक है। 2017 में।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्ष: प्रमिला जी प्लीज।

श्री सोमनाथ भारती: 2017 में माननीय मोदी जी के नाम पर कि भईया नई ऊर्जा, नई उड़ान के नाम पर नए-नए उम्मीदवारों को खड़ा किया था। अब

फोटो मोदी जी की और नई ऊर्जा, नई उड़ान के नाम पर एम.सी.डी. में फिर वोट ले लिया लेकिन इस बार मोदी जी की जो एक stature है उसको भी आपने दांव पर लगा दिया। भई पांच साल में भाजपा ने ऐसा कांड किया है कि इस बार भाजपा के सारे सिनियर नेता कह रहे हैं कि भईया इस बार तो आम आदमी पार्टी ही आयेगी।

साथियों मैं बताना चाहता हूँ छोटा सा एक वाक्या। मेरे यहां ग्रीन पार्क है एक रोड़ पी.डब्ल्यू.डी. की है। बीजेपी का एक नेता वो विडियो बना रहा है कि देखिए केजरीवाल जी ने कुछ नहीं किया ये पानी भर गया है, पानी भर गया है। मैं नैक्सट डे पहुंचा वहां सारे अधिकारी मेरे साथ थे तो जो वहां पार्किगं अटेंडेट है वो मुझे कह रहा है कि देखिए इस नाले में भाजपा के एक नेता ने पहले slab गिराया कि बारिश का पानी सारा इकट्ठा हो जाए और लोगों ने कहा कि भई slab हटा देता हूँ मैं कि नहीं-नहीं पहले विडियो बनाने दो मुझे तो जानबुझकर slab गिराना, बारिश के पानी से जनता को तंग करना और विडियो बनाना फिर राजनीति करना ये भाजपा के डीएनए में है कि भाजपा जब आम आदमी पार्टी से सही तरीके से नहीं जीत पाती है तो राकेश अस्थाना जी को लेकर आए हैं, इसी काम के लिए लेकर आए हैं कि जब आप कुछ विडियो बनाओगे, उनके खिलाफ एक्सपोजर करोगे तो अस्थाना जी को आगे कर देंगे, चलो भई आप लोग अपने काम पर लगो ड्यूटी पर लगो। साथियों जैसा अभी अखिलेश जी ने बताया कि 98 परसेन्ट दिल्ली में ड्रेन्स एम.सी.डी. के पास हैं। पी.डब्ल्यू.डी. के जो ड्रेन्स हैं, जैन साहब मैं आपको बधाई देना चाहता हूँ, अधिकारियों ने बहुत मेहनत की है और पूरी desilting की, दबा के desilting की है जबकि हम सारे, आम आदमी पार्टी के करीब-करीब सारे नेता जमीनी

हैं। जा जाकर देखते रहते हैं भई कि हम कूदकर जाकर वहां देख लेंगे तो आम आदमी पार्टी के विधायकों को, मंत्रीगण को, माननीय मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत बधाई कि पी.डब्ल्यू.डी. ने बड़ा अच्छा काम किया है। हमने उतर-उतर कर देखा है और मुझे वहां पूरा desilted मिला। तो पूरी desilting पी.डब्ल्यू. डी. ने अपनी तो कर ली लेकिन एम.सी.डी. नहीं कर पाई, इस कारण से मुसीबत रही और जिस प्रकार से अभी रोहित ने कहा कि भई एम.सी.डी. भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी । अन्दर की कॉलोनियों में जो storm water drains था। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए सदन को बता रहा हूँ।

माननीय अध्यक्षः साहनी जी प्लीज।

श्री सोमनाथ भारतीः कि जो अन्दर ड्रेन्स हैं एम.सी.डी. की कागजों पर हैं। कागजों पर हैं एम.सी.डी. की ड्रेन्स और कागजों पर ही desilting हो रही है और कागजों पर ही पैसे दिए जा रहे हैं तो कई सौ करोड़, कई हजार करोड़ का पता नहीं कहाँ है अगर वो काश अपने पास एक जांच एजेंसी होती, ACB छीन लिया है इन्होंने। अब जो ACB था छीन लिया इन्होंने। अगर जांच एजेंसी होती तो कागजों पर जो नाले एम.सी.डी. के दिखते हैं जिनकी desilting कराकर पैसे खाए जा रहे हैं, उसकी जांच होती और कई सारे लोग जेल में होते। अध्यक्ष महोदय, जो मिन्टो ब्रिज में, दिल्लीवासियों को आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि मिन्टो ब्रिज अरविन्द जी ने एक मॉडल के तौर पर दिखाया है कि भई दिल्ली के अन्दर अगर एम.सी.डी. में आम आदमी पार्टी आ गई, चूंकि आने वाली है, तो जिस प्रकार से मिंटो ब्रिज की decades old समस्या का समाधान हो गया उसी प्रकार से आम आदमी पार्टी आने के बाद इसी एम. सी.डी. के जरिए पूरे दिल्ली के अन्दर एक भी बूंद जलभराव की समस्या नहीं

रहेगी। अध्यक्ष महोदय, ये जो हम सब साथियों को झेलना पड़ता है बारिश के दिनों में, भई जल बोर्ड का सीवर बह रहा है, जल बोर्ड का सीवर बह रहा है, अरे भई जल बोर्ड का सीवर नहीं बह रहा है, चूंकि storm water drains नहीं है दिल्ली में, एम.सी.डी. ने बनाया नहीं। एम.सी.डी. ने केवल कागजी कार्रवाही की, desilting कागज पर ही कर दी। तो क्या वो हर कॉलोनी के अन्दर जो बारिश के पानी का drain बनना चाहिए था क्योंकि सीवर और बारिश के पानी का destination separate-separate है। सीवर जायेगा STP के अन्दर sewage treatment plant वहां पर वो cure होकर वापस आयेगा। बारिश का पानी जायेगा storm water drain के जरिए। इन्होंने क्या किया है, एम.सी.डी. ने सारा बारिश का ड्रेन जो कागजों पर desilting हो रहा है उसको जोड़ दिया हमारी सीवर लाइन में।

...व्यवधान...

श्री सोमनाथ भारतीः हाँ, भाजपा शासित एम.सी.डी., भाजपा शासित एम.सी.डी.। अरे वहां पर अभी रूको, 2024 आने दो, चिन्ता न करो। तो अध्यक्ष महोदय, मैं ऑन रिकार्ड ये बात लाना चाहता हूँ कि दिल्ली जल बोर्ड के सीवर लाइन बारिश का पानी कैरी करने के लिए नहीं हैं, तो जहां कहीं भी दिल्ली वासियों को जल बोर्ड की सीवर लाइन वअमतसिवू दिखती है तो ये समझ लें कि एम.सी.डी. अपने काम में फिस्ड्डी साबित हुई, भाजपा शासित एम.सी. डी. के जरिए दिल्ली के अन्दर storm water drain बनाने में फिस्ड्डी साबित हुई, फेल हो गई और वही पानी हमारे सीवर लाइन में जाकर के आज सीवर लाइन overflow हो रहा है जो कि क्रिमिनल है it is criminal to insert storm water into our sewerage line, it is criminal और जल बोर्ड को चाहिए कि

इसके ऊपर संज्ञान लें और भाजपा शासित एम.सी.डी. के ऊपर केस करें । अध्यक्ष महोदय, एक बात से मैं सहमत हूँ चूंकि दिल्ली के अन्दर water table बहुत नीचे चला गया है इसलिए यहां rain water harvesting की जरुरत है। माननीय केजरीवाल साहब ने और सतेन्द्र जैन साहब ने जिस प्रकार से यमुना को सुधारने का काम किया है और कर रहे हैं उसके ऊपर और देखना आने वाले समय में क्या होता है। मुझे लगता है कि एक concerted approach होना चाहिए। अभी चूंकि बारिश चल रहा है, परमात्मा खूब बरसा रहा है, परमात्मा का गिफ्ट आ रहा है लेकिन बारिश का पानी जो अमृत रूपी पानी है जिसको हमें उपयोग में लाना था, अगर rain water harvesting pits हर low lying area में बना दिया जाए जोकि एम.सी.डी. का दायित्व बनता है और उसके बाद उसके जरिए बारिश का पानी जमीन में जाए और जमीन का जो water table है उसको रिचार्ज किया जाए लेकिन इस काम में भी एम.सी.डी. हर तरफ नाकाम साबित हुई है। तो मैं ये कहना चाहता हूँ कि आज इस discussion के जरिए हमारे साथी ने जो एम.सी.डी. की नाकामी जल भराव के क्षेत्र में हर तरफ दिखायी है और जो प्रस्ताव सदन के पटल पर रखा है मैं उसके समर्थन में बोल रहा हूँ और ये कह रहा हूँ कि इस बार इस बात का संज्ञान लेते हुए, दिल्ली तो संज्ञान ले रही है चूंकि दिल्ली की जनता ने फैसला कर ही लिया है कि भई आम आदमी पार्टी को एम.सी.डी. देना है लेकिन आपके माध्यम से इस बात को कमिश्नर को बताया जाए कि भई जल भराव की समस्या में भाजपा शासित एम.सी.डी. नाकाम साबित हुई है और जो भी उचित कदम हो उसको लिया जाए, नहीं तो हमारे पास एक दुर्गेश पाठक जी हैं अभी उन्हीं के press conferences से भाजपा हिली हुई है। वो एक-एक करके घोटाले को उजागर

करते जा रहे हैं और भाजपा के पास जवाब नहीं है। तो समझ लीजिए कि क्या आपकी preparation है और आपने बीस साल में एम.सी.डी. का क्या कबाड़ा किया है। सफाई कर्मचारी हों, डॉक्टर्स हों, टीचर्स हों किसी को आपने समय से वेतन नहीं दिया । कोरोना काल के अन्दर भी सभी लोग बहुत मुश्किलों में रहे। यहां तक की आपने डॉक्टरों के ऊपर टैक्स लगाने का प्रयत्न किया, वो हमारे कारण वापस लिया। तो एम.सी.डी. के हर डिपार्टमेंट में भाजपा ने एक ही चीज का बोलबाला स्थापित किया है, वो है भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार। तो इस बार बदलाव होगा। मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया और अखिलेश भाई ने जो बात शुरू की उसका मैं समर्थन करता हूँ बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद हाजी युनूस जी।

श्री हाजी युनूसः धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस जल भराव और एम.सी.डी. की सफाई व्यवस्था को लेकर बोलने का मौका दिया। अभी हमारे विपक्ष के साथी हमारे विधायक जी ने एक तस्वीर दिखाई थी जो कि मैं अभी अपने मोबाइल पर उसी तस्वीर की विडियो दिखाये देता हूँ। अब ये विशाल मेगा मार्ट के सामने का रोड़ है ये बता दें इसके दोनों तरफ के नाले, ये क्या एम.सी.डी. के नहीं हैं या ये रोड़ एम.सी.डी. का नहीं है। मैं अपने विपक्ष के साथी से पूछना चाहता हूँ जिन्होंने अभी-अभी फोटो दिखाई थी इस सदन के अन्दर। दूसरे इसके अन्दर जो ये गाड़ी फंसी हुई है जिसकी फोटो ये दिखा रहे थे ये नाला विशाल मेगा मार्ट जो कि वार्ड-57 के निगम पार्षद जी का खुद का है और जस्ट उसके सामने की ये विडियो और फोटो है जो अभी हमारे साथी ने दिखाई। इसके अलावा मैं बताना चाहूँगा कि एम.सी.डी. के नालों का

हाल इतना बुरा है, इतना बुरा है कि अभी ईद गए हुए लगभग एक हफ्ता हो चुका है और कुछ निगम पार्षद वहां जाकर जहां ढलावघर है वहां जाकर लाइव विडियो चलाते हैं कि जी हम कूड़ा उठवा रहे हैं, कूड़ा उठवा रहे हैं। अरे भई जिन एजेंसियों को आपने ये ठेका दिया है वो एजेंसी क्या कर रही हैं, किसलिए हैं वो एजेंसी? क्या ये ठेका जिन एजेंसियों को दिया गया है वो एजेंसी कूड़ा उठाने के लिए नहीं है? फिर ढलावघर पर जाकर आप दिखा रहे हैं अवाम् को जरा कम से कम गलियों के अन्दर की हालत तो जाकर देख लो कि वहां क्या हाल हैं। गलियों के अन्दर नालियां भरी पड़ी हैं। एक तो कोई नालियां निकलती नहीं लेकिन अगर इत्तेफाक से कभी 10 दिन, 15 दिन या 20 दिन में कोई नाली निकल भी गई तो उसको उठाने वाला पैदा नहीं होता है और वो कूड़ा सूखने के बाद वापस उसी नालियों में चला जाता है। हद तो यहां तक हो चुकी है कि ये जनता को इस तरह गुमराह करने लगे हैं निगम पार्षद कि अगर जनता निगम पार्षद के घर जाती है तो वो कहते हैं भई विधायक जी से जाकर बात कर लो। तो जैसा अभी हमारे साथी विधायक ने बताया वकील साहब ने कि आगे आने वाले टाइम में ये तो जनता दिखा ही देगी कि क्या होगा और क्या होने जा रहा है। आने वाले टाइम में एम.सी.डी. में जरूर आम आदमी पार्टी की सरकार आयेगी और ये रोड़ जो विशाल मेगा मार्ट के सामने शिव विहार तिराहे से मुखिया मार्किट तक का और रामलीला मैदान के 33 फुटे का जो रोड़ अभी बन रहा था लेकिन इत्तेफाक से उस काम के चलते में ये बारिश आ गई। बारिश की वजह से वहां जो दिक्कतें आई तो हमारे भाजपा के एक निगम पार्षद जी के पी.ए. साहब ने उसको वहां से लाइव चलाना शुरू कर दिया कि भाई रोड़ बने हुए एक साल भी नहीं हुआ

और रोड़ बनकर टूट गया क्योंकि वो रोड़ अभी बना ही नहीं है, कच्चा ही डला था और वहां जो मैंने विडियो दिखाई जिस तरह से कि नाले भरे होने की वजह से P-52 to 1.05/PK पानी लगभग एक-एक मीटर के करीब खड़ा हुआ है और जो एमसीडी के नाले और एमसीडी के रोड हैं, अब जब एक मीटर पानी खड़ा हो जाएगा तो वो जो कच्चा हुआ काम है लाजमी बात है वो खराब होगा। अब हद तो यहां तक हो गई है कि आज कल जो साप्ताहिक बाजार एल जी साहब ने बंद कर रखे हैं कोरोना की वजह से कि साप्ताहिक बाजार नहीं लगेंगे, क्योंकि कोरोना महामारी चल रही है, साप्ताहिक बाजार से जो गरीब अपना पेट पालते हैं अगर वो साप्ताहिक बाजार लगा लेते हैं तो एमसीडी के लोग।

माननीय अध्यक्षः हाजी जी चर्चा इस पर नहीं है, चर्चा जिस विषय पर है उसी को लीजिए प्लीज।

श्री हाजी युनूसः सर ये एमसीडी के ताल्लुक से ये लोग मतलब गलत अफवाहें फैलाकर दिल्ली सरकार को बदनाम करने की एमसीडी कोशिश कर रही है, मैं एमसीडी से हटकर नहीं बोलूंगा कुछ भी।

माननीय अध्यक्षः नहीं जो कुछ आप बोल रहे हैं वो नालों पर आ जाइए सीधा, हाँ पहले ठीक ट्रैक पर चल रहे थे ।

श्री हाजी युनूसः चलिए सर नालों की तो हालत और नाली की हालत और अभी हमारे जो विधायक साथी ने प्रस्ताव रखा, अखिलेश पति त्रिपाठी जी ने तो ये बात बिल्कुल सत्य है और इस सदन के अंदर मैं दावे के साथ एक बात कह रहा हूं ये तिरपाल फैक्टरी रोड पर, जो कि पूरा रोड गोकलपुरी विधान

सभा के अंदर आता है लेकिन मुस्तफाबाद की सारी जनता वहां से लगभग लाख डेढ़ लाख लोग रोज सुबह से शाम तक गुजरते हैं, वहीं पुलिया पर ढ़लाव घर बने होने की वजह से जाम की स्थिति ये रहती है कि उस ढ़लाव घर की वजह से वहां से निकलने में एक-एक घंटा लग जाता है। मैं आपके माध्यम से, सदन के माध्यम से ये पूछना चाहता हूं कि अगर 2 साल के अंदर भी उस नाले का निकला हुआ कचरा या गाद कहीं भी कोई दिखा दे तो जो सजा देना चाहें मैं वो सजा मंजूर करता हूं। मैंने आज तक उस नाले को, निकलते हुए नहीं देखा जो एमसीडी के अंदर आता है, गोकलपुर विधान सभा में है और ये तिरपाल फैक्टरी रोड पर है, उस नाले की सफाई का एक भी फोटो साबित कर दें तो मुझे ये जो सजा देना चाहें दे सकते हैं। तो एमसीडी का घोटाला और एमसीडी के अंदर जो कुछ हो रहा है ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। दिल्ली सरकार जितनी तेजी से, चाहे वो कोई भी विकास हो, कोई भी मंत्रालय हो, हमारे मुख्यमंत्री जी जितनी तेजी से दिल्ली का विकास कर रहे हैं, एमसीडी उतनी ही तेजी से उस विकास को चकनाचूर कर रही है। तो हमारे साथी अखिलेश पति त्रिपाठी जी ने जो प्रस्ताव पेश किया है, मैं उसका समर्थन करते हुए, अध्यक्ष जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, धन्यवाद। अब्दुल रहमान जी

श्री अब्दुल रहमानः बहुत-बहुत शुक्रिया अध्यक्ष महोदय। मैं एक छोटी सी दो लाइन की एक कहानी से अपनी बात शुरू करना चाहूंगा, है एमसीडी से रिलेटिड कि एक आदमी एक बकरा खरीद कर लाया और बकरा खरीद कर लेकर चला तो 4 ठग बैठे हुए थे आगे। पहला ठग उसे मिला और उसने कहा भई ये कुत्ता कहाँ से खरीद कर लाया बड़ा अच्छा लग रहा है। उसने

कहा यार मैं तो बकरा खरीद कर लाया हूं ये कुत्ता कैसे हो गया? वो थोड़ा आगे चला, वो चारो ठग मिले हुए थे, दूसरा ठग बोला कि आओ भई भाई साहब क्या हाल है, कि बढ़िया। कि यार कुत्ता तो बढ़िया ले आए। उसने कहा यार कुत्ता! मैं तो बकरा खरीद कर लाया हूं भई। उसने कहा यार ये तो कुत्ता है, बहरहाल वो थोड़ा ओर आगे चला तीसरा ठग मिला, उसने भी कहा आओ भाई साहब क्या हाल है, और कुत्ता कहाँ से लेकर आ रहे हो पकड़ कर। अब उसको भी शक होने लगा कहीं मैं कुत्ता ही तो नहीं ले आया। जब चौथा मिला तो उसने कहा आओ भाई साहब, कुत्ता बड़ा शानदार लेकर आ रहे हो, उसने उसकी चौन छोड़ी और वो वापस गया जहां से लाया था उसके पास, कि यार मैं तो वाकई कुत्ता ले आया, वो ठग उस बकरे को लेकर चलते बने। तो बड़े-बूढ़े कहते थे कि बड़ों ने निकाली कार, उतर गई पारम-पार। तुम्हारे मुंह पर झूठ बोलें बताओ हमारा क्या बिगाड़ोगे। इनके तो बड़ों ने इन्हें झूठ बोलना, घुट्टी में सिखाया है, इनको घुट्टी जो पिलाई गई भाजपाइयों को उस घुट्टी में सिर्फ और सिर्फ झूठ डाला, जैसे बच्चे को मुगलीघुट्टी 555 पिलाते थे। तो वो तुम्हें उसमें झूठ डालकर इतना पिलाया गया कि तुम झूठ की लाइन से हटकर कुछ बोल ही नहीं सकते। मेरे अपने अजीज दोस्त अभी बता रहे थे इनका एमसीडी से कोई बा-वास्ता नहीं है, कोई वास्ता नहीं रहा, लेकिन मैं इनकी जानकारी दुरूस्त कर दूं कि 60 फीट से बड़े रोड जितने भी हैं वाकई पीडब्ल्यूडी के पास है, लेकिन 59 फीट का भी है तो वो एमसीडी के पास है। आप जो 4 फीट, 7 फीट गिना रहे थे, मैं आपकी जानकारी को दुरूस्त कर रहा हूं कि अगर 59 फीट भी है तो वो एमसीडी के पास है। दूसरी बात, रही नालों की आपने अभी एक आंकड़ा बताया यहां सदन के सामने मेरे काबिल

दोस्त ने, कि 34 हजार मीट्रिर्क टन सिल्ट ईस्ट दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने निकाल दी और 45 हजार का टारगेट है। बिल्कुल आप 34 हजार नहीं, अगर उसे कागज पर लिख कर सदन को ये बताएं कि हमने 4 लाख मीट्रिक टन निकाल दी तो भी तुम इतना बोलोगे, इतना बोलोगे कि लोगों को सच लगने लगेगा। झूठ इतनी सफाई से बोलते हो, उसकी वजह क्या है, माननीय अध्यक्ष महोदय मैं आपको बताना चाहता हूं मेरे यहां 4 नाले एमसीडी के आते है। एक नाला साफ हुआ मेरे यहां, 3 नाले अभी भी अगर किसी ने उस पर हाथ लगाया हो तो मैं जो ये कहें वो हारने के लिए तैयार हूँ। एक नाले की सफाई हुई है मेरे यहां आधी-अधूरी बाकी तीन नाले ऐसे के ऐसे पड़े हैं और ये जो अभी एक मेरे काबिल दोस्त रोहित मेहरोलिया जी ने एक बात कही थी कि दिल्ली सरकार के पैसे को बर्बाद करना इनका लक्ष्य बन गया है। इनका एक अहम कार्य है कि किसी भी तरह झपट कर, झटक कर, दिल्ली सरकार से रोकर, लड़कर, पीट कर पैसे लो और उस पैसे को अपनी जेबों में डालो और तरीका क्या है इनका डालने का। एक टैंडर कर दिया, टैंडर धारक से बंदरबांट कर ली कि तू इस पर लिख कर लाता रह, कोई गाड़ी नम्बर नहीं होगा, कुछ पता नहीं होगा, 34 हजार टन निकाल दी आधे पैसे तेरे आधे हमारे, आधे तेरे आधे हमारे, ये इनकी बंदरबांट चल रही है और क्या करते हैं जब इन्हें कुछ नहीं मिलता तो डस्टबिन खरीद लाते हैं। डस्टबिन खरीदेंगे वो 5-6-4 रुपये की एक बाल्टी खरीदी और उसे दिखाया जी ये हमने 44 रुपये की एक बाल्टी खरीदी है, कितनी खरीदी है कि साहब 4 लाख बाल्टियाँ खरीदी है। अब वो बाल्टियाँ बांट रहे हैं जी दुकानों पर, इधर-उधर वो फिंक जाती है बाल्टियाँ। तो इस तरह दिल्ली सरकार की गाढ़ी कमाई के पैसे को बर्बाद करने पर तुले

हुए है और कभी इन्होंने अपने ढ़लाव घरों पर ध्यान नहीं दिया, अपने एमसीडी के नालों पर ध्यान नहीं दिया। जो एसएलएफ कूड़े का पहाड़ बन चुका है वहां आज तक इन्होंने ध्यान नहीं दिया आकर। इनके यहां एक पोस्ट है नाला बेलदार की जो नालों पर काम करते हैं, एक नाला बेलदार कभी नाले पर नहीं मिलेगा। वो मिलेंगे कहाँ जहां बिल्डिंग डिपार्टमेंट वाले बिल्डिंगे बन रही होंगी वहां उगाही करते मिलेंगे, क्योंकि आकाओं को पैसे देने हैं और आका भी करें क्या, इनकी भी मजबूरी है भाई साहब। अध्यक्ष महोदय, इनकी मजबूरी ये है कि 2012 में जो इनके काउंसलर जीतकर आए, इनके शीर्ष नेतृत्व ने कह दिया की भई इनको टिकट ही नहीं देंगे, ये भ्रष्ट हैं, अब वो तो हटा दिए गए । अब जो नए लाए उन्हें भी पता है तुम्हें आगे नहीं मिलना, पेट भर लो जितना भरना है। अब वो भी जेब भरने पर लग गए। उन्होंने सारे काम छोड़ दिये, कैसा नाला किसका नाला, 6 महीने की ओर बची है, खाओ पेट भरो अपने घर को चलो, आगे तो टिकट मिलना नहीं, आगे लड़ना नहीं। लेकिन मैं एक बात बताना चाहता हूं, जिम्मेदारी से भागना, ये भाजपा शासित एमसीडी का काम है। दिल्ली की सरकार ने अपने नालों की सफाई की, मैं बधाई देना चाहूंगा अपने पीडब्ल्यूडी के मंत्री को और तमाम पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों को कि उन्होंने इतनी बेहतरीन मॉनिटरिंग की और ऐसी शानदार नालों की सफाई कराई कि हमारे एक भी नाले में, जितनी बारिशें पड़ी है, आप दिखा दीजिए पीडब्ल्यूडी के नाले में अगर कहीं पानी का जल भरा हुआ हो और पानी प्रॉपर तरीके से मूव ना हुआ हो। मैं मजाक की बात नहीं कर रहा हूं, महावर भाई। मैं सच्चाई बयान कर रहा हूं आपसे वरना आप एक नाले पर लेकर चलिए कि पीडब्ल्यूडी का ये नाला रह गया और मैं आपको 100 नाले दिखाता हूं एमसीडी

के चलकर, बल्कि सदन से आप 10 आदमी उठा लीजिए और चलिए 100 नाले दिखाऊंगा जहां एमसीडी के एक नाले पर हाथ नहीं लगाया गया होगा आज तक, सिर्फ कह देना यहां पर। और आपकी गलती नहीं है, आपको एमसीडी का पता नहीं, मैं तो 8 साल काउंसलर के रूप में रहा हूं एमसीडी में इसलिए मुझे एमसीडी का पता है। तो आप तो कुछ भी कह सकते हो, आपकी जानकारी की बात है लेकिन अगर वाकई आपने अपने काम का निर्वाह सच्चाई से किया होता, अगर ईमानदारी से आपने एमसीडी को चलाया होता तो एमसीडी की ये दुर्दशा नहीं होती, न ही एमसीडी के लिए बार-बार आपको दिल्ली सरकार के पास भागना पड़ता। एमसीडी की इतनी कमाई है कि एमसीडी की अपनी कमाई से एमसीडी को बेहतरीन चलाया जा सकता है, एमसीडी के एक-एक कर्मचारी को, एक-एक डॉक्टर को, एक-एक नर्स को तनखा बहुत आसानी से दी जा सकती है और अल्लाह ने चाहा तो मैं इस सदन को बता दूं कि आने वाले 2022 में फिर से एमसीडी का चुनाव आ रहा है। आम आदमी पार्टी की सरकार तीनों सदनों में आएगी और देखिएगा कि बिना किसी मदद के, सिर्फ ईमानदारी के चलते आम आदमी पार्टी इन तीनों सदनों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी कमाई से चला कर भी दिखाएगी और पैसे बचा कर भी दिखाएगी। अध्यक्ष महोदय, मैं बस अंत में इतना कहना चाहूंगा मेरे काबिल दोस्त इस चीज पर अच्छे से सलाह करें अपनी ओर से एक बार जाकर एमसीडी के नालों को देखें और हम आपस में बहस ना करके, यहां एक-दूसरे पर लांछन ना लगाकर अपनी दिल्ली से अगर प्यार करते हैं तो जाइए थोड़ा सा उनको कहिए, एमसीडी के नालों की सफाई कराइये ताकि दिल्ली के लोगों की जो दुर्दशा एमसीडी के नालों की वजह से, जल भराव की वजह से हुई है, वो ना हो

और दिल्ली के निवासी चौन-सकून से इस बरसात को गुजार सकें और लोगों के घरों में जलभराव से जो पानी भर जाता है, वो ना भरे इसकी हिदायत आपको एमसीडी के कर्मचारियों को, अपने काउंसलर्स को देनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय आपने मुझे इस जलभराव पर बोलने का मौका दिया आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। हमारे त्रिपाठी जी ने जो ये मुद्दा उठाया था मैं उसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं और एमसीडी के नालों की सफाई ना होने की पूरी तरह से निंदा करता हूं और बधाई देता हूं अपने पीडब्ल्यूडी के मिनिस्टर्स को, अधिकारियों को कि जो उन्होंने इतने अच्छे से अपने नालों की सफाई कराई कि एक भी नाले में आज कोई गाद नहीं है, धन्यवाद बहुत-बहुत शुक्रिया।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, धन्यवाद। अभय वर्मा जी।

श्री अभय वर्माः धन्यवाद अध्यक्ष जी आपने मुझे जलभराव की समस्या पर बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष जी जो अखिलेश त्रिपाठी जी प्रस्ताव लेकर आए हैं, जलभराव और नगर निगम की नाकामियाँ, मुझे लगता है कि ये जलभराव का जो मुद्दा है दिल्ली के एक-एक निवासी से जुड़ा हुआ मुद्दा है और इसको नगर निगम तक सीमित करके।

इस मुद्दे को हम divert कर रहे हैं। अभी हम विधान सभा में बैठे हैं बाहर बारिश हो रही है। सबको पता है यहां से निकलने के बाद अगर मुझे घर जाने में बीस मिनट लगना था तो अब 40 से 45 मिनट लगेगा। उसका कारण नगर निगम का नाली नहीं है। उसका एक मात्र कारण है पीडब्ल्यूडी के नाले। रोज ये अखबार में छपते हैं पूरी की पूरी कार पीडब्ल्यूडी के रोड में समा जाती है। एक ही घटना नहीं है साहब। एक ही घटना नहीं है। मैं

उदाहरण दूंगा ना अभी। हम पूरी कार को और बस को डूबते हुए देखते हैं। देखिए हम पीडब्ल्यूडी, डीडीए और एमसीडी का झगडा करेंगे तो हम दिल्लीवासियों को जल भराव से मुक्ति नहीं दिलवा सकते। मेरा simple इतना कहना है अध्यक्ष जी, मैं अपने विधान सभा का उदाहरण दे रहा हूं। अभी रोहित महरोलिया जी ने कहा कि लक्ष्मी नगर की जो रोड है दोनों तरफ पीडब्ल्यूडी का नाला है। मैं उनकी वो चीज ठीक करना चाह रहा हूं। अध्यक्ष जी, आपके संज्ञान में होगा अभी जो मैट्रो स्टेशन है, निर्माण विहार मैट्रो स्टेशन पूरा रोड फट गया। सिर्फ नाली की सफाई के कारण, पानी के ब्लॉकेज होने के कारण पानी ने पूरे रोड को फाड़ दिया। कम से कम दो घंटा, तीन घंटा ट्रैफिक बाधित रहा। मेरा सिर्फ इतना ही कहना है कि जब साउथ गणेश नगर की नालियों में पानी भरा और मैं स्वयं गया हूं मौके पर और मौके पर जाकर देखने के बाद ये पता चला कि पीडब्ल्यूडी के नाले साफ नहीं हुए। बारिश का पानी आया और उसने पूरी कालोनी में पानी बैक मारा।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः भई ये बात ठीक नहीं है। मेहरोलिया जी।

श्री अभय वर्माः ये पीडब्ल्यूडी के नाले हैं। आप गलत बयानी कर रहे हैं। कोई बात नहीं आप गलत बयानी कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के नाले हैं।

...व्यवधान...

माननीय अध्यक्षः महरोलिया जी।

श्री अभय वर्मा: डीसी ऑफिस के पीछे पीडब्ल्यूडी साफ करती है साहब। मेरा सिर्फ इतना ही कहना है अध्यक्ष जी कि पीडब्ल्यूडी के नाले अगर ठीक से सफाई हो जाए। नगर निगम की नालियों के पानी की निकासी ठीक से मिल जाए क्योंकि सारी छोटी नालियां बड़े नालों में गिरती हैं और बडे नाले साफ नहीं होते इसलिए नगर निगम की सारी नालियां पीछे ब्लॉकेज रहती हैं। अगर इस बीमारी को हम समझना चाहते है तो सबसे पहले पीडब्ल्यूडी के नाले की सफाई की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। हाउस में अभी रहमान साहब कह रहे थे एक रास्ता बता दो। मैने इस हाउस में 280 के माध्यम से क्वेश्चन किया था। सालों भर पीडब्ल्यूडी के रोड पर पानी रहता है। सालों भर बारिश तो भूल जाइए और वो रास्ता भी बता रहा हूं। मंत्री महोदय जी को भी ज्ञान होगा क्योंकि मैने पत्र भी लिखा है साउथ गणेश नगर की अंडर पुलिया के पास पीडब्ल्यूडी का रोड है, सालों भर पानी रहता है, तो कहीं ना कहीं हमें अपनी भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अभी बकरे और कत्ते की कहानी सुना रहे थे। तो बकरा जो है एमसीडी बीजेपी ऐसे नहीं छोड़ने वाली कि ठग लेकर भाग जाए। वो कहानी इनके ऊपर सूट करता है। मुझे तो सिर्फ इतना ही कहना है अध्यक्ष जी कि ईमानदारी पूर्वक दिल्ली सरकार पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर को फोन करें इस साल सबसे ज्यादा पीडब्ल्यूडी के रोडों पर जाम लगे हैं और दिल्ली की कोई भी जनता, आप तो सर्वे कराते रहते हैं, आप सर्वे करा लीजिए अगर कोई जनता ये कह दे कि मुख्य रोड की यातायात सुचारू रूप से बारिश के समय चला है तो आप जो कहेंगे सदन में मैं मानने के लिए तैयार हूं। हर व्यक्ति बडे नाले, बडे रोड से परेशान है। गलियों का पानी निकलता ही नहीं है। पीडब्ल्यूडी का जाम पड़ा हुआ है। दोनों तीनों रोड पर कुछ भी काम नहीं हुआ है पीडब्ल्यूडी

का। ऑन रिकार्ड कह रहा हूं। अध्यक्ष जी, ये इतना बड़ा मुद्दा है इसको वाद-विवाद आरोप-प्रत्यारोप करके खत्म नहीं करना चाहिए। सभी संस्थाओं को मिलकर इस जल भराव पर काम करना चाहिए। अगर हम बार-बार दोष देते रहेंगे नगर निगम को, कभी भी समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि केन्द्र पीडब्ल्यूडी है। पीडब्ल्यूडी के कारण ही नगर निगम की नालियों में दिक्कतें हैं। उसको जब तक दूर नहीं किया जाएगा तब तक ये समस्या दूर नहीं होगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः राजकुमारी ढिल्लों जी।

श्रीमती राजकुमारी ढिल्लोंः धन्यवाद अध्यक्ष जी, बहुत ही अच्छा मुद्दा है और अखिलेशपति त्रिपाठी जी ने जो प्रस्ताव रखा है पूरा सदन उसको समर्थन देता है। ईवन जो मेरी दांई साइड बैठे हुए हैं अंदर ही अंदर वो भी इसी बात का समर्थन करते हैं। क्योंकि मैं नगर निगम में निगम पार्षद रही और अभी जो ये बरसात आई परसों भारी बारिश हुई उसकी एक छोटी सी घटना हरिनगर वार्ड से एक निगम पार्षद की मैं आपको बता देना चाहती हूं। बहुत ही शर्म की बात है कि जो नगर निगम के क्षेत्र की अंदर की सारी गलियां होती है वो भाजपा की निगम में बैठी सरकार के पास है। निगम पार्षद गलियों में वीडियो बनाती घूम रही है। आप देखिएगा कहती हैं कि पानी भर गया, पानी भर गया, पानी भर गया। उन्हें ये नहीं मालूम अभी तक कि जो नगर निगम की गलियां हैं वो किसके पास हैं। मैं धन्यवाद करूंगी हमारे जो पीडब्ल्यूडी के मंत्री हैं सत्येन्द्र जैन जी, जिन्होंने कि पूरी दिल्ली में अपने जितने पीडब्ल्यूडी के रोड हैं उनके अधिकारियों ने तकरीबन दो महीने से continuously इतना सिल्ट निकाला

कि आज अभी भी जो बारिश आ रही है, सड़कों पर पानी भरेगा केवल आधा या एक घंटा लेकिन और जो गलियां है नगर निगम के एरिये के अंदर की वहां कालोलियों में पूरा का पूरा पानी भरा हुआ है। अभी सोमनाथ भारती जी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के रोड का नाला जो है उससे एरिये का पानी निकल जाता है लेकिन इनके पास के एरिये के अंदर की जो गलियां है पानी निकालने के लिए इनके पास कोई साधन नहीं है, कोई पम्प नहीं है और कोई storm water drain नहीं है जिससे कि पानी निकल सके। उन्होंने illegally जो हमारे सीवर है जो एरिये के अंदर के वहां grating जालियां बनाकर उसमें अध्यक्ष जी उनको जोड़ा हुआ है। गलियों का पानी निकालने के लिए इनके पास कुछ भी नहीं है। दिल्ली के क्षेत्र के अंदर 98 परसेंट जो एरिया है, उनके पास जो गलियां है वह नगर निगम का क्षेत्र पड़ता है। ये पानी निकलेगा कैसे। जितने भी storm water या इन्होंने grating जालियां बनाई हुई है कभी वहां सफाई नहीं हुई। निगम पार्षद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जितने सेनेटरी इंसपैक्टर हैं उनके साथ उनकी महीने की सौटिंग है स्वीपर के साथ। वो स्वीपर्स ये कहते हैं मैडम हम गलियों में नहीं आ सकते क्योंकि हमारी जो एक महीने की हाजिरी है वो तकरीबन 15 या 20 दिन की होती है। मैं बता देना चाहती हूं दांई साइड पर जो आगे के लोग बैठे हुए है उनको अब दिल्ली के अंदर वो दिन दूर नहीं है कि आने वाले समय में 2022 में जिस प्रकार अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में काम कर रहे हैं विकासभागी बना रखा है दिल्ली सरकार का, इसी प्रकार आने वाले समय में एमसीडी में दिल्ली नगर निगम में विकास का मॉडल बनाया जाएगा। दिल्ली सरकार के विधायक और दिल्ली नगर निगम में निगम पार्षद दिल्ली को एक विश्व सुन्दर तरीके से बनाएगें। दिल्ली की कैपिटल उस

दिन जानी जाएगी जब दिल्ली के अंदर दिल्ली सरकार और नगर निगम दोनों हमारी एक ही पार्टी के होंगे। जितना भ्रष्टाचार उन्होंने आज तक किया हुआ है, लोग कहते हैं कि निगम पार्षद उस समय नजर आते हैं जब कोई नई बिल्डिंग बन रहीं होती है। उस समय स्कूटर पर बैठकर निगम पार्षद एक चील की तरह नजर लगाए हुए होते हैं कि कौन से मकान, कौन सी बिल्डिंग बन रही है और उसको नोटिस दिलवाते हैं। नोटिस कैंसिल हो जाता है। ये भ्रष्टाचार दिल्ली के नगर निगम के अंदर है, इसीलिए मैंने नगर निगम को छोड़कर अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन पर चलकर इस पार्टी को ज्वाईन किया है। आने वाले समय में दिल्ली में नगर निगम में सभी निगम पार्षद हमारे आम आदमी पार्टी के होंगे। मैं ज्यादा ना कुछ कहते हुए इतना ही बोलना चाहूंगी कि आपने इस अहम मुद्दे पर मुझे बोलने का समय दिया। धन्यवाद। जय हिन्द। जय भारत।

माननीय अध्यक्षः अब मेरे पास जो लिस्ट है इसमें से कुल दो वक्ताओं को ले रहा हूं कुलदीप जी और ऋतुराज जी । उसके बाद माननीय मंत्री जी उत्तर देंगे। पहले कुलदीप जी।

श्री कुलदीप कुमारः धन्यवाद अध्यक्ष जी, इस अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने के लिए समय देने के लिए। जैसा कि अध्यक्ष जी, दिल्ली की जनता भी भली-भांति इस बात से परिचित है कि दिल्ली के अंदर नालों की जिम्मेदारी का 98 फीसदी हिस्सा दिल्ली नगर निगम के पास आता है। उसके साथ एक काफी बड़ा हिस्सा नीचे निगम में भाजपा बैठी हुई है, उसके ऊपर डीडीए है और डीडीए में भी भाजपा बैठी हुई है। जितनी काला बाजारी, जितनी चोरी एमसीडी के अंदर है अध्यक्ष जी उससे ज्यादा चोरी डीडीए के अंदर है। मतलब

ऊपर भी चोरी और नीचे भी चोरी। अध्यक्ष जी, मेरे यहां कोंडली विधान सभा में एक केरला स्कूल है। सामने खोड़ा कालोनी है और उसके सामने पेपर मार्केट है। सबको पता होगा कि पूरा पेपर मार्केट चांदनी चौक से उठाकर पूरा गाजीपुर में शि3ट किया गया था। बड़े अच्छे से डेवलप तरीके से उसको बसाया गया। अध्यक्ष जी, मैं दावे के साथ कह रहा हूं, हमारे विपक्ष के साथी भी यहां बैठे हुए हैं अगर उस पूरी इतनी बड़ी पेपर मार्केट के अंदर जिसमें मुझे लगता है हजारों दुकानों से ऊपर है और सारी दुकानों के साईज बहुत बड़े-बडे हैं। उसके अंदर का ड्रेनेज सिस्टम अगर एक भी ये दिखा दें, अभी अगर आप जाएगें अध्यक्ष जी तो इतना-इतना पानी उसके अंदर भरा हुआ होगा। लेकिन पानी निकालने का कोई भी साधन इनके पास नहीं है। इनके पास साधन क्या है, वहां से उठाएगें, पम्प लगाएगें और पीडब्ल्यूडी के नाले में ड़ाल देंगे। हमारे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी उसको दिन रात लगकर, टैम्पो लेकर वहां जा-जा करके उसको साफ करने का काम करते हैं और सारे पानी को उठाकर पीडब्ल्यूडी के नाले के अंदर ड़ाल देते हैं। दूसरी बात अध्यक्ष जी, अभय वर्मा जी ने भी कहा था। एक एनएच 24 है अध्यक्ष जी जो पूरा पटपडगंज से होता हुआ पूरा आगे की तरफ निकलता है। उस एनएच 24 का उद्घाटन करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आए। उसकी ब्रांडिंग की गई और कहते हैं कि इसको बड़े स्टाइल से बनाया गया, डेवलप किया गया, नई टैक्नोलोजी का यूज किया गया। अध्यक्ष जी, मैं दावे से कह रहा हूं अगर बाहर बारिश हो रही होगी तो कोई जाकर देख ले उस एनएच-24 के ऊपर इतना-इतना पानी भरा मिलेगा। कहां गया इनका ड्रेनेज सिस्टम अध्यक्ष जी। हम ये एमसीडी से आगे की बात कर रहे है। एमसीडी तो कालागुजारी है। एनएच-24 के ऊपर

जाकर इतना बुरा हाल है जहां पूरा ट्रैफिक निकलता है। उसकी वजह से दूसरी एक और बात उस एनएच-24 के साथ में जो ड्रेन बनी है वो सबसे बड़ी ड्रेन एमसीडी की ड्रेन है जिसकी सफाई आज तक नहीं हो पाई। ये चार फुट के नाले की बात करते हैं। संजय गांधी ड्रेन इनके पास है अध्यक्ष जी। गोकलपुरी ड्रेन इनके पास है अध्यक्ष जी। उसकी सफाई आज तक ये लोग नहीं कर पाए। तो एमसीडी के अंदर इतना भ्रष्टाचार जो फैला हुआ है उसका एक मात्र कारण ये है कि जो एमसीडी के अंदर नाला बेलदारों की नियुक्ति की गई थी आज वो नियुक्तियां जो की गई है उन लोगों का काम नाला साफ करने का नहीं है अध्यक्ष जी, उनका काम बिल्डिंगों से अवैध उगाही करने का है। अगर वो बिल्डिंग से अवैध उगाही करेंगे तो नाला कौन साफ करेगा? उसका पैसा कॉन्ट्रेक्टर खा जाता है और भाजपा के निगम पार्षद मिलकर खा जाते हैं। ये हाल दिल्ली का कर रखा है। R 1.18-1.31/BK आज दिल्ली के लोगों को इस बात की उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी कब अरविंद केजरीवाल जी की सरकार कब नगर निगम में आएगी और कब दिल्ली को एक विश्वस्तरीय शहर बनाने का काम होगा, दिल्ली का नगर सिस्टम ठीक होगा। जब तक ये बीच का रोड़ा अटका रहेगा न अध्यक्ष जी, मैं दावे से कह रहा हूं इस समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। हमें इस समस्या का समाधान करने के लिए इस बीच के रोड़े को हटाना पड़ेगा और हमारी सरकार निगम में भी होगी और दिल्ली में भी होगी। तो मैं दावे से कह सकता हूं कि दिल्ली एक सुन्दर शहर बनेगा, व्यवस्थित शहर बनेगा और हम सब लोग एक अच्छी दिल्ली में रह पाएंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार।

माननीय अध्यक्षः बहुत-बहुत धन्यवाद, श्री ऋतुराज।

श्री ऋतुराज गोविंदः धन्यवाद अध्यक्ष महोदय इतने महत्वपूर्ण विषय पर मुझे मौका देने के लिए। मैं अनॉथराइज कालोनी को रिप्रेजेंट करता हूं अध्यक्ष महोदय और अभी ये साथी कह रहे थे कि 4 फुट का रोड होता है। छोटी नाली बड़ी में जा कर मिलती है तो सबको पता है दिल्ली की छोटी नाली बड़ी में मिलती है और सबसे interesting बात ये है कि मैं एक ऐसी constituency को रिप्रेजेंट करता हूं अध्यक्ष महोदय जहां 99 परसेंट छोटी नाली और बड़ी नाली सब एमसीडी की है और किसमें कौन मिलता है अब मैं बताता हूं आपको। अध्यक्ष महोदय एक म्युनिसिपल वार्ड में एवरेज 250 सफाई कर्मचारी हैं और 500 गली हैं अब वो 4 फुट की हो, 5 फुट की हो, 10 फुट की हो, 12 फुट की हो, 15 फुट की हो गली हम बनाते हैं यानी कि हमारी सरकार, नाली हम बनाते हैं लेकिन उसकी सफाई करने की जिम्मेदारी एमसीडी की होती है। अगर एक म्युनिसिपल वार्ड में 250 सफाई कर्मचारी हैं और केवल 500 गली हैं। अगर एक सफाई कर्मचारी अगर एक दिन में एक गली भी साफ करेगा तो हम दूसरे-तीसरे दिन में हर गली में सफाई हो सकती है। बहुत mathematical equatation है ये और पूरी विधान सभा क्षेत्र में एक हजार सफाई कर्मचारी हैं और 2500 गली हैं। लेकिन आप देखेंगे एक-एक महीने में भी एक गली की नाली साफ नहीं होती है। बारिश हो रही है बोलिए अभय वर्मा जी बारिश होगी तो पानी तो छोटी नाली से ही बड़ी में जाएगा ना। अब वो ही साफ नहीं होगा तो जाएगा कहां से वाटर लॉगिंग होगा, वही हो रहा है। तो ये स्थिति है गली की। अब situation ये है आपके मन में होगा कि अगर एक म्युनिसिपल वार्ड में 250 सफाई कर्मचारी है तो सफाई होती क्यों नहीं है?

हम भी खोजने के लिए निकले सुबह 6 बजे तो पता चला कि 250 सफाई कर्मचारी हैं पर आते 25-30 ही हैं और उसको भी ये लोग इनके निगम पार्षद पहले मैं बड़ा सोचता था कि भाजपा के निगम पार्षद सुबह-सुबह निक्कर पहनकर, पजामा पहनकर अपने वार्डों में घूमते हैं, बड़ी मेहनत करते हैं एक-एक गली घूमते है मंत्री जी को हैरानी हो रही है। हम लोगों को लगा कि नहीं हम लोगों को भी ऐसे ही घूमना चाहिए सुबह-सुबह। लेकिन बाद में जब हम घूमे तो देखे तो पता चला कि घूमनकर सफाई नहीं कराते हैं। ये देखते हैं कौन-सा गरीब आदमी 30 गज के मकान पर कब लेंटर डालने वाला है, किसके यहां पर इंटा गिरने वाला है, किसके यहां पर सीमेंट गिरने वाला है। कौन-सा रेहड़ी वाला चाट बेचता है, कौन पकौड़ी बेचता है, कौन समोसा बेचता है, कौन क्या बेचता है, किसी को नहीं छोड़ते हैं, किसी को नहीं। जहां से मिले 500 ले लो, जहां से मिले 1000 ले लो। ईंटा गिरता है बाद में एमसीडी वाला आता है पहले क्यों क्योंकि सुबह-सुबह जब पार्षद जी खुद राउंड लगाते हैं तो साथ में पुरजी बनाते हैं और ये जो सफाई कर्मचारी हैं ये तो मेड वाली बात हो रही थी मेड, क्या होता है, मेड ये ही सफाई कर्मचारी जो म्युनिसिपल वार्ड को मिला हुआ है उसके पास जा कर सफाई कर्मचारी उन मकानों के ऊपर जाता है और वहां से उगाही करके दोपहर तक लाकर दोपहर तक छुट्टी हो जाती है। अब आपके मन में प्रश्न आएगा कि 85 सफाई कर्मचारी आता है, 25 ही आता है तो 200 कहां जाता है? 200 आते ही नहीं हैं। उनकी पूरी तनख्वाह आती है और पता नहीं कितने पर्सेंट बंट जाती है। यही स्थिति है पूरी दिल्ली की और जो मैं बात कह रहा हूं बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं अध्यक्ष महोदय दूसरी बार इस विधान सभा का सदस्य हूं और चाहे इसके लिए सीबीआई

इंक्वायरी करा लीजिए, चाहे विजिलेंस इंक्वायरी करा लीजिए, चाहे खुद भी घूम करके देख लीजिए आप इस बात से वाकिफ हो जाएंगे। अब आते हैं बात ड्रेनेज पर, इसके पीछे की chronology मैंने आपको समझा दिया। अब इसके पीछे देखिए क्या हो रहा है कि वो जो सड़क है जिसको ये मुख्य सड़क कहते हैं हमारे यहां उसको मैन मुबारकपुर रोड कहते हैं। उसकी चौड़ाई मात्र 30 फुट है जिसको ये मुख्य सड़क कहते हैं, उसको हमारे यहां 40 फुटा रोड कहते हैं। जिसको ये मुख्य सड़क कहते हैं उसको हमारे यहां निठारी-किराड़ी मैन रोड कहते हैं। जिसको ये मुख्य सड़क कहते हैं उसको हमारे यहां प्रेम नगर सड़क कहते हैं। ये सारी एमसीडी की सड़के हैं और सारी सड़कों पर सारी नाली एमसीडी की है, ये बनाते नहीं हैं निकम्मे हैं तो जनता की जरूरत को देखते हुए, परेशानी को देखते हुए हम लोगों ने एमएलए फंड से बना दिया, तो हमने कहा भइया नाली बना दिया है अब साफ तो कम-से-कम कर दो। साफ भी नहीं करते हैं। आज जाकर देखें किराड़ी क्षेत्र के अन्दर में कितनी बदनामी हो रही है। क्योंकि ये निकम्मे न तो गली की नाली साफ करते हैं न मेन सड़क का नाला साफ करते हैं और उसके चक्कर में सारा कचरा जो है मेन के. एस.एम. के नाले में जाता है जिसकी वजह से वो भी ठीक से फंक्शन नहीं कर पाता है क्योंकि ये सारी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। अंत में नियम कहता है कि अगर फिर भी अनॉथराइज कालोनी के अन्दर बारिश के दौरान वाटर लॉगिंग हो जाए तो पानी निकालने की जिम्मेदारी एमसीडी की है, ये एक्ट कहता है। एल.जी. की अध्यक्षता में बना हुआ एक्ट कहता है और उस एक्ट का भी पालन नहीं होता है। आप लोगों ने हमको अनॉथराइज कालोनी का चेयरमैन बनाया, हमने कमिश्नर और सब लोगों को बुला लिया इस बात की

खुशी में कि चलो अब समाधान हो जाएगा। कमिश्नर को लेकर के क्षेत्र में गए, सुअर घूम रहे थे पानी के अन्दर । फोटो भी खींचा और अखबार में भी छपा सुअर के साथ और देखिए क्या हुआ? आप देखेंगे एमसीडी के कमिश्नर को लेकर गए, सारे कर्मचारी इनके पहुंच गए और हमने एक्ट दिखाया तो एग्री किए, बोले कि हां बिल्कुल इनको निकालना चाहिए पानी। तो 2-4 पम्प लेकर आए, ना तो पाइप, ना डीजल। पम्प को रख दिया और बोला की भइया पैसा इकट्ठा कर लो और उसके बाद पाइप ले आओ और इसमें से डीजल और तेल डालकर इसको चला लो। ये स्थिति है। अंत में आप यकीन नहीं करेंगे, बेशर्मी की इतनी हद हो गई कि हमको माननीय मंत्री जी के पास जा कर गुहार लगानी पड़ी और हम धन्यवाद करते हैं माननीय मंत्री जी का कि इन्होंने इरिगेशन एंड 3लड के चीफ इंजीनियर को फोन किया और बड़े-बड़े 32 एचपी और 20 एचपी के पम्प इन्होंने इरिगेशन एंड फ्लड से दिलवाये तब जाकर हम लोगों ने पानी निकाला वहां पर जाकर। जिम्मेदारी किसकी कर कौन रहा है। इनका काम ये करना नहीं है, ये चाहते तो मना कर देते। लेकिन मानवता के नाते, इंसान की तकलीफ को देखते हुए, घरों में पानी घुसा हुआ है, खाना नहीं पक रहा है, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, पढ़ नहीं पा रहे, रातभर छत पर सोते हैं, घरों के अन्दर में पानी है ये स्थिति है जा कर देखिए और उसको देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने हमारा सीवर का प्रोजेक्ट भी दिया है और सारी चीजें, हमें दिल्ली सरकार से पूरा सपोर्ट मिल रहा है। लेकिन ये एमसीडी वाले यहां पर जब आएंगे पीडब्ल्यूडी नहीं करता, ये नहीं करता वो नहीं करता है। अरे एक ऐसी constituency है जहां के 99 परसेंट नाली और नाला सब एमसीडी का है, क्यों नहीं करते हो और इनके निगम पार्षद या तो सुबह उगाही करते

हैं और एक तो ऐसी हैं मैडम वो क्षेत्र छोड़कर ही भाग गई। ऐसी स्थिति है वहां पर। तो सरेंडर तो ये कर चुके हैं, दिल्ली की जनता भी इस बात को जानती है। लेकिन सवाल ये है अध्यक्ष महोदय कि 6 महीना झेले कैसे, कैसे झेले 6 महीना। सफाई ये करते नहीं, पानी ये निकालते नहीं है, पम्प में पाइप होता नहीं, डीजल होता नहीं उसका पैसा भी खा जाते हैं। कोई गरीब आदमी मकान बनाता है तो उगाही करने के लिए चले जाते हैं। कोई समोसा बेचता है तो उसको तंग करने पहुंच जाते हैं। मतलब इतनी हद कर रखी है, इतनी हद कर रखी है जिसका कोई अंत नहीं है। तो मैं इतना ही कहना चाहता हूं ये फोटो वोटो तो बहुत हैं, आप सब बहुत देख चुके इसलिए मैं ज्यादा फोटो वोटो दिखाना नहीं चाहता हूं। मैं एक ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधि हूं जिसका सारा फोटो दिमाग में है और जो-जो बात मैं कह रहा हूं ये भाजपा के किसी भी साथी के मन में अगर इतना सा भी डाउट हो तो जाकर आप देखिए और कल आकर हमको इसका जवाब दीजिएगा। लेकिन ये बहुत शर्म की बात है कि भाजपा शासित एमसीडी जिसने 15 साल से पूरे एमसीडी को लूट खाया, पूरा बैंक करप्ट कर दिया बर्बाद कर दिया है। शर्म नहीं आती है इनको और यहां पर आकर लफ्फाजी करते हैं कि छोटा नाली है, बड़ा नाली है, छोटा नाली, बड़ा नाली में जाता है। अरे सबको मालूम है, सब लोग समझदार हैं, सब सामाजिक लोग हैं जो यहां पर बैठे हैं। एक तो कहता है कि 4 फुट का सड़क होता है। 4 फुट का सड़क देखें हैं कहीं, होता है क्या 4 फुट का सड़क? तो कुछ भी मतलब पूरे हाउस को मिसलीड करने का काम करते हैं। तो अध्यक्ष महोदय आपने हमको मौका दिया और चीफ व्हीप साहब ने हमारा

नाम दिया इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए, इसके लिए भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

माननीय अध्यक्ष: अब चर्चा का उत्तर देंगे माननीय मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन जी।

माननीय लोक निर्माण मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, अभी माननीय सदस्य महावर जी ने बोला की 4 फुट से लेकर 10 फुट तक की सड़कें एमसीडी के पास होती हैं और 60 फुट से ऊपर की सड़कें पीडब्ल्यूडी के पास होती हैं और वो 11 से 49 वाली कहां होती है ये जरा खोज का विषय है। नहीं मैं आपकी बात ही रिपीट कर रहा हूं, मैं लिख रहा हूं। मैं सबकी जानकारी के लिए बता दूं दिल्ली के अन्दर लगभग 30 हजार किलोमीटर सड़कें हैं जिनकी हम बातें कर रहे हैं। उसमें से 1260 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी के पास है बाकी सारी की सारी एमसीडी के पास हैं सारी की सारी। अब ये कहेंगे नहीं-नहीं गलत बोल रहे हैं, मैं ठीक कर देता हूं अपने आप, सारी की सारी नहीं है, एनडीएमसी के पास भी है, दिल्ली कन्टोंमेंट के पास भी है और डीडीए के पास भी है। दिल्ली सरकार के पास सिर्फ 1260 किलोमीटर है। जो 1260 किलोमीटर सड़कें हैं उनकी डिसिल्टिंग भी अच्छी तरह से करायी गई है। 1260 किलोमीटर पर पानी निकालने के लिए 1500 पम्प लगाए गए हैं उसमें 300 मोबाइल पम्प भी हैं कहीं पर भी समस्या आती है, जैसे अभी ऋतुराज जी ने बताया वो मेरे पास आए थे कहते हैं भाई साहब ये दिक्कत आ रही है एमसीडी वाले तो सुनते नहीं हैं। उसी टाइम कम-से-कम 10-15 पम्प इनके यहां पर लगवाए कि भई पानी निकालो। अब वही वाली बात है जी एमसीडी तो करे न करे कोई फर्क नहीं है पड़ता, उनसे पूछेगा कौन? अभी

कई सारी चीजें बातों में सामने आई पहले उनका जिक्र कर लेता हूं फिर मैं बात बताऊंगा आपको। महावर जी ने कहा 46 हजार मीट्रिक टन का टारगेट था और ईस्ट एमसीडी ने 55 हजार मीट्रिक टन निकाला। अब वो ऐसा क्या हुआ? ध्यान से सुनिए जी क्या हुआ। ये होता उल्टा है। ऐसे नहीं होता कि कितना निकाला उसका बिल बनेगा फिर पार्ट पेमेंट होगी। कहते हैं कितना पैसा है जी उसका पेमेंट कर दो फिर बिल बाद में बना लो। एक्चुअली में क्या था पैसा 55 हजार टन का ही था तो वो दे दिया। अब हमारे सदस्य ने कहा आधा-आधा होता है। क्या कह रहे थे वो जानकारी पर इनका अभाव है। सर कहां गए चले गए? कहते हैं आधा-आधा हो जाता है, आधा बांट देते हैं कॉन्ट्रेक्टर को। अरे भाई साहब अब तो एमसीडी के अन्दर जीजा-साला कम्पनी काम करती है, जीजा-साला कम्पनी। जीजा-साला कम्पनी का मतलब जीजा जेई और साला ठेकेदार या उल्टा भी हो जाता है कई बार। तो घर का पैसा घर में है। ये कई साल पुरानी बात है कि भाई साहब आधा-आधा करते थे तब, जमाना चला गया। अब तो पूरा का पूरा घर के अन्दर माल है। रोहित मेहरौलिया जी कह रहे हैं कि एमसीडी ने दुनिया के अन्दर बदनाम कर दिया। टॉप 100 में भी नाम नहीं आया। मैं ठीक कर दूं रोहित जी। दुनिया में नम्बर वन, दुनिया में नम्बर वन है तो वो दिल्ली की एमसीडी है। किसी भी ऐंगल से ढूंढ लेना दुनिया का सबसे भ्रष्ट डिपार्टमेंट, नाकारा, निकम्मा डिपार्टमेंट कोई है तो वो है म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली, एक कह लो, दो कह लो, तीन कह लो, तीनों की तीनों उनमें आपस में कम्पीटिशन है।

नम्बर 1, नम्बर 2, नम्बर 3, हैं तो तीनों इनके पास ही। उनमें से नम्बर 1 कौन हैं वो देखने वाली बात है। वैसे तो मैं बता दूं हमारे सारे एमएलए साथी जो बैठे हैं विपक्षी, अगर इन्हें भी कोई काम पड़ जाये एमसीडी से तो अक्ल तो इनकी भी ठिकाने लगा देते हैं वो। अगर कोई रिश्तेदार घर बना रहा हो तो उसका घर वो बिना पैसे के नहीं बनवा सकते। थोड़ा डिस्काउन्ट करवा सकते हैं बस। इतनी औकात है। इतनी मलाई, इनके अन्दर चलती है। सॉरी इस शब्द के लिए। बस थोड़ा सा डिस्काउन्ट कर देते हैं भाई साहब। आप एमएलए साहब के कहने से आये हो, दस परसेन्ट डिस्काउन्ट। दस परसेन्ट, मतलब आपके कहने से बीस परसेन्ट हो जाता होगा, वाजपेयी जी के नाम से। अच्छा सच बता रहा हूं। अकेले नहीं है। कहते हैं भाई साहब क्या करें। इतने नालायक हैं अब करें तो करें क्या। अब सदन के अन्दर तो झूठ बोलना ही पड़ेगा क्या करें। नहीं बोलेंगे तो द्वारका के अन्दर इनको भी पता है सड़क डीडीए की है और गाड़ी दिल्ली पुलिस की है। वो जमीन के अन्दर समा गयी। कहते हैं देखो केजरीवाल की सड़क। अरे भाई इतना कह रहे हो दिलवा दो। डीडीए हमें दिलवा दो। एमसीडी तो खैर इस बार आ ही जायेगी, कोई बात नहीं है। एमसीडी को तो जनता दे ही देगी। तो कम से कम, कम से कम इतना झूठ मत बोलो, इतना झूठ मत बोलो कि जिस झूठ के बारे में आपको बोलते हुए भी खुद भी लड़खड़ाना पड़े। अब भाई साहब वर्मा जी बोले, कहते हैं दूसरी सड़क भी तो है। उन्होंने कहा हमारे सोमनाथ जी ये सब डीडीए की है। कहते हैं नहीं कोई बात नहीं दूसरी है। कहते है कौन सी है दूसरी, बताओ तो सही। कहते हैं वो पता नहीं, कल पूछकर आऊँगा।

...व्यवधान...

माननीय लोक निर्माण मंत्री: अब देखो मिन्टो ब्रिज की बात छेड़ दी आपने। मिन्टो ब्रिज की बात छेड़ी है। देखो मिन्टो ब्रिज रोहित मेहरोलिया जी 6 साल के थे तब भी जाकर बस डूब गयी थी वहां पर। अब इस साल की गारन्टी है, इस साल नहीं डूबेगी। इस बारी नहीं डूबेगी। अबकी बारी हमने सफाई करा दी। अभी हमारे सोमनाथ जी ने कहा कि कागजों पर ड्रेन बनती है। कागजों पर डिसील्टिंग होती है और कागजों पर पेमेन्ट हो जाती है। अरे कागजों के नोटों की तो होती है। तो नोट भी तो कागज के ही है। सब कागजों का खेल है। तो एमसीडी एक ऐसा खेल है। ऐसा मकड़जाल है।

...व्यवधान...

माननीय लोक निर्माण मंत्री: सर जी ऐसा करना। आपके इलाके में जो भी कालोनी हो अच्छी सी उस पर चलो और गली के बाहर, मतलब पूरी कालोनी के बाहर चले जाना। देखना कि बारिश हो रही है। नाली में से एक बूंद पानी निकल जाये तो डिसील्टिंग हो गयी। मैं चलता हूं सरस्वती विहार है मेरे यहां पर। एक भी ड्रेन चलती नहीं। सबने ड्रेन बना रखे है। वो आज तक कभी खुली ही नहीं। मतलब आज की छोड़ो, दस साल से, बीस साल से कभी डिसील्टिंग नहीं हुई। 10 साल में भी नहीं हुई । भाई साहब 15 साल से तो पक्का नहीं हुई हैं जबसे बीजेपी आयी है। तबसे तो बिल्कुल नहीं हुई है। अगर 15-15 साल से डिसील्टिंग नहीं हुई तो ये बिल कहां से बन गये। कोई बात नहीं है अभी एमसीडी आयेगी तब तो जाँच कर ही लेंगे। एसीबी अगर दे देते तो अभी करा देते। तो दरअसल क्या है कि एमसीडी ने ये सोच लिया कि भई उपर की मंजिल में बैठे हैं। कूड़ा नीचे फेको, नीचे फेको। पर कभी-कभी क्या होता है कूड़ा फेकने दिये, लेकिन कहते हैं पानी हमारे लिए भर जाता

है। ब्लॉक हो जाती हैं नालियाँ। अरे भाई साहब आपने अगर पीडब्लूडी के रोड पर फेकना ही है पानी तो जल्दी से फेक दो। क्यों नहीं फेकते। कहते हैं यार वो पता नहीं क्यों नहीं फेकते। सारा का सारा पीडब्लूडी की सड़क पर फेंक दो। हम देख लेंगे। हम पम्प करके निकाल देंगे। जो भी करना है हम निकाल देंगे। वहां तक तो भेजो। कहते है जी अगली बार आप ही डिसील्टिंग कर लेना। मैंने कहा कैसे, कहते हैं अगली बार तो आप आ ही रहे हैं। आप खुद ही कर लेना। देखो एमसीडी का हाल तो ये है। एक आपने कहावत सुनी होगी राजा बड़ा कि, आगे बोलना ठीक नहीं है। सुनी कि नहीं सुनी कि राजा बड़ा कि एक नंग। तो भाई साहब ये बीजेपी कुशासित जो एमसीडी है दुनिया की सबसे भ्रष्ट, सबसे करप्ट संस्था है और इस संस्था ने ऐसी हालत बना दी है। पिछली बारी जब इलेक्शन हुए बीजेपी ने पब्लिकली एनाउन्समेन्ट की कि हमारे सारे काउन्सलर भ्रष्ट हैं। पब्लिक एनाउन्टसमेन्ट की थी, पब्लिक एनाउन्समेन्ट, कि सारे बदल डालेंगे। पहले वाले क्या थे। उन्होंने कहा कि सारे भ्रष्ट है। इस बारी क्या हुआ, महाभ्रष्ट। अबकी बारी क्या करेंगे कि हमारे सारे काउन्सलर महाभ्रष्ट हैं, यही तो कहेंगे। पहले भ्रष्ट थे अब महाभ्रष्ट हैं। अब फिर बदल देते हैं तो जनता कहेगी थोड़ी देर रेस्ट करो। जनता कहेगी थोड़ी देर रेस्ट कर लो। कोई बात नहीं है। हम इस बारी ईमानदारों को ले आते हैं। अबकी बार तुम्हारे को देख लेंगे हम। एमसीडी में अपना काम कोई नहीं करते। उनके बेसिक काम सबसे इम्पार्टेन्ट काम है सफाई करने का और आज ऋतुराज ने, मुझे तो अभी तक अन्दाजा भी नहीं था, मैं अभी तक सोचता था फिफ्टी-फिफ्टी, कि जो सफाई कर्मचारी होते हैं ढाई सौ में से सवा सौ काम पर आते हैं, सवा सौ के पैसे खा जाते हैं ये काउन्सलर मिलकर। वो कह रहे हैं 90 परसेन्ट

के खा जाते हैं। ये तो अति हो गयी। अगर 90 परसेन्ट के पैसे तुम खा जाओगे। ये अति है और वैसे भी बता दूं भाई साहब आठ एमएलए है विपक्ष के। जितनी आठों एमएलए की शायद सेलरी वगैरह सबको मिलाकर जितनी इनकम एक महीने में होती होगी उससे ज्यादा एक काउन्सलर शायद एक दिन में कमाता होगा। तो काउन्सलरों ने ऐसा गदर मचा रखा है, अति मचा रखी है। चारों तरफ दिल्ली के अन्दर हाहाकार मचा हुआ इन काउन्सलर्स की वजह से। एक-एक बिल्डिंग के लेन्टर के रेट फिक्सड हैं। अनाथराइज कालोनी के लिए भी फिक्स कर दिये हैं इन्होंने। तो अब तो 100 गज का प्लाट एक लाख रूपये लेन्टर, 200 गज का प्लाट दो लाख रूपये लेन्टर। पांच लेन्टर पड़ते हैं दस लाख रूपये और साउथ दिल्ली का रेट डबल है। साउथ दिल्ली में 200 गज के चार लाख रूपये लेन्टर हैं। अनाथराइज कालोनी के रेट आधे। 100 गज के पचास हजार रूपये का लेन्टर। तो मतलब इतने पैसे लेते हैं दिल्ली के अन्दर। एमसीडी के करप्शन का पैसा पता है कितना है। आप लोगों के लिए बता रहा हूं। कम से कम, कन्जरवेटिव बता रहे हैं बिल्कुल कम करके। पांच हजार करोड़ रूपये एक साल का। और वैसे अथेंटिक देखा जाये तो दस हजार करोड़ रूपये साल का सिर्फ बिल्डिंग के नाम से पैसा इकट्ठा करते हैं। दस हजार करोड़ रूपये इकट्ठा करते हैं साल के अन्दर और फिर रोते हैं पैसा नहीं है, पैसा नहीं है। अरे यार हद हो गयी। तुम जनता को लूट रहे हो। इतना पैसा इकट्ठा कर रहे हो। एमसीडी के टोटल बजट से ज्यादा तो वैसे ही खा जाते हो। आपको एक एम्जाम्पल देता हूं। शॉप का लाइसेन्स होता है, दुकानों का लाइसेन्स होता है। कुछ सौ रूपये लगते हैं और रिश्वत के कुछ हजार रूपये लगते हैं । मतलब सरकार को मिलेंगे 500 रूपये तो उनको रिश्वत मिलेंगी 15000 रूपये। रिश्वत दस गुना,

पन्द्रह गुना, बीस गुना। रिश्वत ज्यादा लेते हैं और काम कम करते हैं। तो मुझे लगता है कि एमसीडी को अपना काम करना चाहिए और अपना काम न करने की वजह से, एमसीडी का काम न होने की वजह से जो दिल्ली को ये वाटर लागिंग और ये सारी प्राब्लम झेलनी पड़ रही है ये एमसीडी के बीजेपी के नेतृत्व में जो एमसीडी है उसकी वजह से झेलना पड़ रहा है। मैं हमारे माननीय सदस्य के द्वारा रखे गये प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। धन्यवाद, जय हिन्द, जय भारत।

माननीय अध्यक्षः नियम 107 के अन्तर्गत सुश्री भावना गौड़, माननीय सदस्य प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगी। यह सदन अनुशंसा करता हैं कि सुन्दरलाल बहुगुणा को पर्यावरण के क्षेत्र में उनके असाधारण, महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारत रत्न प्रदान किया जाये। सुश्री भावना गौड़ जी।

सुश्री भावना गौड़ः धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, सुन्दरलाल बहुगुणा जी जैसा उनका नाम और अपने नाम को उन्होंने जिस तरह से चरितार्थ किया। एक महान व्यक्तित्व, बहुआयामी उनका व्यक्तित्व, 9 जनवरी, 1927 में वो भारत की एक बहुत ही पवित्र भूमि उत्तराखण्ड उसके टिहरी जिले के मरोड़ा गाँव के अन्दर उनका जन्म हुआ। पिता का नाम श्री अम्बावत बहुगुणा भारत, माता का नाम पोना देवी। अध्यक्ष महोदय, जिस उम्र के अन्दर बच्चे खेलते-कूदते हैं, मनोरंजन करते हैं उस उम्र के अन्दर आदरणीय बहुगुणा जी 13 वर्ष की मात्र, 13 वर्ष की आयु के अन्दर उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। प्राथमिक शिक्षा उनकी अपने गॉव के अन्दर हुई और बी0ए0 की पढ़ाई करने के लिए, ग्रेजुएट की पढ़ाई करने के लिए वो अपने गाँव को छोड़करके लाहौर गये। मात्र 23 साल की उम्र में उनका विवाह हुआ। अध्यक्ष महोदय मैं आपको बताना चाहूंगी कि उनका विवाह कुछ शर्तों के उपर आधारित था। उनकी श्रीमती जी जो विमला नौटियाल

के नाम से जानी जाती थीं, विवाह से पहले वो गाँधी जी की एक सहयोगी जिनका नाम सरला बहन था, उनके सहयोगी के तौर पर उनके साथ में काम करती थीं और जब सुन्दरलाल बहुगुणा जी के विवाह का प्रस्ताव उनके पास में आया तो उन्होंने एक शर्त उनके सामने रखी कि अभी आप राजनैतिक पटल के उपर काम करते हैं। अगर मेरे साथ जुड़ना है, मेरा साथी बनना है तो आपको राजनैतिक वालंटियर बनना छोड़ना होगा और समर्पित भावों से सामाजिक कामों के साथ में मेरे साथ लगकर, जुटकर काम करना होगा, तो मैं सहर्ष आपकी पत्नी बनना स्वीकार करूंगी। तो इस तरह की शर्त, स्वाभाविक तौर पर सबने कहा है किसी पुरूष को बहुत आगे तक बढ़ाने के लिए एक महिला का, उसकी पत्नी का विशेष तौर पर योगदान होता है। इसी तरह का योगदान उनकी पत्नी का रहा और लगभग 1956 में इनके जीवन के अन्दर एक बहुत बड़ा बदलाव आया और उनका पूरा का पूरा जीवन सामाजिक तौर पर, सामाजिक कार्य करने के तौर के पर वो समाज को समर्पित हो गये। अध्यक्ष महोदय, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 1970 में उन्होंने 'चिपको आन्दोलन' की शुरूआत की और मैं आपको बताना चाहूंगी कि उस समय गढ़वाल हिमालय को लेकर, पेड़ों को काटने को लेकर शान्तिपूर्वक आन्दोलन किये जाते थे। अध्यक्ष महोदय, 26 मार्च, 1974 को चमोली जिले की ग्रामीण महिलायें पेड़ों के साथ में चिपककर खड़ी हो गयी और उन्होंने ये नारा दिया कि हम मर जायेंगे लेकिन पेड़ों को काटने नहीं देंगे और इसी आन्दोलन को 'चिपको आन्दोलन' का नाम दिया गया। अध्यक्ष महोदय, उनका ये मानना था कि प्रकृति को अगर हम कुचल देंगे तो मानव का विकास कदापि सम्भव नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय, 1980 में उन्होंने 5000 किलोमीटर की हिमालय की यात्रा की। उन्होंने उस समय के तत्कालीन

प्रधानमंत्री माननीय स्वर्गीय इन्दिरा गांधी जी से बातचीत की। उन्हें बताया कि पेड़, वन, हवा हमारा जीवन है और अगर ये पेड़ इसी तरह से कटते रहे तो मानव जीवन कदापि सुरक्षित नहीं है। उस समय की तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय इन्दिरा जी ने उनकी बात को सहर्ष स्वीकार किया। सदन के अन्दर इस प्रस्ताव को लेकर गयी और वहां इस प्रस्ताव को पास किया गया कि कोई भी पेड़ 15 साल से पहले नहीं काटा जायेगा। अध्यक्ष महोदय, कानून बना। सुन्दरलाल बहुगुणा जी ने 'चिपको आन्दोलन' का एक घोष वाक्य दिया था वो मैं सदन के समक्ष रखूंगी।

क्या है जंगल के उपकार, मिट्टी, पानी और बयार।
मिट्टी, पानी और बयार, जिन्दा रहने का आधार॥

ये शब्द थे सुन्दरलाल बहुगुणा जी के। टिहरी बांध के खिलाफ आन्दोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभायी।

उस समय वी.पी. सिंह जी प्रधान मंत्री होते थे। डेढ़ महीने के रेगूलर रोज दिन चर्या उनकी शामिल हो गयी कि वो लोग डेढ़ महीने तक स्वयं सुन्दर लाल जी और उनका पूरा का पूरा जो एक समूह था, जो काम करते थे, उनकी श्रीमती जी उसमें शामिल थी, उन्होंने डेढ़ महीने तक उपवास किया, भूख हड़ताल की टिहरी बांध ना बने उस विषय को सरकार के सामने रखा। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध बनने से टिहरी के जंगल बर्बाद हो जाएंगे और अगर टिहरी के जंगल बर्बाद हो गए और अगर टिहरी बांध टूट गया तो 12 घंटे के अंदर-अंदर बुलंद शहर तक के इलाके तक वो पानी फैल जाएगा, जिसके कारण वहां से टिहरी से लेकर के और बुलंद शहर तक के सब लोग उसमें डूब सकते हैं।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, उन्होंने बहुत सारी साहित्यिक पुस्तकें लिखीं: 'धरती की पुकार' और 'भू-प्रयोग बुनियादी परिवर्तन की ओर' ये दोनों पुस्तकें अपने आप में बहुत चर्चित रहीं। अध्यक्ष महोदय, बहुगुणा जी ने भूदान आन्दोलन के अंदर भी सक्रिय होकर काम किया। एक बार बाबा आम्प्टे उनके घर गए। बातचीत करते हुए पता चला कि आज वो उपवास पर हैं। उन्होंने बाबा आम्प्टे ने पूछा कि आज का उपवास किस कारण से, तो उन्होंने बताया कि आज शहीदी दिवस है और शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप मैं आज का उपवास हमेशा रखता हूं। तो ऐसा एक महान व्यक्तित्व, एक ऐसी महान आत्मा आज हमारे बीच में नहीं हैं। शराब को बंद करने के लिए उन्होंने बहुत सारे काम किये। दलितों को मंदिरों में प्रवेश दिया जाए, उसके लिए भी उन्होंने एक बहुत बड़ा आन्दोलन छेड़ा।

अध्यक्ष महोदय, बहुत सारे पुरस्कार सुन्दर लाल बहुगुणा जी को मिले। 1984 में राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से उनको सम्मानित किया गया। 1985 में वृक्ष मानव पुरस्कार से उनको सम्मानित किया गया। 1980 में अमेरिका की 'फ्रेंड्स ऑफ नेचर' संस्था में उनको सम्मानित किया। 1981 में वैकल्पिक नोबल पुरस्कार 'ऑल स्कॉट हॉम' उनको दिया गया। 1981 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार उनको दिया गया, जबकि इस पुरस्कार को उन्होंने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब तक वन का काटना, पेड़ों का काटना रोका नहीं जाएगा तब तक मैं इस पुरस्कार को स्वीकार नहीं करूंगा। 1985 में 'जमना लाल बजाज' पुरस्कार उन्हें मिला। 1987 में 'चिपको आन्दोलन' के लिए 'राइट लाइवलिहुड' पुरस्कार से उनको सम्मानित किया गया। 1987 में 'शेर ए कश्मीर' पुरस्कार से उनको नवाजा गया। 1989 में आईआईटी रूढ़की द्वारा मानद डॉक्टरेट से उनको

सम्मानित किया गया। 1999 में गांधी सेवा से उनको सम्मानित किया गया। 2000 में 'सतपाल मित्तल अवार्ड' उनको दिया गया। 2001 में 'पद्मविभूषण' पुरस्कार का गौरव उनको प्राप्त हुआ।

अध्यक्ष महोदय, अफसोस है, विडम्बना है कि आज की दुनिया में सबसे बड़े प्रकृति प्रेमी और उसके संरक्षक को आज हमने खो दिया और सबसे बड़ी विडम्बना तो ये है कि जिस व्यक्ति ने अपना संपूर्ण जीवन प्रकृति को बचाने के लिए दिया, उसके संरक्षण के लिए दिया उनके जीवन को प्रकृति के प्रति छेड़छाड़ से ऊपजी बीमारी 'कोरोना' ने ही उनको अंतिम सांस लेने के लिए मजबूर कर दिया।

अध्यक्ष महोदय, इस संसार में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो एक समय के पश्चात् भले ही पार्थिव रुप से हमारे मध्य में ना रहें परंतु मानव एवं प्रकृति की सेवा से जुड़े उनके नि:स्वार्थ सत्य कार्य उन्हें अमर बना देते हैं और वे हमेशा हमारे दिलों में विद्यमान रहते हैं। ऐसी ही बहुमुखी प्रतिभा वाले लोकप्रिय व्यक्तित्व के व्यक्ति रहे सुन्दर लाल बहुगुणा जी 21 मई, 2021 को ऋषिकेश के एम्स हॉस्पिटल के अंदर उनका निधन हो गया, लेकिन वे अपने पीछे सामाजिक संघर्षों की जो एक विस्तृत श्रृंखला हमारे बीच में छोड़ करके गए हैं, उनकी अमिट छाप सदैव हमारे दिलों के ऊपर रहेगी। वास्तव में हमने दुनिया के सबसे बड़े प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षक को खो दिया है। अंत में यह सदन अनुशंसा करता है कि श्री सुन्दर लाल बहुगुणा जी को पर्यावरण के क्षेत्र में उनके असाधारण एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारत रत्न प्रदान किया जाए। बहुत बहुत शुक्रिया।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद, धन्यवाद। श्री प्रवीण देशमुख।

श्री प्रवीण कुमारः अध्यक्ष महोदय बहुत बहुत धन्यवाद आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया और इसलिए भी आपका धन्यवाद करना चाहूंगा कि हम सब लोग मिलकर जिस व्यक्तित्व के बारे में आज यहां पर बात कर रहे हैं, उसके बारे में और उसके बराबर हम उसके नाखून बराबर भी हम सब लोग मिलकर नहीं हैं। ऐसे व्यक्तित्व सुन्दर लाल बहुगुणा जी के बारे में आज हम यहां पर चर्चा कर रहे हैं और जिनका देहांत जो है 21 मई, 2021 को 94 साल की आयु में हुआ और उनके बारे में कहने से पहले मैं एक दो लाईन में उनकी पूरी ख्याति को दर्शाना चाहता हूं किः-

पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय,
ढाई आखर प्रेम के, पढ़े सो पंडित होय।

उन्होंने निर्जीव जो कह नहीं सकते, बोल नहीं सकते, भावना को व्यक्त नहीं कर सकते, ऐसे पेड़ों से उन्होंने एक रिश्ता कायम कर दिया और सिर्फ उन्होंने ही ये संदेश पूरे देश और पूरी दुनिया में दिया कि जिस तरीके से पर्यावरण लगातार हम सबके लिए जरूरी है और ऐसे कई सारे पर्यावरणविद जो है, उनके बाद पूरे देश भर में, पूरे दुनिया भर में उसके बाद उत्पन्न हुए। ऐसे बड़ी ख्याति वाले सुन्दर बहुगुणा जी आज हम सबके बीच नहीं हैं और मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिस तरीके से दांडी यात्रा का जिक्र होता है, नमक सत्याग्रह का जिक्र होता है, उसी तरीके से हिमालय गांधी कहलाने वाले सुन्दर बहुगुणा जी का भी जिक्र होता है, जिनके 'चिपको आन्दोलन' की चर्चा जो है किताबों में पढ़ाई जाती है। उनके चिपको मूवमेंट की बातें जो हैं, पूरे उत्तरखंड में, पूरे

देश भर में की जाती है। उन्होंने 45 दिन का अनशन जो है टिहरी डैम के प्रोजेक्टस से जो विस्थापित लोग हैं और टिहरी डेम के प्रोजेक्ट्स से जो वहां पर पेड़ों को नुकसान हुआ वहां की आबोहवा का, वहां के इंवायरमेंट को, इकोलॉजी को जो नुकसान हुआ, उसके लिए 45 दिन का अनशन किया और 74 दिन का अनशन जो है, उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया। हमलोग अगर 2 दिन भी भूखे रह जाएं तो हमें नानी याद आ जाएगी, लेकिन 74 दिन का अनशन जो है, सुन्दर लाल बहुगुणा जी ने जंतर-मंतर पर किया, बहुत बड़ी बात है। उसके अलावा यहां पर आप सब के संज्ञान में एक चीज डालना चाहता हूं कि पांच हजार किलोमीटर की पद यात्रा जो है, उन्होंने श्रीनगर से लेकर नागालैंड तक। पहाड़ों में 100 मीटर चलने में भी आज हम जैसे युवाओं की, हम जैसे हैल्दी लोगों की हालत खराब हो जाती है लेकिन उसके बावजूद ऐसी महान शख्सियत सुन्दर लाल बहुगुणा जी ने 5 हजार किलोमीटर की पदयात्रा इंवायरमेंट के ऊपर, पर्यावरण के ऊपर उन्होंने पहाड़ों में की। लेकिन आज बहुत दुख होता है, अध्यक्ष महोदय कि उसके ऊपर जिस तरीके से भाजपा राजनीति करने की कोशिश कर रही है। मैं सभी माननीय सदस्यों के संज्ञान में ये लाना चाहता हूं और बहुत गर्व की बात है कि कुछ दिन पहले हमारे विधान सभा में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में यहां पर सुन्दर लाल बहुगुणा जी का portrait जो है माननीय अध्यक्ष महोदय जी की उपस्थिति में और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में विधान सभा में लगाया गया और पूरे देश भर की यह पहली विधान सभा बनी, जिसमें सुन्दर लाल बहुगुणा जी जैसे व्यक्तित्व का portrait इस विधान सभा में लगा और राजीव जी जो उनके बेटे थे वो इस कार्यक्रम में आए और यहां पर उन्होंने अपनी बात रखी। उन्होंने इस चीज को

रिलेट किया कि ये portrait लगाने का विचार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के दिमाग में क्यों आया, क्योंकि उन्होंने बताया कि जिस तरह के बहुगुणा जी आन्दोलनकारी हैं, जिस तरीके से बहुगुणा जी ने अपना संपूर्ण जीवन आन्दोलन में दे दिया, उसी तरीके से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी भी आन्दोलनकारी हैं और एक आन्दोलनकारी आन्दोलनकारी की भावना समझ सकता है। ये मेरे वर्ड नहीं हैं, ये उनके वर्ड हैं, आपने भी सुना होगा। ये उनके वर्ड हैं और बाद में राजीव जी ने कहा कि जिस तरीके से आप सबलोग उत्तरखंड में तैयारी कर रहे हैं और असलियत में सुन्दर लाल बहुगुणा जी का सपनों का उत्तरखंड अगर कोई बना सकता है तो अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी बना सकती है। ये बात उन्होंने कही और अध्यक्ष महोदय, ये सब जब डिस्कस हो रहा था, उसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी द्वारा यह ऐलान किया गया, ये बताया गया कि जिस तरीके से भारत रत्न तमाम् कई सालों से मिलता आ रहा है, उस भारत रत्न में उनकी ख्याति बढ़ाने के लिए सुन्दर लाल बहुगुणा जी को भी भारत रत्न मिलना चाहिए और उन्होंने कहा कि उसके लिए वो प्रधानमंत्री को आग्रह करेंगे और चिट्ठी लिखेंगे। बस ये बात सुनते ही भाजपा के सीने पर सांप लोट गए। आप ये समझ लिजिए, भाजपा को हजार वोल्ट का करंट लगा और आनन-फानन में भाजपा वालों ने क्या किया। एक भाजपा के बहुत वरिष्ठ नेता हैं, बहुत मानते हैं उनकी बात। बहुत वरिष्ठ नेता हैं भाजपा के और आनन-फानन में उन्होंने पूरी मीटिंग बुलाई और मीटिंग बुलाने के बाद उसको जिम्मेदारी सौंपी कि आप एक ट्विट कर दो जी और इस ट्वीट में क्या लिखा था कि सुन्दर लाल बहुगुणा जी को भारत रत्न देना रेवड़ी बांटने के समान है। ये मानसिकता है भाजपा वालों की। ये आन्दोलनकारियों को पसंद

नहीं करते, ये आन्दोलनकारियों को लगातार नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं और ये अपमान सिर्फ बहुगुणा जी का नहीं हैं, पूरे उत्तराखंड के लोगों का अपमान है। पूरे पहाड़ के रहने वाले, उत्तराखंड में रहने वाले ईमानदारी से जिस तरीके से उत्तरखंड में जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वाले, उन सारे उत्तरखंड के लोगों का, उन आन्दोलनकारियों का अपमान है और ये सारी कार्यवाही करने के बाद आनन-फानन में इन्होंने एक ट्विट किया, उसके बाद जिस तरीके से ये लगातार आन्दोलनकारियों को दबाने की कोशिश करते हैं। पहले उन्होंने हमारे किसान जो बैठे हुए हैं, कोई भी मुद्दा उठे तो उसे लगातार क्रश करने की भाजपा की आदत है। उन्होंने जिस तरीके से एक किसान आन्दोलन उठा, उसको उन्होंने इसी तरीके से क्रश कर दिया आनन'-फानन में और जिस तरीके से उन्होंने अनर्गल बात करके, जिस तरीके से किसानों के इश्यू को deviate करने की कोशिश की, उसी सुनियोजित तरीके से इस मुद्दे को भी उन्होंने deviate करने की कोशिश की और ये भी सुनने में आया है कि जिन भाजपा के नेता ने यह ट्वीट किया उनको प्रमोशन दे दी गई हैं। उनको प्रमोशन दे दी गयी है तो बहुत शर्म की बात है।

माननीय अध्यक्षः प्रवीण जी कंक्लूड करिये अब प्रवीण जी कंक्लूड करिये प्लीज।

श्री प्रवीण कुमारः जी जी जी, तो उत्तरखंड में लगातार जिस तरीके से असलियत में यह जिम्मेदारी किसकी बनती है। बहुगुणा जी उत्तरखंड की बहुत जानी मानी हस्ति थे। असलियत में उत्तरखंड की सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि उत्तरखंड के बहुगुणा जी को वो पूरा सम्मान दिलाए। लेकिन, उत्तरखंड

में जिस तरीके के सरकार चल रही है। उत्तरखंड में जिस तरह की सरकार चल रही है, वो लगातार मुख्यमंत्री बदलने की सरकार चल रही है और सत्ता की बंदरवाट की सरकार चल रही है।

वो चाहते हैं कि एक बार कांग्रेस आ जाए, एक बार बीजेपी आ जाए और लगातार तीन मुख्यमंत्री उत्तराखंड में वो लोग बदल चुके। तो जिस तरीके की गंदी राजनीति उत्तराखंड में यहां पर भाजपा द्वारा की जा रही है इसकी कठोर निंदा और मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन भाजपा लगातार इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। राजनीति करना है भाजपा को तो हम उत्तराखंड में जा रहे हैं, राजनीति करें। जिस तरीके से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने उत्तराखंड में 300 यूनिट का बिजली का ऐलान किया है, इस पर राजनीति करे, इस पर भाजपा वालों की पूरी हालत खराब है।

माननीय अध्यक्षः प्रवीण जी, अब कंक्लूड करिए प्लीज। प्रवीण जी, अब कंक्लूड करिए।

श्री प्रवीण कुमारः कंक्लूड कर रहा हूं सर, अभी तो इन्हें भी कंक्लूड करना है।

माननीय अध्यक्षः मैं टोक रहा हूं न उनको, मैं दो बार टोक चुका हूं।

श्री प्रवीण कुमारः अभी तो इन्हीं को कंक्लूड करना है अध्यक्ष महोदय। इसके बाद माननीय उप मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि बहुगुणा जी कोई ऐसा नहीं कि पुरस्कार पाकर या पुरस्कार पाने की उनकी कोई इच्छा है। भारत रत्न देकर बहुगुणा जी का मान नहीं बढ़ेगा बल्कि भारत रत्न का मान बढ़ेगा। ऐसे लोगों को भारत रत्न मिलेगा तो भारत रत्न की वैल्यू

और भारत रत्न वाली पोजिशन की अहमियत बढ़ेगी। अध्यक्ष महोदय, ऐसा डिप्टी सीएम ने अपने वक्तव्य में बताया और जिस तरीके से भावना गौड़ जी ने अभी अपना वक्तव्य रखा इसका मैं पूरा समर्थन करता हूं और जिस तरीके से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने बहुगुणा जी को भारत रत्न दिलवाने की मांग की है इसका मैं समर्थन करता हूं और इस बात को पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं क्योंकि मैं अरविंद केजरीवाल जी के इतने सालों से काम देखता आया हूं और जो वो कहते हैं वो करते हैं। इसलिए मेरे को एक फिल्म का डायलॉग याद आ रहा है कि अगर मैं एक बार कमिटमेंट कर दूं तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता। तो इसलिए अरविंद केजरीवाल जी बहुगुणा जी को भारत रत्न दिलवाकर रहेंगे ये मेरा पूरा विश्वास है। अब देखते हैं भाजपा क्या करती है, देखते हैं प्रधानमंत्री क्या करते हैं इस पर।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद। श्री संजीव झा जी। संजीव जी संक्षेप में रखिएगा प्लीज।

श्री संजीव झाः बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष महोदय कि आपने मुझे इस चर्चा में भाग लेने का मौका दिया। जैसाकि बाकी साथी बता रहे हैं बहुत विस्तार में चर्चा हुई कि स्वर्गीय सुंदर लाल बहुगुणा किस शख्सियत के मालिक थे। अभी हाल में ही उनका निधन हुआ है और उनके निधन पर मैं हाउस में अपनी श्रद्धांजलि भी उनको अर्पित करता हूं और मुझे लगता है कि उनके निधन के बाद दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरण संरक्षक को हम सबने खोया है। विस्तार से चर्चा हुई है कि उनका क्या योगदान है, किस तरह से उन्होंने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया, किस तरह से उन्होंने आंदोलन को आगे बढ़ाया,

किसने प्रकृति को संरक्षण किया। चिपको आंदोलन की बात हमारे बहुत सारे साथियों ने की और मुझे लगता है कि चिपको आंदोलन अपने आप में बहुत अनूठा उदाहरण था। किस तरह से गांधीवादी तरीके से पेड़ों को बचाया जाए और मुझे लगता है कि पहली बार चिपको आंदोलन के जरिए महिलाओं को भी इसमें सम्मिलित करने की कोशिश की गई। मुझे याद है कि गौरा देवी जी के नेतृत्व में अपनी जान की बाजी लगाकर चिपको आंदोलन के जरिए पेड़ों की रक्षा की गई थी और उसके बाद ही न केवल तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पेड़ों की कटाई को बंद किया था बल्कि वन संरक्षण अधिनियम की शुरूआत भी वहीं से हुई थी, वन विभाग का अलग से निर्माण किया गया था। तो मैं ये मानता हूं कि उन्होंने हम सबको पर्यावरण के प्रति सचेत रखना और किस तरह से पर्यावरण अगर सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे उसके बारे में विस्तार से बताया। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन्होंने हमेशा प्रकृति की लड़ाई लड़ी वो इसी प्रकृति के अवसाद से उपजी एक बीमारी ने उनको लीन कर लिया। जब मैं पहले वेव में कोरोना को देख रहा था, सब लोग घर में थे ऐसा लग रहा था कि जब इंसान रो रहा है तो प्रकृति हंस रही है और जब हम खुश होते हैं तो प्रकृति रोती है। सुंदर लाल बहुगुणा जी हमेशा कहा करते थे कि मनुष्य और प्रकृति का संबंध मां-बेटे जैसा है। लेकिन जब हम आर्थिक लाभ के लिए जंगल का दहन करते हैं तो थोड़े समय के लिए लाभ तो जरूर होता है लेकिन उसका नुकसान बहुत ज्यादा होता है। हम सब लोग सोचते हैं, हम आने वाली जेनरेशन को क्या देंगे। तो हम ये आर्थिक भाग-दौड़ में आर्थिक विकास के 8म में हम लोग इतने आगे बढ़ गए हैं कि आने वाले जेनरेशन को हम हवा भी विषैली दे रहे हैं। आज बच्चा जन्म लेता है तो विषैली हवा ले रहा है।

तो मुझे लगता है कि जिस आंदोलन की शुरूआत आदरणीय सुंदर लाल बहुगुणा जी ने की, जिसकी चर्चा हमारे साथियों ने की। बहुत सारे अवाड्र्स से उनको नवाजा भी गया। अभी प्रवीण भाई भी कह रहे थे और जो रेजुलुशन अभी भावना दीदी ने लाया है मैं उनका समर्थन भी करता हूं और मैं ये मानता हूं कि आज भारत रत्न मिलने से उनकी शख्सियत और बड़ी हो जाएगी ऐसा नहीं है। भारत रत्न का भी सम्मान बढ़ेगा और साथ में उनके जरिए फिर इस जेनरेशन को प्रेरणा भी मिलेगी, आखिर लोग पढ़ेंगे कि बहुगुणा जी का काम क्या था। आखिर किस बात की लड़ाई लड़ी और आज जो चुनौती हमारे सामने है पर्यावरण को लेकर , प्रदूषण को लेकर उसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात का धन्यवाद आपको भी करता हूं कि आदरणीय बहुगुणा जी की प्रतिमा को यहां लगाया, मैं आदरणीय मुख्यमंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूं। मुझे लगता है कि एक अनूठी शुरूआत है। जब-जब हम बहुगुणा जी को देखेंगे, पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सबकी अपनी जिम्मेदारी के प्रति हम सब लोग और दृढ़ता से आगे बढ़ेंगे। लेकिन जब इस पर राजनीति होने लगती है तो बहुत बुरा लगता है। जैसा प्रवीण भाई कह रहे थे कि भाजपा के साथी कह रहे हैं कि रेवड़ी जैसा बांटा जा रहा है। या तो आपको आदरणीय बहुगुणा जी की शख्सियत का अंदाजा नहीं है या आप समाज के प्रति जिम्मेदार नहीं है या आप बहुत बड़े अंहकारी हो गए हैं। अगर आपको बहुगुणा जी की जो लड़ाई थी उसका रत्ती भर भी अहसास होता तो कम से कम इतना गैर जिम्मेदार बयान आप नहीं देते। तो मुझे ये लगता है कि अपने आप में और अगर मान लीजिए कि उनको भारत रत्न देना राजनीति है तो आप कर लीजिए, मौका तो आपके पास है। क्यों नहीं फायदा उठाते आप? लेकिन आपका ये गैर

जिम्मेदाराना बयान दर्शाता है कि आप में संवेदनशीलता कितनी है। तो कम से कम जिस शख्स ने इस समाज के लिए, देश के लिए, पर्यावरण के लिए अपनी जिंदगी लगा दी, उसके लिए इतनी छोटी बातें, इतनी ओछी बातें नहीं होनी चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं अपने विपक्ष के साथियों से भी कि आज बहुगुणा जी की जो लड़ाई रही है, बहुगुणा जी का जो त्याग रहा है, उनका जो समर्पण रहा है प्रकृति के लिए, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जो काम किया, वो हम सबके लिए प्रेरणा भी है और सीख भी है। तो मैं उम्मीद करता हूं कि आज भावना जी जो प्रस्ताव लायी हैं मैं तो समर्थन करता ही हूं विपक्ष भी राजनीति से ऊपर उठकर के इस प्रस्ताव के साथ होंगे और आदरणीय बहुगुणा जी को भारत रत्न का जो प्रस्ताव पेश किया गया है वो उनको दिया जाए। मैं इस मांग के साथ और प्रस्ताव के साथ अपना समर्थन जताता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्षः धन्यवाद संजीव जी। शिवचरण गोयल जी।

श्री शिव चरण गोयलः धन्यवाद अध्यक्ष जी, जो आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। स्वर्गीय सुंदर लाल बहुगुणा जी जिनकी अभी पूरी चर्चा हुई। 21 मई 2021 को हमारे बीच में कोरोना महामारी की वजह से हमारे बीच में नहीं रहे हैं। जिनका योगदान 94 साल तक हमारे आजादी से पहले और अब तक, आजादी में भी योगदान था, उसके बाद भी वो अपने कार्यक्षेत्र में लगे रहे। पर्यावरण से संबधित जिस समस्या से आज पूरा संसार जूझ रहा है उन्होंने 52 साल पहले ही उसका अहसास कर लिया था कि हमें पूरे वन्य जीवन को बचाना है और वो 1970 से जो चिपको आंदोलन जिसकी जागृति पूरे संसार में प्रथम बार किसी महान दार्शनिक ने की, वो सुंदर लाल बहुगुणा जी जिन्होंने महिलाओं का साथ लेकर पेड़ों के साथ उसको संरक्षण देकर पूरे

संसार में एक मैसेज दिया और आज तक हम कहीं न कहीं उस पर्यावरण की वजह से जो उन्होंने मार्गदर्शन दिखाया, उसका अनुसरण करते हुए और ये टिहरी बांध जो इतना लंबा आंदोलन चला उसके पूरे मार्गदर्शक रहे। 1971 में शराब की दुकान खोलने को रोकने के लिए 16 दिन तक अनशन किया। 1986 में जमना लाल बजाज पुरस्कार से और 2009 में पद्म विभूषण पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया। मैं तो इतना ही कहूंगा कि स्वर्गीय सुंदर लाल बहुगुणा का निधन हमारे लिए हमारे देश के लिए बहुत बड़ी क्षति थी। जिन्होंने इतना बड़ा मार्गदर्शन दिया, जिन्होंने प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के लिए हमारे सदियों पुराने लोकाचार को प्रकट किया, उनकी सादगी और करूणा की भावना को कभी भुलाया नहीं जा सकता और सारी बातें विस्तार में हो चुकी है। मुझे इतना ही कहना है कि जो हमारी बहन भावना जी ने प्रस्ताव रखा है भारत रत्न का, मैं उसका समर्थन करता हूं और जो भाजपा इस पर अपनी राजनीति कर रही है, ये राजनीति से प्रेरित होकर इसमें राजनीति न करके हमें एक मंच पर आकर इसका समर्थन करना चाहिए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया बहुत-बहुत शुक्रिया, बहुत-बहुत धन्यवाद आपका।

माननीय अध्यक्षः श्रीमान रामवीर सिंह बिधूड़ी जी।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (माननीय नेता, प्रतिपक्ष): माननीय अध्यक्ष जी, हमारी बहन माननीय भावना गौड़ श्री सुंदर लाल बहुगुणा जी को पर्यावरण के क्षेत्र में उनके असाधारण महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारत रत्न उनको दिया जाए ऐसा प्रस्ताव वो लाई हैं। इस पर तो पूरा सदन एकमत है उस पर कोई दोराय हो नहीं सकती आदरणीय अध्यक्ष जी। उनके बारे में जो कुछ हमारी बहन ने कहा है भावना जी ने मैं उसको रिपीट नहीं करना चाहता।

1949 में स्वर्गीय बहुगुणा जी ने दलित छात्रों के उत्थान के लिए कार्य शुरु किया। उनके प्रयासों से दलित छात्रों के लिए हॉस्टल बनाए गए और माननीय अध्यक्ष जी आज हम उनको याद कर रहे हैं इस बात को लेकर भी हमको खुशी है कि उनके प्रयासों से दलितों को मंदिरों में दर्शन करने का, प्रवेश करने का भी अवसर उनके प्रयासों की बदौलत मिला। स्वर्गीय बहुगुणा जी को 'पर्यावरण गांधी' के नाम से भी लोग जानते हैं। भावना जी ने बताया कि उनको अनेक अवाड्र्स दिये गए। मुझे लगता है कि एक अमेरिका की संस्था है "Friend of Nature" नाम की जो संस्था है उसने 1980 में उनको सम्मानित किया ये हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। माननीय अध्यक्ष जी मैं सुझाव के तौर पर एक बात जरूर कहना चाहूंगा क्योंकि Hon'ble Chief Minister यहां बैठे हुए हैं, क्योंकि ये माननीय बहुगुणा जी 1971 में 17 दिन तक कोई नई शराब की दुकान न खोली जाए उसके विरोध में अनशन पर बैठे रहे। मैं चाहूंगा कि ये सदन आज सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करे और स्वर्गीय बहुगुणा जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि आज हम इस हाउस में इस बात की शपथ लें और दिल्ली की सरकार दिल्ली के Hon'ble Chief Minister यह घोषणा करें कि अब हम दिल्ली में कोई नई शराब की दुकान नहीं खोलेंगे इस दिल्ली को हम शराब की नगरी नहीं बनने देंगे तो ये स्वर्गीय बहुगुणा जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और अंत में मैं एक बात कहते हुए सुझाव के तौर पर उसको दूसरी तरह से न लें। xxxxxxx[2]

मननीय अध्यक्षः ये कोविड वाला विषय हटा दें जितना बोला है बिधूड़ी जी ने कार्यवाही से हटा दें। बिधूड़ी जी नहीं।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः xxxxxxx[2]

मननीय अध्यक्षः मैं अलाउ नहीं कर रहा हूं। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने माना।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः मैं कहता हूं उनके प्रति बड़ी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मननीय अध्यक्षः मैं इस पर कोई ...

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः xxxxxxx[2]

मननीय अध्यक्षः ये हटा दीजिए।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः xxxxxxx[2]

मननीय अध्यक्षः जितना बोल रहे हैं वो हटा दीजिए।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः xxxxxxxx अंत में आदरणीय अध्यक्ष जी चूंकि ये प्रस्ताव आया है इतने महान पर्यावरणविद को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और सदन के इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मननीय अध्यक्षः धन्यवाद। माननीय मुख्यमंत्री जी चर्चा का उत्तर देंगे।

माननीय मुख्यमंत्री (श्री अरविंद केजरीवाल): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि पिछले 5-7 साल से जब से हम लोग राजनीति में आए हैं, जब से दिल्ली में सरकार बनी है और जब से इस हाउस में आना हुआ है, इस हाउस में इतने सारे प्रस्ताव आए, इतने सारे रिजोल्युशन आए लेकिन ये एक ऐसा रिजोल्युशन है जिसके ऊपर बात करते हुए, बोलते हुए बहुत गर्व

---

2. xxxxxxxxxxx चिन्हित अंश अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार सदन की कार्यवाही से निकाले गए।

महसूस हो रहा है और बहुत अच्छा लग रहा है। आज हम एक ऐसी महान शख्सियत की बात कर रहे हैं जो एक बहुत विजनरी लीडर था। 1960-1970 के दशक में कौन पर्यावरण की बात करता था। कोई पर्यावरण की बात नहीं करता था, कोई पेड़ों की बात नहीं करता था। उन दिनों में उस वक्त उन्होंने एक ऐसा विजन दिया, न केवल अपने देश को बल्कि पूरी दुनिया को कि अगर हमने अपने पर्यावरण को बचाकर नहीं रखा, अगर हमने अपने जल, जंगल, जमीन को बचाकर नहीं रखा, अपनी नदियों को बचाकर नहीं रखा, अपने पेड़ों को बचाकर नहीं रखा और अगर हमने अपने जीवन को पर्यावरण के साथ समन्वय करके नहीं ढ़ाला तो ये सृष्टि नहीं बचेगी। ये विजन उन्होंने उस वक्त दिया था जब कोई इसके बारे में चर्चा भी नहीं करता था इतने बड़े विजनरी लीडर थे सुंदरलाल बहुगुणा जी। जैसा भावना जी ने अभी उनके सारे जीवन के बारे में बताया मात्र 13 साल की उम्र में उन्होंने सामाजिक काम करना शुरु कर दिया था। 13 साल की उम्र में तो हम आठवीं-नौंवी क्लास में हुआ करते थे हमें शायद कुछ ज्यादा जानकारी भी नहीं होती होगी। 13 साल की उम्र में उन्होंने सामाजिक जीवन शुरु कर दिया और बचपन से ही उन्होंने जो दलितों के खिलाफ छूआछूत होती है उसके खिलाफ उन्होंने संघर्ष शुरु किया। दलितों के लिए उन्होंने हॉस्टल्स बनवाये। जैसे बाबा साहब अंबेडकर ने दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलवाने के लिए संघर्ष किया था वैसे ही बहुगुणा जी ने भी दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलाने के लिए वो आजीवन संघर्ष करते रहे। नशाबंदी के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया। कई सारी शराब की दुकानें बंद करवाईं। महिलाओं को इसके लिए एकत्रित किया और नशे के खिलाफ समाज के अंदर काफी उन्होंने प्रचार-प्रसार किया। आजादी की लड़ाई में उन्होंने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। हमारे जो आजादी के

दीवाने थे उनके साथ मिलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी और गांधीवादी जीवन उन्होंने बिताया। जैसा की इन्होंने बताया भावना जी ने की जो शादी उनकी हुई थी उन्होंने विमला जी के सामने एक शर्त रखी, होने वाली पत्नी के सामने कि मैं तभी शादी करूंगा अगर आजीवन तुम मेरे साथ ग्रामीण इलाके में रहोगी और आश्रम में रहोगी। हमारे यहां तो आजकल के जमाने में होता है कि एक मर्सडरीज देगी अगर तभी शादी करूंगा और एक बड़ा घर देगी, उन्होंने कहा कि मेरे साथ गांव में रहेगी और आश्रम में रहेगी तभी मैं शादी करूंगा। उनके चिपको आंदोलन के बारे में हम सब लोग जानते हैं। गांव-गांव में 5000 किलोमीटर की यात्रा उन्होंने की। उनके पूरे जीवन से कई पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है, उनके जीवन से भी और उनके जीवन के संदेश से भी। मुझे बेहद खुशी है कि इसी विधानसभा ने अभी कुछ दिन पहले उनको और उनके परिवार को बुलाकर सम्मानित किया था और उनके पोट्रेट को शायद पूरे देश में ये अकेली विधानसभा है जब मरणोपरांत उनके पोट्रेट को इस विधानसभा में स्थापित किया गया है। हमने उनके पूरे परिवार को बुलाकर सम्मानित किया। आज हालांकि दिल्ली विधानसभा ये प्रस्ताव पारित कर रही है लेकिन मैं समझ सकता हूं कि ये भावना और ये डिमांड पूरे देश की है। आज ये विधानसभा जो प्रस्ताव पारित कर रही है ये मांग पूरे देश की है और ये चाहत पूरे देश की है कि सुंदरलाल बहुगुणा जी जैसी महान शख्सियत को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। वैसे मैं तो समझता हूं कि भारत रत्न सम्मानित होगा अगर उन्हें भारत रत्न दिया जाता है तो और हमारे देश में परंपरा ये हो गई है कि किसी के मरणोपरांत हम देते हैं, हमें उनकी याद आती है। बहुत अच्छा होता अगर वो जीवित होते और जीवित रहते हुए अगर हम उन्हें भारत रत्न देते। मैंने इस सिलसिले में

प्रधानमंत्री जी को भी पत्र लिखा है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। मुझे बेहद खुशी है कि आज पूरा हाउस सभी पार्टियां मिलकर चाहे विपक्ष हो, पक्ष हो सभी मिलकर एक आवाज में युनेनिमस ये रिजोल्युशन पास कर रहे हैं तो मैं पूरी उम्मीद करता हूं कि केन्द्र सरकार देश के लोगों की इस भावना के अनुसार उन्हें भारत रत्न जरूर देगी। एक छोटा सा मैं रिजोल्युशन में चेंज प्रस्तावित कर रहा हूं इसमें लिखा है for his contribution in the field of environment' मुझे लगता है उन्होंने जिंदगी में बहुत सारे contribution किए हैं तो केवल environment तक उनका सीमित न हो हम ये लिख दें for his enormous and significant contribution' बस सिर्फ environment की बजाय सब चीजों में उनका... तो मैं इस प्रस्ताव का तहे दिल से समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि उन्हें भारत रत्न जरूर मिलेगा।

मननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यगण भावना गौड जी द्वारा प्रस्तुत ये प्रस्ताव जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने संशोधन रखा है उसके साथ सदन के सामने हैं

जो इसके पक्ष में है, वो हां कहें,

जो इसके विरोध में है, ना कहे,

(सदस्यों के हाँ कहने पर)

हाँ पक्ष जीता, हाँ पक्ष जीता

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ

माननीय सदस्यगण मैं याद दिलाना चाह रहा हूं कल 30 जुलाई 11 बजे सदन आरंभ होगा। अब सदन नियमित रूप से 11 बजे जब भी सेशन होगा 11 बजे हुआ करेगा। अब से पहले 280 के लिए व्यवस्था थी कि हम माननीय

सदस्यों को ड्रॉ के लिए 9 बजे आना पड़ता था जिस दिन 280 लगते थे उससे अगले दिन अब से ये व्यवस्था बदल रहे हैं आज 280 के ड्रॉ जो कल लगने हैं वो अभी आप आए हैं यहां दोबारा नहीं आना पड़ेगा तो आज ही शाम को अभी आधा घंटे बाद सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद ड्रॉ होंगे और इसमें आप देख लें दिलीप पांडे जी इधर से विपक्ष की ओर से जो भी जाए वो देख लें यह थोड़ी जानकारी मैं देना चाह रहा हूं। मैं धन्यवाद भी कर रहा हूं माननीय सदस्यों का आज थोड़ा सा मैं नाराज भी हुआ मेरी भावनाएं थी उसके लिए सदन से माफी चाहता हूं। अब सदन की कार्यवाही 30 जुलाई, 2021 को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है बहुत-बहुत धन्यवाद जय हिन्द।

...समाप्त...

© दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 18 (2) के उपबंधों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 281 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित तथा ग्राफिक प्रिंटर्स, 2965 /41, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली-110 005 द्वारा मुद्रित।